4 रायपुर संभाग
पुलिस ने अवैध रूप से डंप किया गया भारी मात्रा में शराब...

6 अभिमत
मोदी की लाओस यात्रा भारत-आसियान सम्मेलन

09 शिक्षा एंव स्वास्थ्य
सांसद बृजमोहन ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र...

10 संस्कारधानी
निकाय चुनाव के लिए रिपोर्ट तैयार करेंगे प्रभारी...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 15 अक्टूबर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-55 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक 16 अक्टूबर को

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 16 अक्टूबर को



राज्य कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक होगी। यह बैठक मंत्रालय में सुबह 11 बजे से शुरू होगी, जिसमें राज्य के किसानों, सरकारी कर्मचारियों और युवाओं की निगाहें टिकी होंगी। कैबिनेट की पिछली बैठक 20 सितंबर को हुई थी, जिसके बाद मंत्रियों की व्यस्तता के कारण इस महीने की शुरुआत में प्रस्तावित बैठक स्थगित हो गई थी। अब यह बैठक 16 अक्टूबर को होने जा रही है, जिसमें कई अहम मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है।

### सेना प्रमुख जापान की चार दिन की यात्रा पर

**नयी दिल्ली।** थल सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी भारत और जापान के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक



महत्वपूर्ण कदम के तहत जापान की चार दिन की यात्रा पर रवाना हो गये। सेना के प्रवक्ता ने बताया कि जनरल द्विवेदी सोमवार को जापान में भारतीय राजदूत सिबी जॉर्ज के साथ बातचीत करेंगे और उसके बाद टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास में भारत-जापान संबंधों पर चर्चा में शामिल होंगे। मंगलवार को वह इचिगया में रक्षा मंत्रालय में जापान के वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व के साथ बातचीत में शामिल होंगे।

### कानपुर में सड़क हादसे में चार इंजीनियरिंग छात्रों समेत पांच मरे

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश में कानपुर जिले के संचेडी क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसे में चार इंजीनियरिंग छात्रों समेत पांच लोगों की मृत्यु हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पनकी भौती बाईपास के पास सुबह करीब नौ बजे यह हादसा उस समय हुआ जब तेज रफ्तार कार के आगे चल रहे एक डंपर ने अचानक ब्रेक लगा दिया और कार डंपर के पिछले भाग में जा घुसी, इस बीच कार के पीछे चल रहे सरिया लदे एक ट्रक ने कार को रौंद दिया और कार दो भारी वाहनों के बीच पिस गयी। उन्होने बताया कि इस हादसे में पीएसआईटी इंजीनियरिंग कालेज के तीन छात्र और एक छात्रा समेत पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। क्षत विक्षत शवों को कार काट कर निकालना पड़ा।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर भारत सरकार ने 8 सड़क खंडों के विकास के लिए स्वीकृत किए 892 करोड़ रुपए की मंजूरी

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ में आठ सड़क खंडों के विकास के लिए 892 करोड़ 36 लाख रुपए मंजूर किए हैं। इस राशि से राज्य के छह जिलों में करीब 324 किलोमीटर सड़कों के विकास और उन्नयन के कार्य किए जाएंगे। भारत सरकार ने राशि स्वीकृति का आदेश राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग के सचिव को भेजा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य में सड़कों के विकास के लिए इतनी बड़ी राशि देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को धन्यवाद दिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सीआरआईएफ से मंजूर की गई इस राशि के लिए भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य में सड़कों के निर्माण में केंद्र सरकार का लगातार सहयोग मिल रहा है। इस राशि से बेमेतरा, मुंगेली, राजनांदगांव, जशपुर, बिलासपुर और खैरागढ़ जिले में आठ सड़क खंडों का चौड़ीकरण, मजबूतीकरण और उन्नयन होगा। राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रदेश के छह जिलों में कुल 323.9 किलोमीटर सड़क खंडों के विकास के लिए इस साल 9 सितम्बर को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा गया था। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने विगत 30 सितम्बर को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव के साथ नई दिल्ली में हुई बैठक में इस प्रस्ताव पर सैद्धांतिक सहमति दी थी।

### पुरखों के दिखाए राह का अनुसरण हमारी जिम्मेदारी : मुख्यमंत्री साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय लैलूंगा में उरांव समाज द्वारा आयोजित करमा महोत्सव में कहा कि यह उत्सव ग्रामीण और वनांचल क्षेत्र में बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ



मनाया जाता है। क्षेत्र में कई प्रकार के करमा का आयोजन होता है। हमें हमारे पुरखों द्वारा दिखाए गए राह पर चलना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। हमें अपनी संस्कृति को साथ लेकर चलना है, जिससे आने वाली पीढ़ी हमारे सांस्कृतिक मूल्यों से परिचित हो सके। करमा महोत्सव में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल विशेष रूप से मौजूद थे। मुख्यमंत्री साय ने इस मौके पर लैलूंगा में सामाजिक भवन के निर्माण के लिए 49 लाख रूपए, लैलूंगा में स्टेडियम जीर्णोद्धार के लिए 40 लाख रूपए, बास्केटबाल कोर्ट निर्माण के लिए 20 लाख रूपए की घोषणा की और खम्हार पाकुट बांध से लैलूंगा में जलापूर्ति प्रोजेक्ट के निर्माण काम को शुरू कराए जाने की बात कही। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गहिरा गुरु की जन्मस्थली और कर्मस्थली में उरांव समाज द्वारा करमा महोत्सव के आयोजन की बधाई देते हुए कहा कि उरांव समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को तेजी से पूरा कर रही है। सरकार गठन के पश्चात 18 लाख पीएम आवास निर्माण को मंजूरी दी गई। केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश में 8 लाख 46 हजार आवास निर्माण की स्वीकृति दी गई है।

# पुलिसकर्मी के परिजनों की हत्या के विरोध में नगर बंद, आगजनी, हमला

पायनियर संवाददाता ✓ सूरजपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में प्रधान आरक्षक तालिब शेख की पत्नी और बेटी की निर्मम हत्या के विरोध में गुस्साई जनता सड़कों पर उतर आई और नगर बंद का ऐलान कर दिया। उग्र भीड़ ने मौके पर पहुंचे एसडीएम पर भी हमला कर दिया जो किसी प्रकार अपनी जान बचा कर पास के थाना में शरण ली। उग्र भीड़ के आक्रोश का शिकार इस घटना के आरोपी कुलदीप साहू बने जिनके घर में आग लगा दी गयी। कुलदीप के घर में लगी आग बुझाने फायरब्रिगेड मौके पर पहुंची, लेकिन आक्रोशित लोगों ने आग बुझाने से रोक दिया। इस बीच स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पहुंचे एसडीएम पर भी भीड़ ने हमला कर दिया, जिससे उन्हें भागकर अपनी जान बचानी पड़ी। बताया जाता है कि घटना की सूचना मिलते ही सूरजपुर के एसडीएम मौके पर पहुंचे और भीड़ से आग बुझाने की अपील की। लेकिन जनता का गुस्सा इतना था कि एसडीएम को पीटने लगे। किसी तरह एसडीएम अपनी जान बचाकर पुलिस स्टेशन तक पहुंचे। गौरतलब है कि घटना रविवार रात की है जब तालिब शेख ड्यूटी पर थे। घर लौटने पर उन्होंने पाया कि उनकी पत्नी मेहू फैज (38) और बेटी आलिया शेख (12) घर में नहीं थीं, जबकि घर में खून के छींटे चारों ओर फैले थे। उन्होंने तुरंत अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी और हत्यारों की खोजबीन शुरू की गई।

## ईडी ने कस्टम मिलिंग घोटाला में दाखिल की चार्जशीट

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रवर्तन निदेशालय ने छत्तीसगढ़ में हुए कस्टम मिलिंग घोटाले में बड़ी कार्रवाई करते हुए चार्जशीट दाखिल कर दी है। इस मामले में ईडी ने आईटीएस अधिकारी मनोज सोनी, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ (मार्कफेड) के तत्कालीन प्रबंध निदेशक, और छत्तीसगढ़ राज्य राइस मिलर एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर के खिलाफ अभियोजन शिकायत (पीसी) दर्ज की है। विशेष न्यायालय ने 5 अक्टूबर को इस शिकायत का संज्ञान लेते हुए आरोपियों पर आरोप तय करने के लिए मामले की सुनवाई 26 अक्टूबर को तय की है। ईडी की यह जांच आयकर विभाग, रायपुर द्वारा दर्ज एक पीसी के आधार पर शुरू की गई थी, जिसमें मनोज सोनी, रोशन चंद्राकर और अन्य पर आपराधिक साजिश और चावल मिलर्स से अवैध रूप से धन वसूलने के आरोप लगे थे। जांच में यह सामने आया कि खरीफ वर्ष 2021-2022 के दौरान राज्य सरकार ने चावल मिलर्स के लिए मिलने वाली प्रोत्साहन राशि को 40 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 120 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया था। इस बढ़ोतरी का फायदा उठाते हुए, मार्कफेड के अधिकारियों और जिलों के डीएमओ ने राइस मिलर एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ मिलकर मिलर्स से अवैध रूप से धन वसूलने की साजिश रची।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार आतिशी की मोदी से मुलाकात

पायनियर संवाददाता ✓ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से एक शिष्टाचार भेंट की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने तस्वीर साझा कर दोनों नेताओं की मुलाकात की जानकारी दी।

## पुलिस को मिली अमन साहू से पूछताछ के लिए 6 दिन की रिमांड

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रायपुर लाया गया है। सोमवार शाम 4 बजे उसे मजिस्ट्रेट भूपेश कुमार बसंत की कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे 6 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है, अब 19 अक्टूबर तक छत्तीसगढ़ पुलिस उससे पूछताछ करेगी। उसे झारखंड जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाया गया है। इस टीम में छत्तीसगढ़ से 10 और झारखंड की 30 से अधिक सशस्त्र पुलिस बल के जवान मौजूद थे। गैंगस्टर अमन साहू को रायपुर पहुंचने के बाद सीधे क्राइम ब्रांच के ऑफिस में रखा गया था, जहां सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए थे। पुलिस के अनुसार, उसे कोर्ट में पेश किया गया और रिमांड पर लिया गया है, ताकि उसके खिलाफ चल रहे मामलों में पूछताछ की जा सके। अमन साहू पर तेलीबांधा में कारोबारी के ऑफिस के बाहर शूटआउट करवाने का आरोप है।

## जम्मू-कश्मीर में पांच विधायकों को मनोनीत करने की शक्ति को चुनौती, सुप्रीम ने की याचिका खारिज

वार्ता ✓ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




उच्चतम न्यायालय ने जम्मू-कश्मीर में पांच विधायकों को मनोनीत करने की उपराज्यपाल की शक्ति चुनौती देने वाली याचिका खारिज करते हुए याचिकाकर्ता से उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को कहा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति पी वी संजय कुमार की पीठ ने रविंदर कुमार शर्मा की याचिका पर कहा कि वह इस मामले पर विचार करने के लिए इच्छुक नहीं है। शीर्ष अदालत ने याचिका खारिज करते हुए कहा, कई मामलों में जहां (उच्च न्यायालय से पहले) हमने पहली बार विचार किया, हम देखते हैं कि कई चीजें छूट जाती हैं। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता को उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर करने से पहले जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय के समक्ष इस मामले में गुहार लगानी चाहिए। पीठ के समक्ष शर्मा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि गैर-निर्वाचित उपराज्यपाल की ओर से इस तरह की नियुक्ति (विधायकों की) से चुनावी फैसले पर असर पड़ सकता है। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा में 90 निर्वाचित सदस्य हैं।

## साजा विधायक ईश्वर साहू के पुत्र कृष्णा साहू के खिलाफ थाने में मारपीट और जातिगत गाली देने की शिकायत

पायनियर संवाददाता ✓ साजा
www.dailypioneer.com

साजा के विधायक ईश्वर साहू के पुत्र कृष्णा साहू विरुद्ध साजा थाने में मारपीट और गाली गलौज के साथ अपमानजनक जातिगत टिप्पणी करने की लिखित शिकायत की गई है। अधिकारियों ने लिखित शिकायत मिलने की पुष्टि भी की है। इस मामले में कलेक्टर को एक पत्र आदिवासी समाज की ओर से भी दिया गया है, जिसमें कार्यवाही नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। साजा थाने में यह शिकायत मनीष मंडावी ने की है। दी गई शिकायत के अनुसार बीते रविवार 13 अक्टूबर को ग्राम चेचानमेटा में दशहरा कार्यक्रम के दौरान रात 11 बजे मनीष का दोस्त राहुल और विधायक पुत्र कृष्णा साहू के बीच विवाद हो रहा था। जब मनीष ने बीच बचाव किया तो विधायक पुत्र ने जातिगत गाली-गलौज करते हुए हाथ के कड़े से मारा। आवेदन में आरोप है कि, मारपीट में विधायक पुत्र के साथ क़रीब दस लोग और शामिल थे जिन्होंने मनीष और उसके दोस्त राहुल से मारपीट की है। बेमेतरा एसपी रामकृष्ण साहू ने विधायक पुत्र के विरुद्ध लिखित शिकायत थाने में दिए जाने की पुष्टि की है। पुलिस शिकायत की जाँच कर रही है। इस मामले में आदिवासी समाज की ओर से कलेक्टर बेमेतरा को ज्ञापन सौंप कर कार्यवाही नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। आदिवासी गोंड समाज के अध्यक्ष की ओर से एसडीएम को दी गई शिकायत में यह आरोप लगाया है कि, टी आई साजा ने आदिवासी युवक से मारपीट के मामले में विधायक ईश्वर साहू के दबाव में रिपोर्ट दर्ज नहीं करने की बात कही।




### डब्ल्यूटीएसए 2024 देशों को 6जी, एआई, आईओटी, बिग डेटा, साइबर सुरक्षा

# पीएम मोदी करेंगे आईटीयू विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा 2024 व आईएमएसी 2024 का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ✓ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतमंडपम में अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा (डब्ल्यूटीएसए) 2024 और इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) के 8वें संस्करण का भी उदघाटन करेंगे। डब्ल्यूटीएसए, अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ, डिजिटल प्रौद्योगिकियों के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के मानकीकरण कार्य के लिए शासी सम्मेलन है, जो हर चार साल में आयोजित किया जाता है। यह पहली बार है कि आईटीयू-डब्ल्यूटीएसए का आयोजन भारत और एशिया-प्रशांत में किया जाएगा। यह एक महत्वपूर्ण वैश्विक कार्यक्रम है, जिसमें 190 से अधिक देशों के 3,000 से अधिक उद्योग जगत के नेता, नीति-निर्माता और तकनीकी विशेषज्ञ शामिल होंगे, जो दूरसंचार, डिजिटल और आईसीटी क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करेंगे। डब्ल्यूटीएसए 2024 देशों को 6जी, एआई, आईओटी, बिग डेटा, साइबर सुरक्षा आदि जैसी अगली पीढ़ी की महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के मानकों के भविष्य पर चर्चा करने और निर्णय लेने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। भारत में इस कार्यक्रम की मेजबानी करने से देश को वैश्विक दूरसंचार एजेंडे को आकार देने और भविष्य की प्रौद्योगिकियों के लिए दिशा निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अवसर मिलेगा। भारतीय स्टार्टअप और शोध संस्थान बौद्धिक संपदा अधिकार और मानक आवश्यक पेटेंट विकसित करने में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्राप्त करने के लिए तैयार हैं। इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 भारत के नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को प्रदर्शित करेगा, जहाँ अग्रणी दूरसंचार कंपनियाँ और इनोवेटर क्वांटम प्रौद्योगिकी और सर्कुलर इकोनॉमी में प्रगति को उजागर करेंगे, साथ ही 6जी, 5जी उपयोग-मामले के प्रदर्शन, क्लाउड और एज कंप्यूटिंग, आईओटी, सेमीकंडक्टर, साइबर सुरक्षा, ग्रीन टेक, सैटकॉम और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण पर भी प्रकाश डालेंगे। इंडिया मोबाइल कांग्रेस, एशिया का सबसे बड़ा डिजिटल प्रौद्योगिकी मंच, उद्योग, सरकार, शिक्षाविदों, स्टार्टअप और प्रौद्योगिकी और दूरसंचार पारिस्थितिकी तंत्र में अन्य प्रमुख हितधारकों के लिए अभिनव समाधान, सेवाओं और अत्याधुनिक उपयोग के मामलों को प्रदर्शित करने के लिए दुनिया भर में एक प्रसिद्ध मंच बन गया है। इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 में 400 से अधिक प्रदर्शक, लगभग 900 स्टार्टअप और 120 से अधिक देशों की भागीदारी प्रदर्शित होगी।

# हमारा मिशन भारत के युवाओं को प्रतिस्पर्धी परिदृश्य में सफलता के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना है: जयंत चौधरी

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ने कौशल भारत मिशन के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) में सहयोग और हैदराबाद, बेंगलुरु, जोधपुर, चेन्नई और कानपुर में स्थित राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (एनएसटीआई) में वर्चुअल रियलिटी (वीआर) और मिक्स्ड रियलिटी (एमआर) में 5 उत्कृष्टता केंद्रों (सीओई) की स्थापना के लिए मेटा के साथ साझेदारी की। इस साझेदारी पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने कहा कि मंत्रालय में हमारा मिशन भारत के युवाओं को आज के प्रतिस्पर्धी परिदृश्य में सफलता के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वर्चुअल रियलिटी और मिक्स्ड रियलिटी जैसी तकनीकों को कौशल भारत तंत्र में एकीकृत करके, हम देश के युवाओं के लिए व्यक्तिगत शिक्षण मार्ग को सक्षम करने वाली अत्याधुनिक तकनीकों तक पहुंच को लोकतांत्रिक बना रहे हैं। मेटा के साथ हमारी आज की साझेदारी इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस साझेदारी के तहत, मेटा के ओपन-सोर्स लामा मॉडल द्वारा संचालित एक अभिनव एआई-चैटबॉट विकसित किया जाएगा, जो स्किल इंडिया डिजिटल (एसआईडी) पोर्टल पर शिक्षार्थियों के अनुभव को बढ़ाएगा। एसआईडी पोर्टल में एकीकृत किया जाने वाला चैटबॉट उपयोगकर्ताओं को 24 घंटे सहायता प्रदान करता है, जिससे पाठ्यक्रम की जानकारी की खोज, पाठ्यक्रम सामग्री के लिए इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर और संशोधन के लिए व्याख्यान सारांश और प्रासंगिक वीडियो तक पहुंच संभव हो पाती है। व्हाट्सएप पर उपलब्ध, चैटबॉट अंग्रेजी, हिंदी और हिंग्लिश के साथ-साथ आवाज क्षमताओं को सक्षम बनाएगा, जिससे यह पूरे भारत में विभिन्न प्रकार के उपयोगकर्ताओं के लिए अधिक सुलभ हो जाएगा। इसके अलावा, उपयोगकर्ता विशिष्ट पाठ्यक्रम विषयों की खोज कर सकते हैं, कौशल केंद्रों के बारे में जानकारी पा सकते हैं, स्थान और रुचि के आधार पर नौकरियों का पता लगा सकते हैं और निरंतर सुधार के लिए अनुरूप प्रतिक्रिया प्राप्त कर सकते हैं।

चैटबॉट कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) को सटीक विश्लेषण भी प्रदान करेगा। एआई सहायक परियोजना के लिए तकनीकी भागीदार सर्वम एआई, चैटबॉट के विकास और प्रयोग के लिए जिम्मेदार होगा, जिसे छह महीने की अवधि में संचालित किया जाएगा। मेटा के ओपन-सोर्स एआई मॉडल भारत के एआई तंत्र को सुलभ बनाकर, यह भारत के एआई मिशन के अनुरूप बड़े पैमाने पर सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन को बढ़ावा देने वाले प्रभावशाली एआई समाधानों को अपनाने के लिए एक सहयोगी ई-गवर्नेंस ढांचे की परिकल्पना है। इसके अलावा यह कौशल विकास प्रशिक्षण संस्थानों में स्थापित 5 उत्कृष्टता केंद्रों में शिक्षार्थियों और प्रशिक्षकों को नवीनतम वीआर तकनीक से लैस करेंगे ताकि वे सुरक्षित, गहन और आकर्षक वातावरण में वर्तमान कौशल को बढ़ावा दे सकें। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) असिस्टेंट में सहयोग के लिए साझेदारी का उद्देश्य सूचना तक पहुंच को सुव्यवस्थित करना, सीखने के परिणामों में सुधार करना और छात्रों को सहज डिजिटल इंटरफ़ेस के माध्यम से निर्बाध सहायता प्रदान करना है। 5 उत्कृष्टता केंद्र वास्तविक सिमुलेशन प्रदान करने के साथ जुड़ाव में सुधार करेंगे और कौशल विकास प्रशिक्षण तक पहुंच बढ़ाएंगे।

## प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद की उपस्थिति में भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की



पायनियर संवाददाता < भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश प्रदेश चुनाव प्रबंधन की बैठक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद की उपस्थिति में भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में केन्द्रीय ससंदीय बोर्ड के सदस्य डॉ. सत्यनारायण जटिया, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेन्द्र शुक्ल, प्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, राकेश सिंह, प्रहलाद पटेल, नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा, अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष व सांसद माया नारोलिया, सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल एवं पूर्व मंत्री रामपाल सिंह भी उपस्थित रहे।

## विशेष अभियान 4.0 के कार्यान्वयन चरण के दौरान महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की उपलब्धियां



पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने अपने प्रशासनिक नियंत्रण के तहत सभी स्वायत्त निकायों सहित, पिछले तीन वर्षों में आयोजित विशेष अभियानों की तर्ज पर 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर, 2024 तक स्वच्छता में सुधार और लंबित संदर्भों के निपटान के लिए विशेष अभियान 4.0 को लागू करने के लिए प्रयास शुरू किए हैं और कार्य योजनाएं तैयार की हैं। स्वच्छता अभियान स्थलों की पहचान, कार्यालयों के स्थान प्रबंधन और सौंदर्यीकरण की योजना, स्क्रैप और अनावश्यक वस्तुओं की पहचान और जीएफआर के अनुसार उनके निपटान की प्रक्रिया, सांसदों, राज्य सरकारों से लंबित संदर्भ, अंतर-मंत्रालयी संदर्भ (कैबिनेट नोट्स), पीएमओ, 3 महीने से अधिक समय से लंबित संसदीय आश्वासन, लोक शिकायतें और अपील (सीपीजीआरएएमएस के साथ-साथ अन्य स्रोतों से प्राप्त शिकायतें), रिकॉर्ड प्रबंधन फाइलों की समीक्षा/रिकॉर्डिंग और फाइलों की छंटाई/ई-फाइलों को बंद करना जैसे लक्ष्यों की पहचान अभियान के प्रारंभिक चरण के दौरान पूरी कर ली गई है और पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। अभियान के वर्तमान कार्यान्वयन चरण (2 से 31 अक्टूबर, 2024) के दौरान मंत्रालय चिन्हित लंबित संदर्भों के निपटान के लिए ठोस प्रयास कर रहा है।

# केटी परनाइक ने चिंदांग पर्व की दी शुभकामनाएं

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) केटी परनाइक ने सोमवार को प्रदेशवासियों को विशेषकर सजोलंग समुदाय को उनके वार्षिक कृषि आधारित पर्व चिंदांग की पूर्व संध्या पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने उम्मीद जताई कि यह पर्व सभी के लिए अच्छी फसल, समृद्धि और खुशियाँ लेकर आएगा। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि अरुणाचल प्रदेश में कई आदिवासी जनजातियां रहती हैं। इनमें से प्रत्येक की अपनी अलग संस्कृति और जीवनशैली है। इन जनजातियों की अपनी अनूठी मान्यताएं और प्रथाएं हैं। इन्हें सदियों से संजोया और आगे बढ़ाया गया है। उनके त्यौहार समृद्ध, जीवंत इतिहास और परंपराओं की झलक पेश करते हैं। आदिवासी जनजातियों ने सावधानी से संरक्षित किया है। उन्होंने स्थानीय समुदायों से अपील की कि वे अपने त्योहार मनाते रहें, जिससे प्रकृति पूजा की उनकी प्राचीन परंपरा को बढ़ावा मिले और वे अपने तथा अपनी भावी पीढ़ी के लिए हरित पर्यावरण की रक्षा करने की महान प्रथा को कायम रखें। परनाइक ने कहा, इस खुशी के अवसर पर मैं अपने सजोलंग समुदाय के साथ मिलकर मानव जाति के कल्याण के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता हूं।

## हेमन्त सोरेन से ऐतिहासिक राजी पाड़हा जतरा समिति, मुड़मा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की



एजेंसी < रांची
www.dailypioneer.com

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड मंत्रालय में ऐतिहासिक राजी पाड़हा जतरा समिति, मुड़मा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने आगामी 18 एवं 19 अक्टूबर 2024 को राजकीय परंपरागत ऐतिहासिक पाड़हा जतरा समारोह (मुड़मा मेला) के अवसर पर आयोजित पूजा में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया। मौके पर ऐतिहासिक राजी पाड़हा जतरा समिति, मुड़मा के मुख्य संयोजक धर्मगुरू बंधन तिग्गा, अध्यक्ष जगराम उरांव उपस्थित थे।

## डिपो के लिये 30 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिमला में उचित मूल्य की दुकान (डिपो) आवंटित करने के लिये आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, श्रवण कुमार ने सोमवार को यह जानकारी दी । उन्होंने कहा, '' लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली' के अंतर्गत विकास खण्ड चौपाल की ग्राम पंचायत मकडोग के गांव मकडोग (चौथ), विकास खण्ड चौपाल की ग्राम पंचायत धनत के गांव कान्दल, शिमला शहर के वार्ड नं. चार अनाडेल के मकान नं. 108 तथा शिमला शहर के वार्ड नं. 16 जाखू में उचित मूल्य की दुकान आवंटित करने के लिये आवेदन आमंत्रित किये गये हैं, जिसे जमा करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है। उन्होंने बताया कि इच्छुक उम्मीदवार, संस्था, ग्राम पंचायत या सहकारी सभा इमरजिंग हिमाचलडाटएसपीडाटजीआवीडाटइन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कुमार ने बताया कि आवेदन करने के लिये न्यूनतम योग्यता दसवीं है। आवेदन प्रपत्र के साथ दसवीं का प्रमाण पत्र तथा अन्य उच्च शिक्षा प्रमाण पत्र, यदि शिक्षित बेरोजगार हैं, तो बेरोजगार प्रमाण पत्र, जिसमें परिवार का कोई भी सदस्य नियमित नियोजन में नहीं है।

## जनादेश से नहीं मशीन की गडबड़ी से हरियाणा में भाजपा ने जीता चुनाव: पवन

**मंडी।** कांग्रेस प्रदेश महासचिव पवन ठाकुर का दावा है कि हरियाणा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी जनता के जनदेश से नहीं बल्कि मशीन की गडबड़ी से चुनाव जीता है। ठाकुर ने यह आरोप सोमवार को यहां आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान लगाए। न्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा की सरकार से कोई भी वर्ग खुश नहीं था। फिर भाजपा को किसने वोट दिए, जबकि कांग्रेस का इन चुनावों में मत प्रतिशत 13 प्रतिशत बढ़ा है। उन्होंने कहा कि ईवीएम में गडबड़ी कर भाजपा चुनाव जीती है। कांग्रेस मांग करती है कि ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से चुनाव करवाए जाएं। वहीं इस मौके पर ठाकुर ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को घेरते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अगर अपने आप को सच में हिमाचल का हितैषी मानते हैं तो केंद्र से प्रदेश के हकों की आवाज उठाएं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि आज केंद्र सरकार हिमाचल की कांग्रेस सरकार के साथ भेदभाव कर रही है। यहां तक की आपदा में भी केंद्र सरकार ने हिमाचल की मदद तक नहीं की, जबकि पड़ोसी राज्य उत्तराखंड ने स्पेशल राहत पैकेज दिया। इसके अलावा आज दिन तक कोई भी स्पेशल ग्रांट केंद्र ने हिमाचल को नहीं दी, उल्टा हिमाचल का जीएसटी का पैसा भी दबा लिया है।

## कुख्यात बदमाश से हथियारों का जखीरा बरामद

**माउंट आबू।** राजस्थान में पर्यटन स्थल माउंट आबू में पुलिस ने एक कुख्यात बदमाश सहित दो बदमाशों को गिरफ्तार करके उनसे अवैध हथियारों का जखीरा बरामद किया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि राहुल उसके साथी दीपेश को मारपीट एवं रंगदारी की धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उनसे पूछताछ के दौरान उन्होंने अवैध हथियार रखना कबूला। इस पर उनकी निशानदेही पर पुलिस दल ने उसके ठिकाने से चार पिस्तौल और 12 कारतूस बरामद किये। उन्होंने बताया कि राहुल के विरुद्ध कुल 12 मामले दर्ज हैं। राहुल लूटपाट, डकैती, अवैध वसूली करने का आदतन अपराधी है। उस पर आभूषण के शोरूम में डकैती करने और पुलिस पर गोलियां चलाने का मामला भी दर्ज है। उसके खिलाफ कर्नाटक के बंगलौर में शस्त्र अधिनियम के तहत एक एवं चितौड़गढ़ में एक मामला दर्ज है। दीपेश के विरुद्ध माउंट आबू थाने में विभिन्न धाराओं के तहत चार मुकदमें दर्ज हैं।

## उदयपुर में दो दिवसीय मीरा महोत्सव 16 अक्टूबर से

**उदयपुर।** राजस्थान के उदयपुर में मीरा-प्रकाश वर्मा फाउंडेशन के तत्वावधान में 16 अक्टूबर से 69वां मीरा महोत्सव मनाया जायेगा। फाउंडेशन के अध्यक्ष लव वर्मा ने सोमवार को यहां बताया कि दो दिवसीय महोत्सव के तहत विविध सांस्कृतिक आयोजन एवं प्रतियोगितायें होंगी। महोत्सव के दूसरे दिन समापन समारोह में उप-मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा मुख्य अतिथि के रूप में सान्निध्य प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि पिछले 68 वर्षों से यह संस्थान मीरा बाई के जीवन दर्शन, लोक कला के संरक्षण और कलाकारों को मंच प्रदान करने में अग्रणी रहा है। यह संस्थान उदयपुर का एकमात्र ऐसा केंद्र है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय संस्कृति की प्रासंगिकता को बनाये रखने के लिये कार्य कर चुका है।

# नारी सशक्तीकरण के लिए हर स्तर पर प्रयास हों: बागड़

एजेंसी < जयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा है कि नारी सशक्तिकरण के लिये हर स्तर पर प्रयास होने चाहिये।

बागड़े एक निजी होटल में 'महिला सुरक्षा मंच' द्वारा आयोजित 'नारी शक्ति 2024' पुरस्कार समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वही समाज तेजी से विकास की ओर आगे बढ़ता है, जिसमें नारी सशक्तिकरण के लिये कार्य होता है।

बच्चों को संस्कार और हिम्मत नारी शक्ति के रूप में मां ही देती है। बागड़े ने मातृ शक्ति को बच्चों की बौद्धिक क्षमता में वृद्धि करने वाली बताते हुये कहा कि महिलाओं को मन से मजबूत होना चाहिये। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, उद्यमिता, शिक्षा, चिकित्सा, अर्थव्यवस्था आदि विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को 'नारी शक्ति 2024' पुरस्कार प्रदान किये। बागड़े ने कहा कि महिलाओं को हमारे यहां देवी का रूप दिया गया है। वे शक्ति स्वरूपा हैं, इसलिये उन्हें हर स्थिति में निडर होना चाहिये। भारतीय परंपरा में कन्या पूजन की परम्परा आरंभ से रही है।

उन्होंने सनातन संस्कृति और नारी शक्ति की चर्चा करते हुये कहा कि नवरात्र शक्ति उपासना का ही पर्व है।

पर्वों के जरिये भारतीय संस्कृति को जीवित रखने का कार्य घर की महिलाओं ने ही किया हैं। केंद्र सरकार ने महिला आरक्षण बिल पारित करके महिलाओं को आगे बढ़ाने का ऐतिहासिक कार्य किया है। बागड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर देश में नारी सशक्तीकरण की दिशा में निरंतर कार्य किया गया है।

उन्होंने राजस्थान के सुदूर क्षेत्रों में हर घर जल और अन्य कार्यों से आये बदलाव की चर्चा करते हुये कहा कि महिलाओं की कठिनाइयों को दूर करने के साथ ही लखपति दीदी, महिला उद्यमिता के लिये निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। बागड़े ने समाज में महिला शिक्षा और उन्हें अवसर देने के लिये सभी स्तरों पर कार्य करने पर जोर दिया। इस अवसर पर जयपुर नगर निगम की महापौर सौम्या गुर्जर ने महिला शक्ति के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। आरंभ में 'महिला सुरक्षा मंच' की बबीता शर्मा ने सभी का स्वागत किया।


# डिपो के लिये 30 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिमला में उचित मूल्य की दुकान (डिपो) आवंटित करने के लिये आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, श्रवण कुमार ने सोमवार को यह जानकारी दी । उन्होंने कहा, '' लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली' के अंतर्गत विकास खण्ड चौपाल की ग्राम पंचायत मकडोग के गांव मकडोग (चौथ), विकास खण्ड चौपाल की ग्राम पंचायत धनत के गांव कान्दल, शिमला शहर के वार्ड नं. चार अनाडेल के मकान नं. 108 तथा शिमला शहर के वार्ड नं. 16 जाखू में उचित मूल्य की दुकान आवंटित करने के लिये आवेदन आमंत्रित किये गये हैं, जिसे जमा करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है।


# सड़क हादसे में युवक की मौत

**हिसार।** हरियाणा में हिसार जिला के उकलाना क्षेत्र के गांव साहू के पास रविवार देर रात एक कार के अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने से एक युवक की मौत हो गयी।

मृतक की पहचान गांव किनाला के साहिल (22) के रूप में हुई है। यह हादसा उस समय हुआ, जब साहिल गाड़ी में सवार होकर कैथल से अपने गांव किनाला आ रहा था। जब वह गांव साहू के पास पहुंचा, तो गाड़ी अचानक से बेकाबू हो गयी। गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े सीधे पेड़ से जा टकराई, जिस कारण गाड़ी पूरी तरह से दुर्घटनाग्रस्त हो गयी और साहिल गम्भीर रूप से घायल हो गया। साहिल को घायल अवस्था में इलाज के लिये उकलाना ले जाया गया, लेकिन उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुये हिसार रेफर कर दिया गया। उसके बाद परिजन घायल अवस्था में साहिल को हिसार लेकर गये, लेकिन घायल साहिल ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

# नदी में डूबे किशोर के शव को कडी मशक्कत के बाद निकाला

**उदयपुर।** राजस्थान में उदयपुर जिले के डबोक थाना क्षेत्र में बेडच नदी में डूबे एक किशोर के शव को कडी मशक्कत के बाद ढुंढ निकाला। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के नांदवेल गांव में अपने दोस्त के साथ नहाने गया 17 वर्षीय किशोर नहाते समय नदी में डूब गया था। सूचना पर पुलिस ने एसडीआरएफ एवं सिविल डिफेंस की टीम को बुलाकर रेस्क्यु ऑपरेशन चलाया था, लेकिन शाम तक किशोर का शव नहीं मिलने तथा रेस्क्यु बंद कर दिया था। सोमवार सुबह पुनः रेस्क्यू चलाया गया और कड़ी मशक्कत के बाद किशोर का शव ढूंढ निकाला।

## जरूरतमंदों और गरीबों की सेवा करने का सुअवसर है लोकसेवा: मंगुभाई

एजेंसी < भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि 'लोकसेवा' पात्र, जरूरतमंदों और गरीबों की सेवा करने का सुअवसर है। पटेल ने यहाँ नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय एकेडमीमें प्रशिक्षणाधीन राज्य प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर्स को संबोधित करते हुए कहा कि 'लोकसेवा' शब्द का अर्थ गहराई से समझें। जनता की सेवा के भाव को अपने मन में सदैव सबसे ऊपर रखें। सेवाकाल में ईमानदारी और निष्ठा से काम करने में ही जीवन की सार्थकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के गरीब कल्याण कार्यक्रमों को सफल बनाना लोक सेवकों की जिम्मेदारी है। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराना उनका मूल कर्तव्य है। अपने सेवाकाल में हमेशा बड़े-बुजुर्गों, दिव्यांगों और वंचितों के प्रति सम्मान और आदर का भाव रखें। उन्होंने कहा कि राज्य की सेवा करने के लिए प्रशासनिक तंत्र का अंग बनने का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है। प्रशिक्षु अधिकारी प्रशिक्षण से जुड़ी बातें, नियमों और अधिनियमों को बारीकी से सीखें। प्रदेश की सामाजिक, आर्थिक, भौगोलिक, चुनौतियों के अनुरूप समाधान का दृष्टिकोण अपनाए। उन्होंने प्रशासनिक अकादमी भोपाल द्वारा अधिकारियों को स्वच्छ और संवेदनशील लोक-सेवक बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन की सराहना की। राज्यपाल ने कहा कि मध्यप्रदेश जनजातीय बहुल राज्य है।

प्रदेश के समग्र विकास के लिए जनजाति वर्ग का विकास बहुत जरूरी है। प्रशिक्षु अधिकारी जनजाति समुदाय के प्रति हमेशा सरल, संवेदनशील और सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार रखें। उनके साथ आत्मीय, सीधा और जीवंत सम्पर्क बनाए। उन्हें विकास की मुख्यधारा में शामिल करने में अपना योगदान दें।

## प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम में दिशा का चयन

**रतलाम।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के 'प्रेरणा उत्सव' कार्यक्रम के तहत जापान में आयोजित होने वाले कौशल विकास कार्यक्रम में भारत का प्रतिनिधित्व करने में रतलाम निवासी दिशा फिरोदिया का चयन हुआ है।

रतलाम की बेटी दिशा पूरे मध्यप्रदेश में यह मुकाम हासिल करने वाली एकमात्र छात्रा है। दिशा के साथ चुने गए भारत के सभी प्रतिनिधि कौशल विकास कार्यक्रम के तहत जापान जाएंगे। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी को अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का एवं कौशल ज्ञान अर्जित करने का अवसर मिलेगा।

# हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश मंगलवार को खुलेगी

वार्ता < जयपुर
www.dailypioneer.com



हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (कंपनी) ने इक्विटी शेयरों की अपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ - ऑफर) खोलने का प्रस्ताव किया है। इस अवसर पर कंपनी ने यहां मीडिया को यह जानकारी देते हुए बताया कि कंपनी हुंडई मोटर समूह की अंग है, जो क्रिसिल रिपोर्ट के अनुसार कैलेंडर वर्ष 2023 में यात्री वाहन बिक्री के आधार पर दुनिया में तीसरी सबसे बड़ी ऑटो ओईएम थी। एंकर इन्वेस्टर बोली की तारीख बोली/ऑफर खुलने की तारीख से एक कार्य दिवस पहले है जो सोमवार है। बोली/ऑफर बंद होने की तारीख गुरुवार 17 अक्टूबर है। ऑफर का प्राइस बैंड 1865 रुपए प्रति इक्विटी शेयर से 1960 रुपए प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम सात इक्विटी शेयरों और उसके बाद सात इक्विटी शेयरों के गुणकों के लिए बोली लगाई जा सकती हैं। कंपनी के आईपीओ में हुंडई मोटर ('प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर') द्वारा 14 करोड़ 21 लाख 94 हजार 700 इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल शामिल है। कंपनी को इस प्रस्ताव से कोई आय ('प्रस्ताव आय') प्राप्त नहीं होगी। नेट क्यूआईबी पोर्शन का पांच प्रतिशत आनुपातिक आधार पर केवल म्यूचुअल फंड को आवंटित करने के लिए उपलब्ध होगा, बशर्ते ऑफर मूल्य पर या इससे ऊपर वैध बोलियां प्राप्त हों, और नेट क्यूआईबी हिस्से का शेष हिस्सा आनुपातिक आधार पर सभी क्यूआईबी (एंकर निवेशकों के अलावा) को आवंटित करने के लिए उपलब्ध होगा।

# 2 दिन के कार्यवाही के बाद शराब माफियाओ ने बदला पैटर्न खेत खलिहान पड़ोसी के घर पर रख रहें झिल्ली दारू

पायनियर संवाददाता ◂ गरियाबंद
www.dailypioneer.com


33 रुपए की जहरीली पाउच दारू 50 रुपए में रोजाना बिक रही 7 हजार पैकेट

सरगीबेहेली दहिगांव झाखरपारा कुमडई में बड़े माफिया

आबकारी सचिव आर संगीता से भी उम्मीद खत्म


मार्ग की तिथि समय की होती है जानकारी

अल्कोहल की मापक नहीं किडनी प्रॉब्लम की संभावना

लगातार उड़ीसा की झिल्ली पाउच दारू समाचार पत्रों में सुर्खियों बटोरने के बाद 2 दिन एसडीएम तहसीलदार आबकारी पुलिस की छुट मुठ कार्यवाही को देख शराब माफियाओं ने अपना पेटर्न बदलकर फिर से गांव गांव में झिल्ली पाउच दारू पहुंचाकर बेचना शुरू कर दिया है अब उड़िसा से झिल्ली पाउच सप्लाई करने वाले माफिया झिल्ली पाउच का जकीरा लाकर अपने पड़ोसी खेत खलियान गांव के नाटक घुमरा प्रतियोगित जैसे अन्य कार्यक्रम में रात के अंधेरे का फायदा उठाकर जोरो शोरो से बेच रहे हैं और अब तो दशहरा पर्व शुरु हो गया है ऐसे में उड़िसा का झिल्ली पाउच दारू 5 गुना बेची जाती है। खासकर झाखरपारा दहिगांव कुंमडई सरगीबहेली खुटगांव के एक एक शराब माफिया प्रति दिन पांच पांच हज़ार झिल्ली पाउच दारू खपाने का दावा किया जा रहा है। अभी यह मात्रा और बढ़ेगी क्योंकि मुंगझर लाटापारा बरेही जैसे बड़े बड़े गांव के दशहरा बाकी है बकायदा इन गांव के दशहरा को मद्दे नजर रखते शराब माफिया पहले से भारी मात्रा में झिल्ली पाउच दारू खपाने की तैयारी में है। जिससे लगभग आबकारी सहित तमाम जिम्मेदार अवगत भी है फिर भी ज़िम्मेदार अधिकारियों के हत्थे ऐसे बड़े झिल्ली पाउच दारू माफिया नही चढ़ पा रहे हैं, जबकि एसडीएम तहसीलदार पटवारी सहित आबकारी और पुलिस ने दिन रात गस्ती कर अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ कार्यवाही की मुहिम छेड़ा रहा मगर छापेमार कार्यवाही शीतल होने का इंतजार किए बिना ही झिल्ली पाउच दारू कारोबारी गांव गांव में पाउच दारू का जकिरा पहुंचा रहें हैं। कुछ झिल्ली पाउच दारू कारोबारी की माने तो जितना साल भर में पाउच दारू बेचते हैं उतना सिर्फ यह दशहरा सीजन में बेचा जाता है। शायद यही वजह है कि तरह तरह के पैंतरा अपनाकर अभी काफी मात्रा में झिल्ली पाउच दारू खपाया जा रहा है और इस दारू की डिमांड तो इतनी बड़ गई है की डुबिलेक्ट पाउच दारू बेचने की चर्चा है जिसका सीधा नुकसान मंदिरा प्रेमियों को शारीरिक तौर पर उठाना पड़ेगा।

### यह कार्यवाही के बाद शीतल


अवैध शराब की बिक्री को लेकर कलेक्टर दीपक अग्रवाल नाराजगी जाहिर करते अलग-अलग टीम गठित कर एसडीएम को सख़्त कार्यवाही के आदेश दिए। जिसके बाद स्थानीय प्रशासन सहित आबकारी पुलिस विभाग गंभीरता दिखाते जोरदार छापेमार कार्यवाही को अंजाम देते दिखे। इस बीच पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त छापेमार के दौरान 6, अक्टूबर को गोहरापदर के ढाबा संचालक पवन कुमार को किंग फिसर फ्रंट लाइन जैसे अन्य शराब की बिक्री करते रंगे हाथ पकड़ कर जेल भेज दिया। इसी तरह एसडीएम तुलसीदास ने भी पूरे दल बल के साथ देवभोग के मुख्यालय में बीते 8 अक्टूबर को देवभोग मुख्यालय पर 17 पोवा जब्त करते कार्यवाही को अंजाम दिया।

लेकिन तब से लेकर अभी तक कोई बड़ी सफलता हाथ नहीं आई क्योंकि ऐसी कार्यवाही की भनक पहले ही बड़े बड़े उड़िसा के झिल्ली पाउच सप्लायरो को भनक हो गई। उस दिन पाउच दारू उधर उधर रखकर अंडरग्राउंड हो गए और उसके दूसरे दिन से फिर अपना-अपना पेटर्न बदलकर झिल्ली पाउच दारू बेचने लगे।

### बड़ी कार्यवाही करने की दरकार

झिल्ली पाउच सहित अवैध शराब को रोकने के ठोस कार्यवाही करने की दरकार कुछ ग्रामीणों द्वारा बताई जाती ख़ासकर उन झिल्ली पाउच दारू कारोबारियों को उड़िसा धर्मगढ़ बेहरा हल्दी जैसे भट्टी से हजारों की संख्या में गांव गांव पहुंचाते है क्योंकि यह मुख्य कड़ी है गांव झिल्ली पाउच दारू कारोबारी के हालांकि ऐसे तमाम वस्तु स्तिथि आबकारी अधिकारी पूरी तरह अवगत हैं लेकिन बावजूद इसके ऐसे कोई भी बड़ा झिल्ली पाउच दारू माफिया कानून के शिकंजे पर नही देखने को मिल रहा है जबकि आबकारी विभाग की अच्छी खासी मुखबिर फैले होने की बात कही जाती हैं। इसके अलावा हल्दी बेहरा और धर्मगढ़ में समन्वय स्थापित कर नाके बंदी करते आसानी के साथ पकड़ा जा सकता है।

## आचार्य शांतिसागर महाराज का आचार्य पदारोहण दिवस मना



**रायपुर।** सम्पूर्ण भारत मे मनाए जा रहे 20 वी सदी के महान प्रथमचार्य आचार्य शांतिसागर महाराज के आचार्य पदारोहण दिवस पर प्रत्येक जिनालय में ध्वजा रोहन का कार्यक्रम के अंतर्गत सन्मति नगर दिगम्बर जैन मंदिर, फाफाडीह रायपुर में भी ध्वजा रोहन समाज के अध्यक्ष अरविंद बड़जात्या, सचिव सुरेश पाटनी, कोशाध्यक्ष पवन रारा एवं समाज के गण्यमान्य सदस्यो के द्वारा किया गया। विदित हो कि100 वर्ष होने के उपलक्ष्य में महान दिगम्बरचार्य शांतिसागर महाराज का यह वर्ष शताब्दी वर्ष के रूप में मनाने का सम्पूर्ण भारत वर्ष की जैन समाज ने निर्णय लिया है। आचार्य शांतिसागर महाराज के जीवन काल मे अनेक उपसर्ग आए, जिन्हें समता पूर्वक सहन करते हुए अपने शांतिसागर नाम को सार्थक किया। 18 सितंबर 1955 को प्रातः 6:50 बजे ओम सिधोहम का ध्यान करते हुए आचार्य ने नश्वर देह त्याग किया।

## स्कूल में शिक्षक नहीं होने से बच्चों के पढ़ाई की चिंता को लेकर पालक गण बैठे धरने पर



**सरायपाली।** सरायपाली विकास खंड के लिमाउगुड़ा में पालको ने शिक्षक की कमी को लेकर स्कूल में तालाबंदी कर दिया पालको का कहना हैं की लगातार वि,ख, शिक्षा अधिकारी के पास शिक्षक की कमी को लेकर 3 लिखित आवेदन दिया गया, लेकिन अभी तक शिक्षक की व्यवस्था नहीं की गयी। जिसके कारण पालकों ने ताले बंदी कर धरने पर बैठ गए। पालकगण व ग्रामीण कई बार वि, ख, शिक्षा अधिकारी को लिखित मांग पत्र दे चुके थे, लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिलता गया। ग्रामीणों में आक्रोश का कारण शिक्षा विभाग की लापरवाही हैं जहा शिक्षक के ना होने से उनके बच्चो के पढ़ाई में बाधा हो रहा हैं।

## दशहरा मैदान में रामलीला ने किया सम्पूर्ण रामायण का मंचन, नगर पालिका की व्यवस्था रही सराहनीय, आतिशबाजियों से आसमान रहा रंगीन

पायनियर संवाददाता ◂ भाटापारा
www.dailypioneer.com



आदर्श रामलीला नाटक मंडली भाटापारा के 105 वर्ष के दशहरा उत्सव कार्यक्रम रामलीला कार्यालय से राम लक्ष्मण हनुमान एवं अन्य पत्र सज धज कर रावण की गाड़ी में असुरों से संबंधित पत्र एवं भगवान श्री राम की गाड़ी में वानर दल बैठकर भाटापारा के प्रमुख मार्गो में घूमते हुए दशहरा मैदान रावण भाटा हथनी पर मैदान पहुंची पहुंची जहां दशहरा मैदान रावणभाटा में रामलीला के द्वारा संक्षेप में संपूर्ण रामायण के रामलीला का मंचन किया गया करीब 2 घंटे के इस मंचन में रामायण के प्रमुख घटनाओं को कलाकारों के द्वारा जीवंत मंचन किया गया। व्यासपीठ प्रमुख प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में एवं कलाकार कोमल शर्मा के शानदार प्रस्तुतियां के संवाद प्रक्रियाओं ने दर्शकों को बांधते हुए मंत्र मुक्त कर देने वालो प्रस्तुतियां दी। लगभग 20000 लोगों ने सजीव मंचन का अवलोकन किया, अपार जनसंख्या के बीच बाल कलाकारों के द्वारा अपनी अभिनय से एवं कोमल शर्मा के संवादों से जनता मंत्र मुग्ध एवं भाव विभोर होकर इस आयोजन को लगातार बिना हिले मोहित होकर देखती रही। इस बार के दशहरा मंचन को जनता के सभी वर्गो के द्वारा बहुत ज्यादा सराहा गया। नए-नए विभिन्न व्यवस्थाओं एवं अस्त्र शस्त्रों के सुसज्जित रामलीला के कलाकार अपना अभिनय कौशल दिखाते रहे।

### नगर पालिका ने दशहरा मैदान पर की शानदार सुव्यवस्थित व्यवस्था रखी

नगर पालिका परिषद भाटापारा के द्वारा दशहरा मैदान को शानदार तरीके से सजाया एवं व्यवस्थित किया गया। मंचन के दौरान लगातार आतिशबाजियों का दौर जारी रहा जो नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए एक कौतुक का विषय रहा। दशहरा मैदान के मंचन व्यवस्था से आम जनता बहुत प्रसन्नचित दिखाई दी एवं ऐसी व्यवस्था के लिए नगर पालिका परिषद को बहुत-बहुत बधाई मिली। आसमान रंगीन आतिश बाजियो से लगातार चमकता रहा अंत में भगवान श्री राम के द्वारा रावण के पुतले का दहन किया गया इस 2 घंटे में रामलीला सचिव कमल शर्मा की प्रस्तुति ने लोगों को मंत्र मुक्त कर दिया। व्यासपीठ प्रमुख प्रकाश शर्मा अध्यक्ष रामलीला नाटक मंडली की टीम ने उसमें ताल से ताल मिलाकर दर्शकों को बांधे रखा। आदर्श रामलीला नाटक मंडली ने नगर पालिका विभाग को व्यवस्था के लिए बहुत बहुत साधुवाद एवं आभार व्यक्त किया। वही भाटापारा विधायक इंद्र साव, नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता गुप्ता एवं भाजपा महामंत्री राकेश तिवारी ने अपने सम्बोधन में उपस्थित हजारों की जनसंख्या में जनता को दशहरा की बधाई दी एवं रावण दहन का कार्यक्रम हुआ।

## समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का की खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन 31 अक्टूबर तक

पायनियर संवाददाता ◂ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

खरीफ विपणन 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान और मक्का की खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन एक जुलाई से चल रहा है, जो 31 अक्टूबर तक चलेगा। पंजीयन के लिए सभी किसान अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सहकारी समिति प्रबंधक से संपर्क कर नया पंजीयन करा सकते हैं। खाद्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार खरीफ विपणन 2024-25 में नया पंजीयन, फसल, रकबा संशोधन एवं कैरी फारवर्ड हेतु 1 जुलाई 2024 से किसानों का पंजीयन प्रारंभ किया गया है। सभी किसान अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, समिति प्रबंधक से संपर्क कर नया पंजीयन, फसल, रकबा संशोधन एवं कैरी फारवर्ड शीघ्र पूर्ण करा सकते हैं एवं वारिसान पंजीयन हेतु तहसील कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं, ताकि धान विक्रय करने वाले किसान को कृषक उन्नति योजना का लाभ प्राप्त हो सके। कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रदेश के किसानों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने की दृष्टि से कृषक पंजीयन की प्रक्रिया के सरलीकरण हेतु एकीकृत किसान पोर्टल विकसित किया गया है। एकीकृत किसान पोर्टल के नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल और रकबे में संशोधन की कार्यवाही 31 अक्टूबर तक सहकारी समिति के माध्यम से पंजीयन की जाएगी। एकीकृत किसान पोर्टल में धान एवं मक्का उपार्जन योजना को भी सम्मिलित किया गया है। धान एवं मक्का कृषक को समर्थन मूल्य पर विक्रय करने हेतु एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। विगत खरीफ वर्ष 2023-24 में पंजीकृत किसानों को आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए पंजीकृत माना जाए एवं इसके लिए विगत खरीफ वर्ष 2023-24 में पंजीकृत किसानों की दर्ज भूमि एवं धान के रकबे एवं खसरे को राजस्व विभाग के माध्यम से अद्यतन करा लिया जाए। यह कार्य एकीकृत किसान पंजीयन पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में आधार आधारित प्रमाणीकरण प्रणाली के लिए किसान द्वारा धान विक्रय के समय धान खरीदी केन्द्र में स्वयं उपस्थित होकर या उनके द्वारा नामांकित नामिनी के द्वारा उपस्थित होकर बायोमेट्रिक आधारित खरीद प्रणाली के माध्यम से समर्थन मूल्य पर धान का विक्रय किया जा सकता है। इसके लिए किसान पंजीयन हेतु एकीकृत कृषक पंजीयन पोर्टल पर किसान का पंजीयन निर्धारित अवधि के दौरान किसान का एवं उसके एक नामिनी का आधार नंबर लिया जाएगा। नामिनी के रूप में किसान के परिवार के नामित सदस्य में माता-पिता, पति-पत्नी, पुत्र-पुत्री, दामाद-पुत्रवधू, सगा भाई-बहन एवं अन्य करीबी रिश्तेदार को मान्य किया जाएगा। किसान यदि गत वर्ष पंजीकृत नॉमिनी में परिवर्तन करना चाहता है, तो समिति स्तर पर संशोधन की कार्यवाही की जाएगी।

## स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में दुर्गा वाहिनी के बहनों द्वारा किया शस्त्र पूजन व रक्त तिलक



**सरायपाली।** विश्व हिंदू परिषद् दुर्गा वाहिनी द्वारा गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मॉ दुर्गा के अष्टमी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। दुर्गा वाहिनी द्वारा सर्वप्रथम मॉ दुर्गा की आरती की गई। फिर सभी बहनों द्वारा अपनी उंगली के रक्त से तलवार पर तिलक किया गया। उसके पश्चात मॉ से प्रार्थना किया गया कि जिस तरह माता ने महिषासुर का अंत कर समाज से अंधकार को किया था उसी प्रकार पूरे विश्व में महिषासुर रूपी बलात्कारियों, अधर्मियों का अंत करें, एवं साथ ही साथ शपथ लिया गया कि वे हमेशा माता रानी के आदर्शों, नियमों का पालन करेंगे। और इस कार्यक्रम के माध्यम से ही दुर्गा वाहिनी एवम सर्व नारी समाज की ओर से एक अप्रत्यक्ष चेतावनी दी गई की नारी समाज अब भययुक्त जीवन नहीं जिएगा, स्थिति के निर्माण होने पर नारी को दुर्गा का रूप ग्रहण करना अब आ गया है, तत्पश्चात अंत में माता की महाआरती कर, माता के नारों के जयकार के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया गया।

## कलेक्टर अग्रवाल ने प्राकृतिक आपदा के 3 प्रकरण में 12 लाख रुपये की सहायता राशि की स्वीकृत

पायनियर संवाददाता ◂ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के 3 प्रकरण में मृतक के परिजनों को प्रत्येक प्रकरण में 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार छुरा तहसील के ग्राम कुड़ेरादादर निवासी 35 वर्षीय पार्वती मांझी की सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन हेमेश्वरी मांझी को 4 लाख रूपये स्वीकृत की गई है। इसी तरह छुरा तहसील के ही ग्राम मुढ़ीपानी निवासी 18 वर्षीय जगसिंग कमार का सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन बिसाहिन बाई को 4 लाख रूपये तथा देवभोग तहसील के ग्राम लदरा निवासी 06 वर्षीय कु. अमृता सोम की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन छबीराम सोम को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। पीड़ित परिजन को स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि के भुगतान की जिम्मेदारी जिला कार्यालय के जिला नाजरात शाखा के प्रभारी अधिकारी की होगी।

## प्रथम किशत प्राप्त आवास योजनाओं का निरीक्षण करते जनपद पंचायत सीओ

पायनियर संवाददाता ◂ भाटापारा
www.dailypioneer.com



जनपद पंचायत भाटापारा के ग्राम पंचायत निपानिया में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भाटापारा, कार्यक्रम अधिकारी नरेगा, विकासखंड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2024-2025 में स्वीकृत प्रथम किश्त प्राप्त आवासों का निरिक्षण किया गया एवं हितग्राहियो से चर्चा की गई। निपानिया में कुल 23 आवास स्वीकृत है, जिसमें तकनिकी सहायक द्वारा ले आउट देकर कार्य प्रारम्भ कराया जा चूका है, शेष 11 आवास को भी 20/10/2024 तक शत प्रतिशत प्रारम्भ करने हितग्राहीयों को कहा गया। साथ ही सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक को आवास निर्माण में आ रही बधा का समाधान करने के लिए कहा।समय-समय पर तकनीकी मार्गदर्शन देने के लिए तकनिकी सहायक एवं आवास के स्तर अनुसार मस्टर रोल जारी करने रोजगार सहायक को निर्देशित किया गया।

## बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 6 निर्माण कार्य के लिए 35 लाख रूपये स्वीकृत

**गरियाबंद।** बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव की अनुशंसा पर कलेक्टर दीपक अग्रवाल द्वारा विधायक निधी से 6 निर्माण कार्य के लिए 35 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जनपद पंचायत गरियाबंद अंतर्गत ग्राम पंचायत मौहाभाठा में कोसराम घर से खगेश भुंजिया घर तक सीसी रोड़ निर्माण के लिए 5 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत पीपरछेड़ी में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 5 लाख रूपये, ग्राम पंचायत मदनपुर में बाजार में वर्क शेड निर्माण के लिए 10 लाख रूपये, ग्राम पंचायत लोहारी में चमार राय घर से काम घर तक सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख रूपये, ग्राम बारूला में प्रदीप यादव घर से शिव मंदिर तक सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख रूपये और जनपद पंचायत देवभोग अंतर्गत ग्राम पंचायत माड़ागांव में छोटी गुडी से बुडी मुडिया घर तक सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

## ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पद में भर्ती के लिए 28 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित

**गरियाबंद।** एकीकृत बाल विकास परियोजना गरियाबंद अंतर्गत ऑगनबाड़ी केन्द्र के 01 रिक्त पद में भर्ती के लिए 28 अक्टूबर 2024 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इसके तहत आंगनबाड़ी केन्द्र बादीमार में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 01 रिक्त पद की पूर्ति किया जाना है। जिसके लिए पात्र आवेदिकाओं से आवेदन आमंत्रित किया गया है। एकीकृत बाल विकास परियोजना अधिकारी ने बताया कि आवेदन करने के लिए नियम व शर्तें परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा की गई है।

## आज ब्राह्मण समाज भाजपा व कांग्रेस को सौंपेगी ज्ञापन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सर्व ब्राह्मण समाज के सदस्यों का प्रतिनिधि मंडल आगामी होने वाले दक्षिण विधानसभा उप चुनाव में ब्राह्मण प्रत्याशी बनाने की मांग को लेकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को मंगलवार को ज्ञापन सौपेगी। यह जानकारी देते हुए सर्व ब्राह्मण समाज के नटराज शर्मा ने कहा ब्राह्मण समाज अपने लिए अपने समाज और क्षेत्र के लिए दक्षिण विधान सभा उप चुनाव में दोनों पार्टी से ब्राह्मण प्रत्याशी की मांग करती है। मांग के समर्थन में ब्राह्मण समाज के सदस्य गण बड़ी संख्या में आज 15 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे कार काफिला के साथ डूमरतराई स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय तथा दोपहर 1 बजे शंकर नगर स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन पहुंचकर दोनों राष्ट्रीय पार्टी के प्रदेश प्रमुख को ज्ञापन देंगे। उन्होंने कहा इस संबंध में दोनो प्रदेश कार्यालय में लिखित रूप से जानकारी भी दी गई है।

# प्रभारी के भरोसा चल रहा है विभाग, कार्यों में गुणवत्ता दरकिनार

पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com



पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधीनस्थ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा है जिसमें कबीरधाम जिला में कार्यरत पूरा सिस्टम प्रभारियों के भरोसा संचालित है। प्रभारियों के द्वारा सिस्टम का कमीशनखोरी और मलाईदार पद में बने के लिए उल्टा सीधा कार्य को अंजाम दे रहे है जिसके चलते एक भी कार्यों में गुणवत्ता दिखाई नहीं दे रहा है और समय से पहले जर्जर होती दिखाई देता हैं। प्रभारी अधिकारी अपने पद पर बने रहने के लिए छूट भैया नेताओं के जी हुजूर करने में लगे हुए हैं और बाते राजा हरिचंद्र जैसा करते है जो समझ में परे हैं।

### कबीरधाम में प्रभारी सब पर भारी

कबीरधाम जिला में चार विकासखंड है जिसमें चार तरह की अधिकारी हैं जो अपनी कुर्सी बचाने के लिए तरह तरह की हाजरी लगाते हैं। सहसपुर लोहारा में अनुविभागीय अधिकारी का सेवानिवृत हुआ और एक इंजीनियर को प्रभार सौंपा गया। अब अनुविभाग के साथ साथ पंचायतों में मूल्यांकन का भी कार्य देख रहे है। अधिनस्थ उन्हें आज भी अपने समकक्ष मानते हैं और उनके निर्देश का पालन करने तैयार नहीं है। अपनी कुर्सी बचाने उल्टा सीधा सत्यापन कार्य किया जा रहा है। कार्य प्रगतिरत होने के बावजूद ठेकेदार सूचना पटल पर अपूर्ण कार्य को पूर्ण प्रदर्शित करने में बाज नहीं आ रहे है। वही पंडरिया विकासखंड में अनुविभागीय अधिकारी के स्थानांतरण उपरांत एक जूनियर उप अभियंता को प्रभार सौंपा गया है जो मुख्यालय में यदाकदा निवास करते है कार्यो का निरीक्षण करने नियमाविरुद्ध तकनीकी सहायकों से कार्य ले रहे है जबकि तकनीकी सहायक को केवल महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से संबंधित कराना है लेकिन पूरा निर्माण का जिम्मा इन्हें ही सौंपा गया है। पंडरिया विकासखंड में सारे निर्माण कार्यों में गुणवत्ता को किनारे करते हुए स्थानीय नदी नाले का मिट्टी युक्त रेत का उपयोग किया जाता हैं जिसके चलते कोई भी बड़े निमार्ण दस साल तक नहीं टिक पा रहा है और जजर्र हो रहे है। जिला मुख्यालय कवर्धा के अनुविभीय अधिकारी को विश्राम गृह में अतिथियों के लिए भोजन और अन्य व्यवस्था करते दिखाई देते है और बोडला विकासखण्ड का तो भगवान ही मालिक है।

### कार्यों में गुणवत्ता दरकिनार

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अधीन जिले के संपूर्ण ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत के जितने भी कार्य किया जाता है इसी विभाग के द्वारा मूल्यांकन, सत्यापन किया जाता है ।उक्त विभाग में कर्मचारियों की संख्या कम होने के कारण कार्य का अधिकता का हवाला देते हुए घर बैठे ले आउट, मूल्यांकन, सत्यापन कर दिया जाता है। बोडला और पंडरिया विकासखंड के अनुविभागीय अधिकारियों को गांव का नाम पता का भी ज्ञान नहीं होगा और वहां के निर्माण कार्यों का मूल्यांकन सत्यापन कर राशि भी जारी कर दिया गया है। बहुत से भवन आज भी अधूरा पड़ा हुआ है जिसे पूर्ण कराने में अधिकारियों की पहल पर कोई पहल नहीं हो रहा है।

## जिले में 30 अक्टूबर तक कौशल पखवाड़ा, ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को कौशल प्रशिक्षित करने चलेगा अभियान

पायनियर संवाददाता ◂ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

राज्य में संचालित केन्द्र तथा राज्य शासन की कौशल विकास योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री जन मन योजना, नल जल मित्र कार्यक्रम, आजीविका विकास कार्यक्रम, नियद नेल्लानार योजना के तहत हितग्राहियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सहायक संचालक कौशल विकास प्राधिकरण सृष्टि मिश्रा ने बताया कि कौशल प्रशिक्षण के लिए निर्धारित वार्षिक लक्ष्य की पूर्ति, प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रगति लाने तथा ग्रामीण स्तर के युवाओं तक कौशल प्रशिक्षण की पहुँच बनाने के उद्देश्य से जिले में 30 अक्टूबर 2024 तक कौशल पखवाड़ा का आयोजन किया जायेगा। जिसमें कौशल प्रशिक्षण हेतु युवाओं को कांउसिलिंग कर कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सम्मिलित कराकर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाने का प्रयास किया जायेगा। कौशल पखवाड़ा में जिले के समस्त ब्लॉक में मोबलाईजेशन एवं काउंसिलिंग कैम्प आयोजित किया जायेगा। प्रत्येक ब्लॉक में अलग-अलग दिन 02 स्थानों में कैम्प आयोजित किया जायेगा। जिससे कि अधिक से अधिक ग्राम के युवा कैम्प में सम्मिलित हो सकें। कैम्प में सम्मिलित होने वाले युवाओं को उनकी रूचि तथा स्थानीय एवं राज्य स्तर पर उपलब्ध रोजगार एवं स्वरोजगार के बारे में जानकारी देकर काउंसलिंग किया जायेगा। इसके उपरांत उन्हें कौशल प्रशिक्षण में सम्मिलित करने की व्यवस्था किया जायेगा। प्रशिक्षण में शामिल होने के इच्छुक युवाओं को शीघ्र कौशल विकास योजना के पोर्टल में पंजीयन कर बैच निर्माण किया जायेगा। कैम्प लगाने के लिए संबंधित विभागों के प्रशिक्षण प्रदाताओं, रोजगार विभाग के प्रतिनिधि तथा जिला स्तर पर प्रधानमंत्री जनमन योजना एवं नियद नेल्लानार योजना के क्रियान्वयन हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी भी शामिल होंगे।

# पुलिस ने अवैध रूप से डंप किया गया भारी मात्रा में शराब का जखीरा किया गया बरामद

## थाना हथबंद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम केसदा में छापामार कार्रवाई कर मध्यप्रदेश राज्य निर्मित 532 पेटी शराब किया बरामद

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




ऑपरेशन विश्वास के तहत पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में विश्वस्त सूत्रों से सूचना मिली कि अभी हाल ही में दशहरा पर्व के बाद आसपास इलाकों में सप्लाई करने के लिए जिले में कहीं भारी मात्रा में एमपी शराब डंप किया गया है। कि सूचना पर जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण एवं मुखबिर से प्राप्त आसूचनाओं के आधार पर भारी मात्रा में शराब डंप करने वाले आरोपियों का चिन्ह्यांकन प्रारंभ किया गया। इसी बीच पुलिस टीम को पुख्ता सूचना मिली कि थाना हथबंद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम केसदा में आरोपियों द्वारा एक फार्महाउस में भारी मात्रा में शराब डंप किया गया है, जिसे दशहरा पर्व के बाद बिक्री करने के लिए आसपास इलाकों में सप्लाई भी कर दिया जाएगा। सूचना तस्दीक पर सायं एसडीओपी भाटापारा के नेतृत्व में निरीक्षक के.सी.दास, सहायक उप निरीक्षक हरिप सोना, प्रधान आरक्षक कृष्ण कुमार, आरक्षक भुवन वर्मा, सतीश वर्मा, रूपेश, प्रवीण वर्मा, उमाशंकर, प्रदीप, संतोष साहू एवं लोरिक शांडिल्य की पुलिस टीम द्वारा सुनियोजित योजना बनाकर, ग्राम केसदा में मजबूत घेराबंदी कर संबंधित फार्महाउस में आकस्मिक दबिश दिया गया। इस बीच पुलिस टीम द्वारा पूरे घर का बहुत ही सूक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया, जिसमें फार्महाउस के पहले कमरे में 80 पेटी अंग्रेजी गोवा शराब एवं 28 पेटी देसी मदिरा मसाला शराब, कुल 108 पेटी शराब पहले कमरे में मिला। इसी प्रकार दूसरे कमरे की तलाशी लेने पर 424 पेटी अंग्रेजी गोवा शराब मिला। इस प्रकार संपूर्ण कार्रवाई में 504 पेटी अंग्रेजी गोवा शराब और 28 पेटी देसी मदिरा मसाला सहित कुल 532 पेटी शराब का जखीरा बरामद करने में सफलता मिली है। इस प्रकार संपूर्ण कार्रवाई में 4788 बल्क लीटर शराब जप्त किया गया है, जिसका बाजार मूल्य 34,30,000 है। जप्त किया गया शराब मध्य प्रदेश राज्य निर्मित होना पाया गया है, जिसमें स्नहक्रस्र्स्थ ढ्ढह स्र्स्न॥ड्ड क्रस्न्नश्चस॥ ह्हरुड्ड लिखा हुआ है। सांथ ही मामले में 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों से विस्तृत एवं गहन पूछताछ कर इतनी भारी मात्रा में शराब लाने की जानकारी जुटाकर इसके संपर्क सूत्रों का पता लगाया जा रहा है। प्रकरण विवेचना में है। कि प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध थाना हथबंद में अपराध क्र. 193/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत सभी 03 आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# विसर्जन झांकी, पंडाल सजावट प्रतियोगिता की पुरुस्कार घोषणा, वितरण संपन्न

पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com



विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल धमतरी नगर द्वारा आयोजित विसर्जन झांकी व पंडाल सजावट प्रतियोगिता के पुरस्कार घोषणा व वितरण कार्यक्रम का आयोजन सिटी कोतवाली प्रांगण में किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में धमतरी नगर के महापौर विजय देवांगन, एवं दीपक लखोटिया, विशिष्ट अतिथि के रूप में दीपक जैन, एवं निर्णायक समिति उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आलोक जाधव द्वारा किया गया। झांकी विसर्जन में शामिल हुई 10 समिति एवं पंडाल सजावट में भाग लेने वाली 24 समिति पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित थे। कार्यक्रम में दीपक लखोटिया एवं विजय देवांगन ने समितियों का भरपूर उत्साह वर्धन किया और आयोजन समिति को भी सफल आयोजन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में स्थल सजावट व झांकी प्रदर्शन में क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरुस्कार रखे गए थे। पंडाल संजावट में क्रमशः शिव चौक दुर्गात्सव समिति शिव चौक, आदर्श दुर्गौत्सव समिति टिकरापारा मां दंतेश्वरी, श्री गणेश दुर्गात्सव समिति बासपारा धमतरी की रानी एवं झांकी प्रदर्शन में क्रमशः नवमित्र मंडल दुर्गात्सव समिति विवेकानंद नगर धमतरी की महारानी, सार्वजनिक दुर्गात्सव समिति मराठापारा, मां बम्लेश्वरी दुर्गोत्सव समिति ब्राम्हणपारा की दुर्गोत्सव समितियों ने बाजी मारी। आयोजन समिति ने सभी पण्डालों को पुरुस्कार वितरण किया। साथ ही समाज में धर्म सेवा कर रहे गौसेवक नीरज पांडे एवं मूर्तिकारों को प्रतीक चिन्ह व श्रीफल देकर सम्मानित किया। आयोजन समिति से नगर अध्यक्ष कैलास बख्तानी, संयोजक चित्रेश साहू, कार्याध्यक्ष पियूष पारख, अमित सोना, सत्यम सिन्हा, गौरव जैन, एकनाथ साहू, हिमांशु, दुर्गेश साहू, विजयंत, गौरव गोयल, निकेतन, आदित्य अनिमेष, पुलकित ने बहुत मेहनत के साथ कार्य को पूरा किया। कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक दीपक सिंह ठाकुर, हेमराज सोनी, संदीप अग्रवाल, डाकेश्वर साहू, व्यवस्था सम्बन्धी कार्यों का क्रियान्वयन किया। दीपक सिंह ठाकुर ने कहा कि सभी समितियों की झांकी बहुत ही उत्कृष्ट थी और पण्डाल सजावट भी एक से बढ़कर एक थी। निर्णायक समिति द्वारा बहुत मेहनत की गई। एक एक बिंदु पर विचार किया गया, तब इतनी मेहनत के बाद परिणामों की घोषणा हो पाई। मुख्य रूप से समाज में बंटे जाति प्रथा को छोड़कर उत्कृष्ट हिन्दू समाज के उदभव हेतु यह जनजागरण कार्यक्रम है। समूचा क्षेत्र माता की भक्ति में लीन था।

# दशहरा के अवसर पर राम लीला नाटक का मंचन किया गया



पायनियर संवाददाता ∢ कुरुद
www.dailypioneer.com

ग्राम कातलबोड में प्रेम सागर दुर्गोत्सव समिति एवं नाट्य परिवार द्वारा दशहरा के अवसर पर राम लीला नाटक का मंचन किया गया जिसमें खर दूषण, कुम्भकर्ण, मेघनाद व रावण वध का मंचन किया गया, रावण के किरदार सोमनाथ साहू व राम के रूप रवि साहू ने शानदार प्रस्तुति दिया, उनके साथ सहयोगी के रूप अन्य भूमिका मनीष ध्रुव, युगल साहू, योगराज, पोशन, रितेश, टुकु, जीतू, भोला, दुर्गेश, रघुबर दिवान, यादराम साहू, महेश्वर दीवान, कामता, गोविंद, प्रीतम, मुकुंद, वामन कुशल, गोपी, ने किया।

# नवोदय, प्रयास निःशुल्क कोचिंग अनवरत जारी

पायनियर संवाददाता ∢ कुरूद
www.dailypioneer.com



ग्राम मंदरौद में संकुल स्तरीय निःशुल्क नवोदय /प्रयास /राष्ट्रीय प्रतिभा खोज जैसे महत्वपूर्ण परीक्षाओ में तैयारी व सफलता प्राप्त करने तथा बच्चों को इस तरह की प्रतियोगी परीक्षा हेतु कैसे चुनौती ले इस गुर को सिखाने ग्राम मंदरौद व संकुल केन्द्र मंदरौद के शिक्षकद्वय तेजराम साहूशिक्षक सेलदीप, टाकेश्वर साहूसंकुल समन्वयक मंदरौद, लुकेश राम साहू शिक्षक, खेमचंद देशलहरे शिक्षक, विक्रम साहू, भूपेंद्र साहू, कुलेश्वर साहू के द्वारा संकुल स्तरीय उक्त चयन परीक्षाओं का निःशुल्क कोचिंग अपने संकुल भवन प्रा शा भाठापारा मंदरौद में दिया जा रहा। जिसमे ग्राम मंदरौद, कमरौद, परसवानी, चुचरूंगपुर, सेलदीप, बानगर, कातलबोड़, सिवनी, चरमुडिया, नवागांव,उमरदा, गाड़ाडीह, मेघा, अरौद जैसे आस पास के 14 गांवो के लगभग 70 से 80 बच्चें प्रतिदिन सुबह 7.30 से 9.00 तक पहुंचकर इस निःशुल्क कोचिंग का लाभ प्राप्त कर रहे, यह कोचिंग 1 अक्टूबर से नियमित प्रारम्भ है जो की मई तक लगातार जारी रहेगी, उक्त कोचिंग के प्रति बच्चों की जूनून यह है की पालक स्वयं अपने बच्चों को साथ लेकर आते व ले जाते है, इस निःशुल्क कोचिंग में मुख्यतः तेजराम साहू का विशेष मार्गदर्शन रहा है जो की आसपास में नवोदय स्पेस्लिस्ट के रूप जाने जाते है। संकुल स्तरीय इस तरह की विशेष आयोजन पर संकुल के प्राचार्य एच बी कहार, ग्राम पंचायत मंदरौद के सरपंच खूबलाल दीवान, क्षेत्र के जनपद सदस्य थानूराम साहू, पुर्व सरपंच प्रेमचंद साहू, युवा ब्यवसाई मोहन साहू, जेल अधीक्षक सेवक सोनकर, रामदयाल साहू, आत्मा साहू, मनोज़ साहू, भूपेंद्र ध्रुव, शिक्षक सत्यवान साहू, शिक्षक हुकुम साहू ने बधाई शुभकामना दिए है।

# शिवशक्ति मंदिर परिसर में अष्टमी तिथि को हवन पूजन संपन्न हुआ

**बलौदा बाजार।** मां भगवती की आराधना अगर सच्चे मन से किया जाता है तो मां सबकी संकट दूर कर हर मुराद पूरी कर देती है। यही पवित्र भावना के साथ जिला कलेक्टर दीपक सोनी सपत्नीक ने सिंचाई कालोनी स्थित शिवशक्ति मंदिर परिसर में अष्टमी तिथि को हवन पूजन में शामिल होकर क्षेत्र वासियों की सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर समिति के नवनीत अग्रवाल परिवार, के के वर्मा, सरिता वर्मा, बबलू सिरमौर, शिंदे, लक्ष्मी पवार, बल्लू पवार सहित अन्य लोग भी शामिल थे। इसके पूर्व समिति के महिलाओं ने मंदिर परिसर में नवकन्याओ की पूजन कर कन्या भोज कराया गया। आपको बताते चलें कि हवन पूजन के उपरांत आरती के लिए सरिता वर्मा द्वारा सवा लाख बत्ती प्रदान की गई। इस सवा लाख बत्ती से की गई मां की आरती उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। आरती उपरांत दीपक सोनी परिवार सहित मंदिर परिसर में स्थित हनुमानजी, शिवजी, एवं ज्योति कक्ष का भी दर्शन कर समिति के सदस्यों का धन्यवाद किया। उक्त जानकारी समिति के बबलू सिरमौर,नवनीत अग्रवाल, शिंदे,एवं के के वर्मा ने दी।

# रंग मंदिर रायपुर मे भरतनाट्यम, कुचीपुड़ी शास्त्रीय नृत्य की शानदार प्रस्तुति

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



रंग मदिर रायपुर में आयोजित आल इण्डिया डांस ऐसोशियेशन द्वारा आयोजित 10 दिवसीय शास्त्रीय नृत्य एव संगीत प्रतियोगिता के तीसरे दिवस की शुरुआत वी. के. मोहमद के डायरेक्टर डॉ. जी. रतीश बाबू, रूपेश के.सी. द्वारा दीप प्रजवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। प्रतियोगिता के तीसरे दिवस में कुल 255 नृत्य कलाकारो ने मोहिनीअट्टम भरतनाट्यम, कुचीपुड़ी, कथक, ओडिसी, सिनेमेटिक, फोक नृत्य सीनियर, जूनियर, सब जूनियर अलग अलग विद्या प्रतियोगिता मे भाग लिया। इन समस्त नृत्य कलाकारो में से श्रेष्ठ 10 कलाकर को नटवर गोपी कृष्ण अवार्ड 2024 से सम्मानित किया जाएगा। एवं अलग-अलग विद्या से नृत्यविलासिनी अवार्ड, नृत्य हिरणमयी अवार्ड, नंदी पुरस्कार, नर्तकी पुरस्कार, बालश्रेष्ट पुरस्कार, से नवाजा जाता है। इस पुरस्कार को प्राप्त करने के लिए पूरे भारत से 2000 कलाकार प्रतियोगिता मे भाग ले रहे है। संध्याकालीन शास्त्रीय नृत्य महोत्सव मे बैंगलोर की डॉ.वीना मूर्ति व ग्रुप, संगीता फणेश द्वारा कुचिपुड़ी नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। तीसरे दिवस के समस्त नृत्य कलाकारो को एआईडीए के डायरेक्टर डॉक्टर जी. रतीश बाबू द्वारा पुरस्कार देकर समानित किया गया।

# कोलंबिया कॉलेज द्वारा टोर ग्राम में सामुदायिक कार्य का आयोजन




पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

कोलंबिया कॉलेज, रायपुर द्वारा सामुदायिक गतिविधि एवं जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। सामुदायिक गतिविधि के अंतर्गत टोर ग्राम पंचायत में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषय पर जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन कोलंबिया कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार दुबे एवं उप प्राचार्य डॉ. आभा दुबे ने किया। टोर ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती रामेश्वरी वर्मा के सहयोग से बी.एड. और डी.एल.एड. के विद्यार्थियों ने ग्रामवासियों को बालिकाओं से संबंधित राज्य की सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य यह आंकलन करना था कि लोग बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के प्रति कितने जागरूक हैं। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका रोशनी वर्मा ने किया।

# हर वर्ष जलाने के बाद भी रावण मरा नहीं है हमारे अन्दर जिंदा है : भगवान भाई

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



हम सभी हर साल दशहरा में रावण का बुत बनाकर उसे जलाते है। इसका मतलब है कि वह मरता नहीं है। बल्कि रावण का पुतला हर साल बड़ा होता जा रहा है। दशहरा में रावण का पुतला तो जल जाता है लेकिन असली रावण हमारे अन्दर जिन्दा है। वास्तव में मनोविकार ही वह रावण है जो कि प्रतिदिन बढ़ते ही जा रहे हैं। काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, ईर्ष्या, नफरत, घृणा, द्वेष, वैर आदि रावण के दस सिर हैं। जब तक इन दसों मनोविकारो पर जीत नहीं पायेंगे तब तक असली विजयादशमी नहीं मना सकेंगे। यह विचार माउण्ट आबू से पधारे ब्रह्माकुमार भगवान भाई ने व्यक्त किया। वह प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के शांति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में आध्यात्मिक ज्ञान द्वारा संस्कार परिवर्तन विषय पर बोल रहे थे। वह भारत और नेपाल के 11000 (ग्यारह हजार) से अधिक स्कूलों और 900 (नौ सौ)से अधिक कारागारों (जेलों) में नैतिक मूल्यों की शिक्षा दे चुके हैं जिसके फलस्वरूप उनका नाम इंडिया बुक ऑफ रिकाड्‌र्स में दर्ज है। उन्होंने आगे कहा कि सभी विकारों का मुखिया है देहभान जब तक हम स्वयं को आत्मा निश्चय कर परमात्मा से योग नहीं लगाते तब तक इन मनोविकारों पर जीत पाना संभव नही है। वर्तमान समय परमपिता परमात्मा सहज राजयोग और अध्यात्मिक ज्ञान द्वारा इन मनोविकारों पर जीत पाने की शिक्षा ब्रह्माकुमारी बहनों के माध्यम से दे रहे है।

## मुख्यमंत्री से पूर्व विधायक रंजना के नेतृत्व में सिंधी समाज, प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज के प्रतिनिधी मण्डल ने की मुलाकात

# प्रदेश की सरकार जन आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य कर रही है : रंजना साहू

पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com







प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से धमतरी के सिंधी समाज एवं प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के डेलीगेशन ने पूर्व विधायक रंजना साहू के नेतृत्व में मुलाक़ात कर प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज़ द्वारा फरवरी माह में होने वाले भव्य किसान सम्मान सम्मेलन में आमंत्रित किया। साथ ही सिंधी समाज के डेलीगेशन ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से नगर विकास के विभिन्न विषयों पर चर्चा की और धमतरी को विकास के पथ से जोड़ने का आग्रह किया जिस पर मुख्यमंत्री द्वारा धमतरी के विकास पर सकारात्मक प्रयास करने समाजजनों को आश्वस्त किया। प्रेस नोट जारी करते हुए पूर्व विधायक रंजना साहू ने कहा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार प्रदेश के हर व्यक्ति के आकांक्षाओं के अनुरूप काम कर रही है। सर्व वर्ग हिताय सर्व वर्ग सुखाय के ध्येय के साथ हमारी सरकार विकास को गति दे रही है और विष्णु देव साय की सरकार में धमतरी विकास से अछूता नहीं रहेगा। प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय धमतरी की प्राजक्ता बहन, बी के भारती बहन, कामिनी कौशिक, महेश साहू, ईश्वर साहू ने कहा किसानों के हित में यह सरकार जो कार्य कर रही है वह अत्यंत सराहनीय है। उसी के तहत जैविक खेती करने वाले दस हज़ार से अधिक किसानों का सम्मान सम्मेलन प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज़ द्वारा फरवरी माह में किया जाना है जिसमें मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया गया है। पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष चन्द्रलाल जैसवानी, महेश रामरख्यानी, अशोक डुंबानी, अमर पंजवानी ने कहा धमतरी की जनता को प्रदेश के मुख्यमंत्री से बहुत सी अपेक्षायें हैं और हमें विश्वास है कि प्रदेश की विष्णु देव साय सरकार पिछले कई वर्षों से धमतरी के रुके हुए विकास कार्यों को अब विकास की मुख्य धारा से जोड़ेगी। छाया विधायक रंजना साहू धमतरी विकास के लिए लगातार सक्रिय हैं। उनकी सक्रियता के सार्थक परिणाम धमतरी की जानता को मिलेगा। उक्त अवसर पर मुख्यमंत्री निवास पर भाजपा ज़िला कोषाध्यक्ष चेतन हिंदुजा, ब्रम्हकुमारी प्राजक्ता बहन, भारती बहन, कामिनी कौशिक, महेश साहू, ईश्वर साहू, सिंधी समाज के अध्यक्ष चंद्रलाल जसवानी, महेश रामराख्यानी, अशोक दुम्बानि, अमर पंजवानी उपस्थित रहे।

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की आवश्यक तैयारियां करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश



पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गांधी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर इत्यादि की विभागवार समीक्षा की और प्रकरणों को जल्द से जल्द निराकृत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में उन्होंने अविवादित नामांतरण, डायवर्सन, नक्शा बटांकन, खसरा, डिजीटल हस्ताक्षर इत्यादि के प्रकरणों को शत प्रतिशत पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए किसानों के पंजीयन और वनग्राम से राजस्व ग्राम हुए गांवों की जानकारी ली। उन्होंने मिलर्सवार डीओ जारी करने, धान उठाव, चावल जमा सहित धान खरीदी के लिए नोडल अधिकारियों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश खाद्य अधिकारी को दिए। इसके साथ ही राशनकार्डों में शत प्रतिशत ई-केवायसी करने के निर्देश उन्होंने संबंधित अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने विकासखण्डवार रबी वर्ष 2024-25 में क्षेत्राच्छादन के प्रस्तावित कार्यक्रम, दलहन, तिलहन को प्रोत्साहित करने हेतु किए जा रहे प्रयासों, ईकेवायसी, आधार सीडिंग सहित वन पट्टाधारी किसानों की जानकारी ली। साथ ही फसल चक्र परिवर्तन को प्रोत्साहित करने गांव-गांव शिविर लगाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में अपर कलेक्टर जी आर मरकाम, संयुक्त कलेक्टर रामकुमार कृपाल, विनय पोयाम, डॉ विभोर अग्रवाल सहित जिला स्तरीय अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत मॉडल ग्रामों की स्थिति की समीक्षा की। इसके साथ ही ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और कचरा संग्रहण कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत कुल लक्ष्य, स्वीकृत, पहली किश्त और प्लिंथ गैप की स्थिति की जानकारी ली और आवास निर्माण में प्रगति लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# पुलिस एवं स्टार्स ऑफ टूमारो वेलफेयर सोसायटी के तत्वाधान में साइबर अपराध के संबंध में नागरिकों को दी गयी जानकारी

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com




पुलिस एवं स्टार्स ऑफ टूमारो वेलफेयर सोसायटी के तत्वाधान में साइबर अपराध के संबंध में नागरिकों को दी गयी जानकारी। छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा चलाये जा रहे राज्य-व्यापी साइबर जन-जागरूकता पखवाड़ा 05.10.2024 से 19.10.2024 तक अभियान के तहत मुंगेली पुलिस द्वारा 13. अक्टुबर को स्टार्स ऑफ टूमारो वेलफेयर सोसायटी मुंगेली के साथ एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुंगेली के पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल (भा.पु.से.) द्वारा नागरिकों को साइबर अपराध के विषय में जानकारी देते हुए इससे बचने के उपाय बताये गये। पुलिस कप्तान ने बताया कि साइबर अपराध से बचने का सबसे बड़ा हथियार है आपकी जागरूकता और आपकी सजगता। साइबर अपराधी लोगों को ठगी का शिकार बनाने के लिए आये दिन नये-नये हथकंडे अपना रहे हैं, जिनके विषय में लोगों को जानकारी एवं जागरूक होने की आवश्यकता है ताकि इससे होने वाली आर्थिक हानि से बचा जा सके। इस संबंध में स्टार्स ऑफटूमारो वेलफेयर सोसायटी मुंगेली की पूरी टीम एवं महिला मण्डल द्वारा साइबर जागरूकता के संबंध में लोगों को जागरूक रहने हेतु अपील की गयी। मुंगेली पुलिस द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित व्यक्तियों को साइबर अपराध संबंधी पाम्प्लेट वितरित किये गये जिसके मुख्य बिन्दु जिसमें - सोशल मीडिया पर आया फाईल इंस्टॉल न करें, रोड स्टॉल से सिम लेने या पोर्ट कराने से पहले विक्रेता का चेक कर लें। कोशिश करें कि ऑथराईज्ड मोबाइलशॉप/ सिम डीलर से ही सिमकार्ड खरीदें या पोर्ट कराएं। व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम, एक्स इत्यादि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हैं, तो अनिवार्य रूप से टू-फैक्टर वेरिफिकेशन ऑन रखें। व्हाट्सएप, मैसेन्जर इत्यादि सोशल मीडिया एप पर आए वीडियो कॉल/ऑडियो कॉल को रिसीव न करें। फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर रिस्तेदार के थाने में बंद होने की झूठी जानकारी देने वाले फोन कॉल के झांसे में न आयें। डिजिटल अरेस्ट नाम की कोई भी कार्यवाही भारतीय कानून में नही है। यदि कोई व्यक्ति आपराधिक कार्य में संलिप्तता होने की बात कहते हुए मोबाइल के कैमेरा के सामने डिजिटल अरेस्ट होने की बात कहकर पैसे की मांग करे तो झांसे में न आएं। यदि लोन की आवष्यकता है तो अपने बैंक जाकर संपर्क करें। किसी फर्जी बैंकिंग एप, लोन एप, वेबसाईट या फ्रॉड फोनकॉल के झांसे में आकर अपने पैसे और निजि जानकारी को खतरे में न डालें। नियमित अंतराल में अपने सोषल मीडिया अकाउंट, पेमेंट ई-वॉलेट, एटीएम कार्ड इत्यादि का पासवर्ड बदलते रहें। सोषल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्राप्त अनजान लिंक/यू.आर.एल. पर कभी भी क्लिक न करें। गूगल, याहू इत्यादि सर्च इंजन से कभी भी कस्टमर केयर का नंबर सर्च न करें, संबंधित कंपनी की वेबसाईट पर जाकर ही कस्टमर केयर का नंबर/ई-मेल सर्च करें। बच्चे को अच्छे नंबर से पास कराने का झांसा देने वाले फोनकॉल या सरकारी नौकरी लगाने का झांसा देने वाले फोनकॉल के बहकावे में न आयें। रिस्तेदार बनकर पैसे भेजने की बात कहते हुए गलती से ज्यादा रकम ट्रांस्फर करने की झूठी जानकारी देते हुए, बाकी पैसे वापस मांगने की बात कहकर ठगी करने वालों के झांसे में न आयें। सबसे पहले अपने उस रिश्तेदार को फोनकॉल कर सत्यता क्या है जांच लेवें। नागरिकों के काम आने वाले कुछ महत्वपूर्ण व्दसपदम च्वतजं से की सूची - मोबाइल गुमने पर अपने नज़दीकी थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज करायें उसके बाद इस ऑनलाईन पोर्टल पर शिकायत अपलोड करें रेच साइबर ठगी की घटना होने पर साइबर हेल्पलाईन नंबर 1930 पर कॉल करें या फिर इस वेब पोर्टल पर करें ऑनलाईन शिकायत।

# पारंपरिक व्यंजनों से किया जाएगा सीएम का स्वागत

## अतिथियों के स्वागत के लिए कलेक्टर ने ली बैठक




■ सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक में शामिल होंगे

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आगामी 21 अक्टूबर को सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक में शामिल होंगे। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने और पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारीयों की बैठक लेकर सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू और जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा इतनी बड़ी बैठक होने वाली है। इसकी तैयारी में किसी भी प्रकार कि कोई कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अतिथियों के भोजन में जशपुर के पारम्परिक व्यंजन को शामिल करने के निर्देश दिए है। साथ ही मेहमानों का स्वागत जशपुर के पारंपरिक रीति रिवाज से करने की भी तैयारी चल रही हैं। कलेक्टर ने डाक्टरों की टीम को सक्रिय रहने के लिए कहा है। और ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए है। जशपुर के प्राकृतिक सौंदर्य को निकट से परिचय करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा रूपरेखा तैयार की जा रही है। ताकि मेहमान अपने साथ बहुत सारी यादें लेकर जाए। उन्होंने स्वागत द्वार और पर्यटन स्थलों की फोटो प्रदर्शनी भी लगाने के लिए कहा ताकि अतिथियों को सरगुजा संभाग के पर्यटन स्थलों की अनुभूति हो सके। बैठक में उप मुख्यमंत्री के साथ विभिन्न मंत्रियों के आने की संभावना है। इसमें सरगुजा प्राधिकरण के सदस्य भी शामिल होंगे। उन्होंने मंत्रियों की बैठक की व्यस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। फोल्डर तैयार करने के साथ माइक साउथ सिस्टम और एलईडी स्क्रीन, पेयजल साफ - सफाई, विघुत जनरेटर विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

# कवर्धा के पीजी कॉलेज मैदान में 17 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक स्वदेशी मेला का होगा आयोजन

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com




कवर्धा के स्थानीय पीजी कॉलेज मैदान में 17 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक स्वदेशी मेला का आयोजन किया जाएगा। स्वदेशी जागरण फाउंडेशन की इकाई भारतीय विपणन विकास केंद्र द्वारा छत्तीसगढ़ के महानगरों में स्वदेशी मेले का सफल आयोजन किया जाता है। उपमुख्यमत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से पहली बार कवर्धा में इसका आयोजन किया जा रहा है। विगत दिनों सांसद संतोष पाण्डेय ने स्वदेशी मेला की तैयारियों की शुरुआत मेला स्थल पर विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया था। स्वदेशी मेला में विभिन्न राज्यों से स्वदेशी उत्पादों के हैंडीक्राफ्ट, हैंडलूम के अलावा लखनऊ, बिहार, मध्यप्रदेश, दिल्ली, पंजाब और कश्मीर तक के स्टाल की प्रदर्शनी लगेगी साथ ही प्रतिदिन भव्य सांस्कृतिक कायक्रमों का आयोजन किया जाएगा। स्वदेशी मेला आयोजन के लिए स्थानीय स्तर पर संचालन समिति का गठन किया गया है इसके अतिरिक्त स्थानीय उत्पादों को भी मेले में प्रदर्शनी के लिए स्थान दिया जाएगा। स्वदेशी मेले का मुख्य उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना तथा लोगों तक स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूकता पैदा करना है। स्वदेशी मेला को लेकर जिले के नागरिकों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। स्वदेशी मेला में 150 से अधिक स्टाल, सांस्कृतिक कार्यक्रम कें लिए मंच और संचालन के लिए आफिस का भव्य सेटअप बनाया जाएगा।

# 09 लाख से अधिक मुल्य के ब्राउन शुगर सहित 06 आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com




09 लाख से अधिक मुल्य के ब्राउन शुगर सहित 06 आरोपियों को गिरफ्तार करने में मुंगेली पुलिस को बड़ी सफलता मिली । मुगेली पुलिस ने अन्तर्राज्यीय ब्राउन शुगर की तस्करी करने वाले 06 आरोपी गिरफ्तार किया। उनके पास से 46 ग्राम ब्राउन शुगर जिसकी कीमती 9 लाख 20 हजार रूपये एवं तस्करी में प्रयुक्त वाहन अर्टिगा कार क्रमांक ब्ळ ज्ञ 4790 को जप्त किया है। गौरतलब हो कि जिला गठन के बाद नशीले पदार्थ ब्राउन शुगर के विरूद्ध मुंगेली में पहली बडी कार्यवाही को अंजाम दिया गया । छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नशे के अवैध कार्य करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी कडी में पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज बिलासपुर संजीव शुक्ला(भापुसे) के दिशा-निर्देश एवं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल (भापुसे) के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के पर्यवेक्षण में कल 13 अक्टुबर को जिले के साइबर सेल की टीम एवं थाना जरहागांव को मुखबीर के जरिये सूचना प्राप्त हुई कि सफेद रंग के अर्टिगा वाहन में कुछ व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर की तस्करी करते हुये अंबिकापुर-बिलासपुर से मुंगेली की तरफआने वाले हैं। सूचना प्राप्त होने पर तत्काल घेराबंदी एवं धर पकड़ हेतु अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग टीम को तैनात किया गया। इसी दौरान शाम तकरीबन 4-5 बजे के मध्य बिलासपुर तरफसे एक अर्टिगा कार क्रमांक 4790 आते दिखी जिसे पूर्व से तैनात पुलिस की टीम द्वारा घेराबंदी कर रोका गया। कार में 06 व्यक्ति सवार थे। छक्ै एक्ट के प्रावधानों का पालन करते हुये कार एवं उसमें सवार व्यक्तियों की विधिवत् तलाशी ली गई। कार के अंदर रखे कैरी बैग के अंदर अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर मिलने पर सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर एवं तस्करी में प्रयुक्त वाहन अर्टिगा कार को जप्त किया गया।

# श्री रामलला दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का दल हुआ रवाना

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com





श्री रामलला दर्शन के लिए जिले से श्रद्धालुओं का दल आज 14 अक्टूबर को रवाना हुआ। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री टेकचंद अग्रवाल और उप संचालक,समाज कल्याण विकास श्रीमती बरखा कासू सुबह कलेक्ट्रेट परिसर से तीर्थ यात्रियों की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) में श्री रामलला के दर्शन करेंगे। सीईओ श्री अग्रवाल ने सभी यात्री श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। इस अवसर पर चिकित्सक, सीईओ जनपद सहित कर्मचारी उपस्थित थे। राज्य शासन द्वारा राज्य के राम भक्तों के लिए निःशुल्क अयोध्या धाम में श्रीराम के दर्शन हेतु श्री रामलला दर्शन योजना की शुरुआत की गई है। ट्रेन के माध्यम से प्रत्येक जिलों से चयन कर उन्हें रामलला के दर्शन हेतु ले जाया जा रहा है। इस तरह की योजनाएं न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के प्रति लोगों की रुचि बढ़ाती हैं, बल्कि उन्हें उन स्थलों का अनुभव करने का मौका भी देती हैं जिन्हें वे सामान्यतः आर्थिक कारणों से नहीं देख पाते। श्रद्धालुओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया और बताया कि इस योजना से हम लोगों का श्रीराम के दर्शन करने का सपना पूरा हो रहा है।

# पालिका आम निर्वाचन और पंचायत निर्वाचन 2024 के लिए निर्वाचक नामावली तैयार करने कार्यक्रम निर्धारित

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

राज्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार नगर पालिका आम निर्वाचन 2024 और पंचायत निर्वाचन 2024 के लिए निर्वाचक नामावली तैयार करने कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू ने बताया कि नगर पालिका आम निर्वाचन 2024 के लिए निर्वाचन नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन एवं दावे तथा आपत्तियां 16 अक्टूबर से प्रारंभ होगी। दावा, आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि व समय 23 अक्टूबर दोपहर 03 बजे तक, दावा, आपत्ति के निपटारे की अंतिम तारिख 29 अक्टूबर 2024 निर्धारित किया गया है। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 22 नवंबर 2024 को किया जाएगा।अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी साहू ने बताया कि पंचायत निर्वाचन 2024 के लिए निर्वाचन नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन एवं दावे तथा आपत्तियां 24 अक्टूबर से प्रारंभ होगी। दावा, आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि व समय 29 अक्टूबर दोपहर 03 बजे तक, दावा, आपत्ति के निपटारे की अंतिम तारिख 04 नवंबर 2024 को निर्धारित किया गया है। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 29 नवंबर 2024 को किया जाएगा।

## जिले के शेष बचे अंशधारी सदस्यों को रियायती दर पर शक्कर का वितरण 16 अक्टूबर से प्रारंभ

**कवर्धा।** भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा में अंशधारी गन्ना उत्पादक अंशधारी सदस्यों को रियायती दर राशि 25 रूपए प्रति किग्रा पर शक्क र का वितरण का शुभांरभ उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के द्वारा प्रारंभ किया गया था। कारखाना द्वारा पहले गन्ना उत्पादक अंशधारी सदस्यों को रियायती दर पर शक्क र वितरण किया गया।

# अतिथियों का स्वागत जशपुर के पारंपरिक रीति रिवाज से किया जाएगा

■ पारंपरिक व्यंजन भी भोजन में परोसा जाएगा

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आगामी 21 अक्टूबर को सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक में शामिल होंगे। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने और पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारीयों की बैठक लेकर सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू और जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर कहा इतनी बड़ी बैठक होने वाली है। इसकी तैयारी में किसी भी प्रकार कि कोई कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अतिथियों के भोजन में जशपुर के पारम्परिक व्यंजन को शामिल करने के निर्देश दिए है। साथ ही मेहमानों का स्वागत जशपुर के पारंपरिक रीति रिवाज से करने की भी तैयारी चल रही हैं। कलेक्टर ने डाक्टरों की टीम को सक्रिय रहने के लिए कहा है। और ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए है। जशपुर के प्राकृतिक सौंदर्य को निकट से परिचय करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा रूपरेखा तैयार की जा रही है। ताकि मेहमान अपने साथ बहुत सारी यादें लेकर जाए। उन्होंने स्वागत द्वार और पर्यटन स्थलों की फोटो प्रदर्शनी भी लगाने के लिए कहा ताकि अतिथियों को सरगुजा संभाग के पर्यटन स्थलों की अनुभूति हो सके। बैठक में उप मुख्यमंत्री के साथ विभिन्न मंत्रियों के आने की संभावना है। इसमें सरगुजा प्राधिकरण के सदस्य भी शामिल होंगे। उन्होंने मंत्रियों की बैठक की व्यस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। फोल्डर तैयार करने के साथ माइक साउथ सिस्टम और एलईडी स्क्रीन, पेयजल साफ - सफाई, विघुत जनरेटर विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

# कृषकों का दल पांच दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर बस्तर संभाग प्रस्थान

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



कृषि विभाग में संचालित केन्द्र प्रवर्तित परंपरागत कृषि विकास योजना अंतर्गत विकासखण्ड बोड़ला के लरबक्की, अमेरा, राली कलस्टर के कृषकों को राज्य के अंदर बस्तर संभाग के जिले (जगदलपुर, नारायणपुर, कोण्डागांव, दंतेवाड़ा) में जिले के 71 कृषकों को 14 से 18 अक्टूबर तक भ्रमण के लिए रवाना किया गया। राज्य के बाहर उक्त कृषकों को भ्रमण के लिए मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट ने हरि झण्डी दिखाकर शुभकानाओं सहित रवाना किया। कृषि विभाग के उपसंचालक मोहंती ने बताया कि भ्रमण में कृषकों को मूल्यप्रवर्धित उत्पादों का प्रसंस्करण, विपणन एवं नवीन कृषि तकनीकी जानकारी प्रदाय किया जाना है। भ्रमण के दौरान रामकृष्ण मिशन आश्रम, नारायणपुर एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, नारायणपुर कृषक प्रशिक्षण केन्द्र जगदलपुर तथा उन्नतशील एवं प्रगतिशील खेती करने वाले कृषकों के प्रक्षेत्र में भ्रमण एवं परिचर्चा कर उन्नत तकनीकी की जानकारी प्राप्त करेंगे। इस दौरान डिप्टी प्रोजेक्ट डायरेक्टर (आत्मा) सुशील वर्मा, नोडल अधिकारी सारांश शर्मा, कृषि विकास अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी अमित कुमार वास्तव, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।


## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बस्तर मण्डल, जगदलपुर

// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //
https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैः-
निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि :- 25/10/2024

| स. क्र. | नि.आ.सू.क्र./ नि.आ.सू.दिनांक | सिस्टम निविदा क्रमांक निविदा का क्रम | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 |
| 1 | 43/2024-25 दिनांक 10/10/2024 | 159713 (प्रथम आमंत्रण) | उपसंभाग क्र. 01 जगदलपुर के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों मुख्यालय क्र. 01, 02, 03 एवं डिमरापाल मेडिकल कॉलेज भवनों का वार्षिक संधारण कार्य। | 43.00 |
| 2 | 44/2024-25 दिनांक 10/10/2024 | 159718 (प्रथम आमंत्रण) | उपसंभाग क्र. 01 जगदलपुर के अंतर्गत आवासीय भवनों मुख्यालय क्र. 01, 02, 03 एवं डिमरापाल मेडिकल कॉलेज भवनों का वार्षिक संधारण कार्य। | 43.00 |
| 3 | 45/2024-25 दिनांक 10/10/2024 | 159719 (प्रथम आमंत्रण) | उपसंभाग क्र. 01 जगदलपुर के मुख्यालय क्र. 01, 02, 03 हेतु सड़क सामग्री सप्लाई कार्य। | 15.00 |
| 4 | 46/2024-25 दिनांक 10/10/2024 | 159720 (प्रथम आमंत्रण) | उपसंभाग क्र. 01 जगदलपुर के मुख्यालय क्र. 01, 02, 03 के अन्तर्गत गैर आवासीय भवनों का रंगाई-पोताई कार्य। | 30.00 |
| 5 | 47/2024-25 दिनांक 10/10/2024 | 159721 (प्रथम आमंत्रण) | उपसंभाग क्र. 01 जगदलपुर के मुख्यालय क्र. 01, 02, 03 एवं डिमरापाल मेडिकल कॉलेज के अन्तर्गत आवासीय भवनों का रंगाई-पोताई कार्य। | 50.00 |
| 6 | 48/2024-25 दिनांक 10/10/2024 | 159722 (प्रथम आमंत्रण) | उपसंभाग क्र. 01 जगदलपुर के अन्तर्गत डिमरापाल मेडिकल कॉलेज के गैर आवासीय भवनों का रंगाई-पोताई कार्य। | 40.00 |
| 7 | 49/2024-25 दिनांक 10/10/2024 | 159723 (प्रथम आमंत्रण) | उपसंभाग क्र. 03 जगदलपुर के अन्तर्गत (बकावण्ड उपखण्ड) आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का रंगाई-पोताई कार्य। | 20.00 |
| 8 | 50/2024-25 दिनांक 10/10/2024 | 159724 (प्रथम आमंत्रण) | उपसंभाग क्र. 03 जगदलपुर के अन्तर्गत (तोकापाल उपखण्ड) आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का रंगाई-पोताई कार्य। | 20.00 |
| 9 | 51/2024-25 दिनांक 10/10/2024 | 159725 (प्रथम आमंत्रण) | उपसंभाग क्र. 03 जगदलपुर के अन्तर्गत (तोकापाल एवं बकावण्ड उपखण्ड) आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का वार्षिक संधारण कार्य। | 10.00 |
| 10 | 52/2024-25 दिनांक 10/10/2024 | 159726 (प्रथम आमंत्रण) | उपसंभाग क्र. 02 जगदलपुर के अन्तर्गत (धरमपुरा, आड़ावाल/नगननार नानगुर उपखण्ड) गैर आवासीय भवनों का रंगाई-पोताई कार्य। | 26.00 |
| 11 | 53/2024-25 दिनांक 10/10/2024 | 159727 (प्रथम आमंत्रण) | उपसंभाग क्र. 02 जगदलपुर के अन्तर्गत (धरमपुरा, बोधघाट, आड़ावाल/नानगुर उपखण्ड) आवासीय भवनों का रंगाई-पोताई कार्य। | 36.00 |
| 12 | 54/2024-25 दिनांक 10/10/2024 | 159729 (प्रथम आमंत्रण) | उपसंभाग क्र. 02 जगदलपुर के अन्तर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का वार्षिक संधारण कार्य। | 20.00 |
| 13 | 55/2024-25 दिनांक 10/10/2024 | 159730 (प्रथम आमंत्रण) | उपसंभाग क्र. 02 जगदलपुर के अन्तर्गत आवासीय भवनों का वार्षिक संधारण कार्य। | 15.00 |
| 14 | 56/2024-25 दिनांक 10/10/2024 | 159731 (प्रथम आमंत्रण) | उपसंभाग क्र. 01 बीजापुर के अन्तर्गत कलेक्टोरेट ऑफिस भवन का रंगाई-पोताई एवं संधारण मरम्मत कार्य। | 10.00 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते हैं।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग
बस्तर मंडल जगदलपुर

G-242503163/4


## जल शक्ति अभियानः कैच द रेन-2024 के तहत बैठक अधिकारियों की बैठक संपन्न'

# जिले में जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन को बढ़ावा दें लोगों को जागरूक करें : पंकज कुमार

■ जल शक्ति अभियान के सफल कार्यान्वयन के लिए सभी अधिकारी मिलकर कार्य करें

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




केंद्रीय नोडल अधिकारी पंकज कुमार (आईआरएस) ने आज कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में "जल शक्ति अभियानरू कैच द रेन-2024" के तहत जिला अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में वैज्ञानिक एवं तकनीकी अधिकारी केंद्रीय भूमि जल बोर्ड रायपुर डॉ रजनी कांत शर्मा साथ थे। संबंधित विभिन्न विभागों लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, वन, कृषि,जनपद,महिला एवं बाल विकास, जल संसाधन, सहित नगरीय निकाय के जिला अधिकारी उपस्थित थे। पंकज कुमार ने बैठक में जिले में जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने के लिए की गई योजनाओं की जानकारी ली और भविष्य की कार्य योजनाओं पर चर्चा की। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, टेकचन्द्र अग्रवाल ने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से अभियान की प्रगति और आगामी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने जल संसाधनों के प्रबंधन, वर्षा जल के संचयन और जिले में जल संकट को कम करने के लिए की गई पहल पर विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक के दौरान जिले में जल संचयन के लिए किए गए कार्यों की सराहना की और आगे की कार्य योजना पर चर्चा की। पंकज कुमार ने जल शक्ति अभियान के सफल कार्यान्वयन के लिए सभी अधिकारियों को मिलकर कार्य करने कहा, जिससे जिले में जल संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित हो सके। उन्होंने ग्रामीण जनों को जागरूक करने के साथ जल संचयन करने के बारे में बेहतर तरीके से समझाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जल के प्रत्येक बूंद को सहेजना और जल संरक्षण के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना है।'उन्होंने सभी स्कूल भवनों, आंगनबाड़ी केंद्रों और स्वास्थ्य विभाग के भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने स्कूलों में बच्चों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए भी कहा। ताकि अभियान का उद्देश्य भी सफल हो। नोडल पंकज कुमार ने अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में जल संरक्षण की दिशा में कार्य योजना बनाकर कार्य करें और लोगों को इस अभियान से जोड़े।' बैठक में पंकज ने कहा कि जिले के सभी सरकारी और गैर-सरकारी भवनों में जल संचयन की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया और लोगों को जल बचाने के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाये। जिससे जिले में जल संरक्षण और संवर्धन की दिशा में बेहतर काम हो। सभी अधिकारियों ने जल संरक्षण को सफल बनाने के लिए अपने-अपने विभागों के माध्यम से सक्रिय रूप से कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। सीईओ जिला पंचायत अग्रवाल ने पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। आभार व्यक्त कार्यपालन अभियंता,जल संसाधन सीजी चन्द्रशेखर शिवहरे ने किया।

## संपादकीय

### मोदी की लाओस यात्रा भारत-आसियान सम्मेलन

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** की लाओस यात्रा 21वें भारत-आसियान सम्मेलन में भाग लेने के लिए थी। मोदी ने कहा कि यह यात्रा दक्षिणपूर्व एशियाई देशों-'आसियान' से राजनयिक संबंध मजबूत करने को लक्षित थी। कनेक्टिविटी बढ़ाने तथा संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री मोदी ने इस यात्रा में समग्र 10 सूत्री कार्ययोजना की घोषणा की जिसका उद्देश्य भारत-आसियान साझेदारी और मजबूत करना था। यह पहल न केवल वैश्विक अनिश्चितता के समय में क्षेत्रीय सहयोग मजबूत करने का महत्व रेखांकित करती है, बल्कि इसमें 21वीं शताब्दी का परिदृश्य विकसित करने की संभावना है। प्रधानमंत्री मोदी ने जोर दिया कि इक्कीसवीं शताब्दी 'भारत-आसियान की होगी।' प्रधानमंत्री मोदी ने जोर दिया कि भारत और आसियान देशों के बीच संबंध और सहयोग अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। ये संबंध खासकर विभिन्न क्षेत्रों में जारी टकराव तथा विश्व स्तर पर बढ़ रहे तनाव को देखते हुए जरूरी हैं। उन्होंने जोर दिया कि भारत-आसियान मैत्री, समन्वय संवाद तथा सहयोग ऐसे समय जरूरी है जब दुनिया के अनेक हिस्से टकरावों और तनावों का सामना कर रहे हैं। यह शिखर सम्मेलन भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति के एक दशक पूरे होने पर उसकी समीक्षा के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। इस नीति ने पिछले दस साल में भारत-आसियान



व्यापार को दूना कर 130 बिलियन डालर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अनेक प्रमुख क्षेत्रों में आसियान देशों से व्यापक संबंधों का दृष्टिकोण पेश किया है। पहलों में से एक कनेक्टिविटी बढ़ाना है जिसके लिए सात आसियान देशों तथा भारत के बीच सीधी उड़ानें शुरू की जा रही हैं। इस कदम से यात्रा और व्यापार आसान होगा जिससे इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्थाओं के साथ जुड़ाव और मजबूत होगा। तकनीक के क्षेत्र में प्रधानमंत्री मोदी ने सिंगापुर के साथ 'फिनटेक कनेक्टिविटी' शुरू करने की घोषणा की जो आसियान देशों के साथ व्यापक सहयोग का एक उदाहरण पेश करती है। इस पहल से तकनीकी प्रगति को गति मिलेगी तथा वित्तीय समावेशन बढ़ेगा जो उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। सांस्कृतिक संबंधों पर भी खास ध्यान दिया जा रहा है। लाओस, कंबोडिया, वियतनाम, म्यांमार और इंडोनेशिया के साथ साझा विरासत को मजबूत किया जा रहा है। यह क्षेत्रीय इतिहास तथा पहचान मजबूत करने व उसके संरक्षण की भारतीय प्रतिबद्धता के अनुरूप है। प्रधानमंत्री मोदी ने आसियान-भारत मुक्त व्यापार समझौते-ऐटिगा को पूरा करने की समीक्षा की जिससे दोनों पक्षों के बीच ज्यादा आर्थिक संभावनायें पैदा होंगी। उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में आदान-प्रदान पर भी जोर दिया। आसियान देशों के 300 से अधिक छात्रों को नालन्दा विश्वविद्यालय में स्कालरशिप से लाभ मिला है जिससे शिक्षा क्षेत्र में संबंध और मजबूत होंगे। दक्षिण चीन सागर में समुद्री विवादों के बढ़ने तथा म्यांमार में जारी संकट से खास चिन्ता पैदा हो गई है। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी ने 'इंडो-पैसिफिक ओसेन्स इनीशियेटिव' पर जोर दिया है जिसमें क्षेत्रीय स्थायित्व व सुरक्षा सुनिश्चित करने को रेखांकित किया गया है। मानवीय सहयोग के साथ यह दृष्टिकोण प्राकृतिक विभीषिकाओं के समय आसियान देशों की सहायता के लिए भारत की प्रतिबद्धता प्रकट करता है। भारत का दृष्टिकोण जन-केन्द्रित है तथा टिकाऊ विकास के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट करता है जो दोनों क्षेत्रों में नागरिकों की आवश्यकताओं व आकांक्षाओं के अनुरूप है। भारत और आसियान देशों के बीच शताब्दियों पुरानी विरासत और मूल्यों का साझा है जिनको पुनर्जीवित करने का समय आ गया है।

# सूचना अधिकार में व्यावहारिक सुधार

**सूचना अधिकार कानून-आरटीआई अपनी स्थापना के 19 साल पूरे कर रहा है। इसके नियमों में संशोधन कर इसका दायरा बढ़ाना तथा सुनिश्चित करना जरूरी है कि यह अपना उद्देश्य प्रभावी रूप से पूरा करे।**



**सुभाष चंद्र अग्रवाल**
(लेखक, आरटीआई एक्टिविस्ट हैं)




सूचना अधिकार कानून-आरटीआई अपनी स्थापना के 19 साल पूरे कर रहा है। समय आ गया है कि इसके नियमों में संशोधन कर इसका दायरा बढ़ाना तथा सुनिश्चित करना जरूरी है कि यह अपना उद्देश्य प्रभावी रूप से पूरा करे। सूचना अधिकार कानून-आरटीआई एक्ट को 12 अक्टूबर, 2005 को लागू किया गया था। यह भारत में सरकार की पारदर्शिता तथा जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में अत्यन्त महत्वपूर्ण कदम था। पिछले वर्षों में इस कानून ने अनेक भ्रष्टाचार मामलों तथा अनेक घोटालों को उजागर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसने नागरिकों को सार्वजनिक अधिकारियों से सूचनायें मांगने के लिए सशक्त बनाया है। लेकिन जहां कानून ने असंदिग्ध रूप से महत्वपूर्ण सुधार लाने में सहायता की है, वहीं स्वयं कानून के बजाय आरटीआई नियमों में कुछ संशोधन और सुधार जरूरी हो गए हैं।

इनसे कानून के दुरुपयोग को रोकने, प्रक्रियाओं को सहज और गतिशील बनाने तथा अदालतों पर बोझ घटाने में सहायता मिलेगी। कानून का दुरुपयोग रोकने तथा अनावश्यक मुकदमेबाजी से बचने के लिए ये सुधार जरूरी हैं। आज आरटीआई ढांचे के समक्ष एक प्रमुख चुनौती व्यक्तियों और समूहों द्वारा व्यवस्था का दुरुपयोग है।

इसके कारण अनावश्यक अपीलें होती हैं तथा अदालतों में इसे चुनौतियां दी जाती हैं। केन्द्रीय सूचना आयोग-सीआईसी को आरटीआई अपीलों से निपटने का काम दिया गया है, लेकिन यह अक्सर फर्जी मामलों से दबा रहता है जिसके कारण व्यवस्था बाधित होती है तथा असली शिकायतों के समाधान में विलंब होता है। खासकर सार्वजनिक-निजी साझीदारी-पीपीपी, खेल संस्थानों तथा सहकारिताओं के मामले में आरटीआई नियमों में संशोधन से यह दबाव काफी सीमा तक घट सकता है।

पीपीपी, खेल संस्थानों तथा सहकारिताओं को आरटीआई कानून के अंतर्गत सार्वजनिक अधिकारी घोषित करने से काफी समय और संसाधन बचाए जा सकते हैं। ये उद्यम अक्सर भारी मात्रा में सार्वजनिक धन प्रयोग करते हैं और उनको आरटीआई के दायरे से बाहर रखने के कारण पारदर्शिता पर सवाल उठते हैं। उनको कानून में शामिल करने से न केवल जवाबदेही बढ़ेगी, बल्कि ऐसे मामलों की संख्या में भी कमी आएगी जो सूचना आयुक्तों व अदालतों में पहुंचते हैं। इससे पूरी आरटीआई प्रक्रिया सहज बनेगी। सरकार को आरटीआई में खास क्षेत्र आबंटित किए जाने चाहिए। सरकारी जमीनों के आबंटन तथा आवास आबंटनों के मुद्दे पर ध्यान देना जरूरी है। अनेक सरकारी-स्वामित्व वाली संपत्तियों को सस्ती दरों पर आबंटित किया जाता है जिससे पक्षपात या भ्रष्टाचार संबंधी चिन्ता पैदा होती है।

इसे संबोधित करने के लिए ऐसे सभी आबंटनों को आरटीआई कानून के अंतर्गत समीक्षा के क्षेत्र में लाया जाना चाहिए। इसके अलावा भावी आबंटनों के साथ यह शर्त लगा देनी चाहिए कि लाभार्थी प्रक्रिया के प्रति पारदर्शिता सुनिश्चित करेंगे तथा जनता के प्रति जवाबदेह होंगे। इससे सूचना आयुक्तों पर दबाव घटेगा क्योंकि इससे शर्तों का पालन न करने वाले आबंटी हतोत्साहित होंगे तथा जनता की नजर से बच नहीं सकेंगे। इससे नागरिकों को सवाल पूछने और निगरानी का अवसर मिलेगा कि सार्वजनिक संसाधनों का आबंटन कैसे किया जाता है। इससे पारदर्शी प्रशासन को बढ़ावा मिलेगा। उच्च पदों संबंधी आरटीआई प्रार्थनाओं को सहज बनाया जाना चाहिए।

राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्रियों को अक्सर ऐसी आरटीआई प्रार्थनापत्र मिलते हैं जिनका संबंध सीधे उनके कामकाज से होना जरूरी न हो। क्षमता में सुधार के लिए कार्यालयों को केवल ऐसी आरटीआई प्रार्थनाओं पर गौर करना चाहिए जिनका संबंध सीधे उनकी भूमिका से हो। दूसरे प्रकार के आरटीआई प्रार्थनापत्रों को प्रार्थियों को इस सलाह के साथ वापस कर देना चाहिए कि वे किस विभाग या अधिकारी से संपर्क करें। इस उपाय से उच्च पदों पर बोझ कम होगा तथा यह भी सुनिश्चित होगा कि नागरिकों को सही स्रोत से सूचनायें मिल सकें।

निजी क्षेत्र के बैंकों को आरटीआई के अंतर्गत लाया जाना चाहिए। लंबे समय से वित्तीय क्षेत्र में ज्यादा पारदर्शिता की आवश्यकता महसूस की जा रही है। यह खासकर हालिया घोटालों तथा वित्तीय प्रबंधन के कारण जरूरी हो गया है। जहां सार्वजनिक क्षेत्र बैंक आरटीआई के दायरे में आते हैं, वहीं निजी क्षेत्र कानून के दायरे से बाहर है। सार्वजनिक धन का निजी बैंकों के माध्यम से बढ़ता उपायेग तथा अर्थव्यवस्था में उनकी बढ़ती सहभागिता के कारण यह चिन्ता का विषय है। इस कमी को दूर करने के लिए निजी क्षेत्र बैंकों को आरटीआई कानून के दायरे में लाया जाना चाहिए। इससे नागरिकों को उनके वित्तीय व्यवहारों के बारे में सूचना प्राप्त करने का अधिकार मिलेगा तथा इस क्षेत्र में जवाबदेही बढ़ेगी। आरटीआई फीस को मानक बनाने तथा उसका दुरुपयोग रोकना जरूरी है। वर्तमान आरटीआई ढांचे के सामने राज्यों में प्रार्थना फीस में असंगति एक बड़ी समस्या है। आरटीआई फीस को पूरे देश में 50 रुपये किया जाना चाहिए जिसमें 20 फोटोकापी पेजों की लागत शामिल हो।

इसके साथ ही अपीलों के लिए फीस समाप्त की जानी चाहिए। इन परिवर्तनों से नागरिकों के लिए प्रक्रिया सरल बनेगी तथा विभिन्न राज्यों में विभिन्न स्तरों पर व्याप्त भ्रम दूर होगा। लेकिन कुछ निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा आरटीआई प्रार्थनाओं के दुरुपयोग पर लगाम लगाना बहुत जरूरी है। उदाहरण के लिए, अनेक ठेकेदार गरीबी रेखा के नीचे वाले-बीपीएल कामगारों का प्रयोग कर उनके माध्यम से आरटीआई प्रार्थनायें करते हैं ताकि फीस से बचा जा सके। इसे रोकने के लिए बीपीएल प्रार्थियों के लिए मुफ्त प्राविधान 20 पेजों तक सीमित किया जाना चाहिए। अतिरिक्त पेज होने पर एक मामूली धनराशि ली जानी चाहिए। इससे यह सुनिश्चित होगा कि व्यवस्था का दुरुपयोग न हो तथा वास्तव में वंचित लोगों को सूचना प्राप्त करने के लिए ज्यादा फीस न देनी पड़े। सूचना अधिकार कानून तक वास्तविक प्रार्थियों की पहुंच बढ़ाने के लिए पूरी प्रक्रिया का अधिकाधिक डिजिटलीकरण किया जाना चाहिए। आरटीआई प्रक्रिया को सहज और सुगम बनाने के लिए पूरे देश के पोस्टआफिसों को आरटीआई प्रार्थनाओं को मुफ्त भेजने की व्यवस्था करनी चाहिए।

इससे नागरिकों, खासकर ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों को बिना डाक खर्च की चिन्ता किए अपने आरटीआई प्रार्थनापत्र भेजने में सहायता मिलेगी। इसके साथ ही आरटीआई सूचना मांगने के लिए आईडी प्रूफ को अनिवार्य किया जाना चाहिए। पंजाब और हरियाणा जैसे कुछ राज्यों ने ऐसी व्यवस्था लागू की है। इसे अनिवार्य रूप से पूरे देश में लागू किया जाना चाहिए। इससे आरटीआई व्यवस्था का दुरुपयोग काफी सीमा तक थमेगा तथा यह सुनिश्चित होगा कि वास्तव में जरूरतमंद लोग ही आरटीआई कानून के माध्यम से आवश्यक सूचनायें मांगें। 'आनलाइन आरटीआई पोर्टलों' को शुरू करना आरटीआई को जनता के निकट ले जाने में अत्यधिक सहायक सिद्ध होगा। देश के सभी राज्यों को नेशनल इन्फार्मेटिक्स सेंटर-एनआईसी द्वारा डिजाइन की गई आरटीआई वेबसाइटें जारी करनी चाहिए।

इससे पूरी आरटीआई व्यवस्था का मानकीकरण होगा तथा इससे यह भी सुनिश्चित होगा कि आरटीआई सूचनायें मांगने वालों को सुविधा मिलेगी। इन पोर्टलों पर 'आटो ईमेल प्रतिक्रिया' तथा 'एलर्ट' की सुविधा दी जानी चाहिए। इससे आरटीआई सूचनायें मांगने वालों को अपनी प्रार्थनाओं पर कार्रवाई की स्थिति बहुत आसानी से पता चल जाएगी। इसके साथ ही पुराने पड़ चुके आरटीआई नियमों को समाप्त करने की जरूरत है। इनमें कुछ राज्यों द्वारा लागू किए नियम हैं। दिल्ली आरटीआई एक्ट जैसे राज्य कानूनों को समाप्त कर पूरे देश में राष्ट्रीय आरटीआई कानून लागू किया जाना चाहिए।

# चिंता से मुक्ति पाने की आवश्यकता

> चिंता से निपटने के लिए माइंडफुलनेस, मानसिक लचीलापन और तनाव से राहत देने वाली गतिविधियां ज़रूरी हैं।



**रवि वलूरी**
(लेखक, रेलवे से संबंधित हैं)

समीर के पास एक प्रतिष्ठित संस्थान से प्रबंधन की डिग्री थी। मार्केटिंग मैनेजमेंट के क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल करने के बाद, वह मार्केटिंग के 4पी में पारंगत था। अपने जीवन के इस मोड़ पर, युवा प्रशिक्षु ने कंपनी में शामिल होने, अत्यधिक वेतन पाने और कुछ समय में शहर के एक अप-मार्केट इलाके में एक आलीशान संपत्ति हासिल करने के बारे में कल्पना की। लेकिन अंतिम बाधा - साक्षात्कार को सफलतापूर्वक पार करने के बारे में उसके मन में झिझक का एक तत्व था।

चूंकि मन वर्तमान क्षण में नहीं था और इसके बजाय भविष्य पर केंद्रित था, इसलिए वह चिंतित और लगातार उत्तेजित रहता था। इस प्रकार, वह संतुलन, संतुलन या समभाव की स्थिति में नहीं था। इस बीच, सिद्धार्थ, उनके स्कूल के साथी ने वास्तुकला में स्नातक की उपाधि प्राप्त की और शहर की एक प्रसिद्ध वास्तुशिल्प फर्म में प्रशिक्षुता प्राप्त की। हालांकि, सिद्धार्थ इमारतों को डिज़ाइन करने से संतुष्ट नहीं था। उनके पास एक ज्वरग्रस्त मन था जो मनोरंजन डिजाइन नामक एक नए क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए तड़प रहा था। इस युवा ने खुद को सिखाया और अत्याधुनिक और नए कौशल सेट हासिल किए।

नए अर्जित ज्ञान से मजबूत होकर उन्होंने दूरदर्शी और सरल ग्राफिक्स, रेखाचित्र और पेंटिंग से युक्त एक पोर्टफोलियो तैयार किया। फिर भी, मानसिक रूप से वह चिंतित, तनावग्रस्त और तनावग्रस्त थे कि भविष्य में क्या होने वाला है। चिंताजनक परिस्थितियों से पहले आशंकित होना एक सामान्य मानवीय प्रवृत्ति है क्योंकि यह वर्तमान क्षण में नहीं है।



कई व्यक्ति प्लीहा और ततैया जैसे हो जाते हैं। हमेशा पेट के क्षेत्र में मंथन होता है और मन चिंता से ग्रस्त हो जाता है। घातक शस्त्रागार रखने वाले अर्जुन कौरवों की विशाल सेना को देखकर स्तब्ध हो गए। यह तब भी, जब भगवान कृष्ण उनके सारथी थे! कुरुक्षेत्र में टकराव से पहले शून्य घंटे में, उन्होंने अपने हथियार रख दिए। पूर्ण योद्धा धर्म और द्वेष के बीच अंतर नहीं कर सका। भगवान कृष्ण के विश्वरूप दर्शन और दिव्य गीत - भगवद गीता के माध्यम से उनके मन में मौजूद राक्षस अंततः दूर हो गए। मनोवैज्ञानिकों ने ऐसी प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने के लिए दो-आयामी रणनीति विकसित की है, पहला, स्थिति की बारीकी से निगरानी करके और तुरंत और प्रभावी कार्रवाई करके और दूसरा, स्थिति से बचकर और उसे कुंद करके। निगरानी में कई सक्रिय कदम उठाना शामिल है जो मन की तैयारी में मदद करते हैं। किसी महत्वपूर्ण घटना से पहले पहले से और अच्छी तरह से अभ्यास की गई तैयारी; यह तपस्या है और कोई भी इस आधार पर आराम नहीं कर सकता।

मन को दृढ़ और मजबूत होना चाहिए, प्रसिद्ध धनुर्धर अर्जुन की तरह निरंतर अभ्यास करना चाहिए। इस प्रक्रिया में, व्यक्ति मन को अव्यवस्थित करता है और चिंता और भय के बोझ से छुटकारा पाता है। टीकाकरण तकनीक एक और प्रभावी रणनीति है। एक व्यक्ति लगातार अभ्यास और भूमिका निभाने के माध्यम से तनाव के खतरों से खुद को बचाता है। इससे उम्मीदवार मानसिक रूप से मजबूत हो जाता है और वह पूरे आत्मविश्वास और विश्वसनीयता के साथ जांच और मूल्यांकन के लिए तैयार हो जाता है। इसके अलावा, सकारात्मक व्यवहार अपनाना अमूल्य है। इसके अलावा, कुछ ऐसी तरकीबें और रणनीतियां हैं जो उपरोक्त को बढ़ाने में मदद करती हैं। शारीरिक गतिविधि में डूब जाना समझदारी और चतुराई है। इसमें लंबी सैर करना, तैराकी करना, जिम जाना, कोई खेल खेलना या मन को तनावमुक्त करने के लिए योगिक तकनीक सीखना शामिल हो सकता है। ये गतिविधियां एंडोर्फिन रिलीज़ करती हैं जो मन को शांत करती हैं। साथ ही, व्यक्ति तराशा हुआ और स्मार्ट दिखाई देगा। खुश रहने के और भी तरीके हैं। उदाहरण के लिए, आर्ट ऑफ़ लिविंग के हैप्पीनेस प्रोग्राम में शामिल होकर सुदर्शन क्रिया की अनूठी लयबद्ध सांस लेने की तकनीक सीखें जो शरीर और मन को शांत करती है। वर्तमान क्षण में बने रहने के लिए प्राणायाम और ध्यान की विभिन्न तकनीकें सीखें। केवल जब कोई इंसान वर्तमान क्षण में होता है, तो वह चिंता से बचा रहता है और अनुचित और कठिन परिस्थितियों का प्रबंधन कर पाता है?

## आप की बात

### सराहनीय निर्णय

**मध्य प्रदेश** में सरकार द्वारा स्कूलों में किताबी शिक्षा के साथ-साथ व्यवहारिक और तकनीकी शिक्षा दिए जाने का निर्णय सराहनीय है। जिस प्रकार साइंस में पढ़ाई के साथ-साथ प्रेक्टिकल द्वारा हर चीज को अच्छी तरह समझाया जाता है, वैसे ही अन्य विषय के छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ जीवनोपयोगी शिक्षा दी जानी चाहिए। इसी प्रकार विभिन्न व्यवसायों संबंधी जानकारियां भी छात्रों को दी जानी चाहिए। उनको बताया जाना चाहिए कि किस व्यवसाय या विनिर्माण के लिए कहां से कच्चा माल आता है। उसे बनाने में उपयोग में आने वाली मशीनरी और बेचने का पूरा ज्ञान यदि छात्र जीवन में ही मिल जाए तो ऐसे छात्र भविष्य में कभी भी बेरोजगार नहीं रह सकते। इनमें से अधिकांश छात्र समुचित समर्थन के बाद नौकरी मांगने के बजाय अपना स्वतंत्र व्यवसाय कर सकते हैं। वे नौकरी मांगने के बजाय नौकरियां देने वाले भी बन सकते हैं। अर्थशास्त्र, समाजविज्ञान व राजनीतिविज्ञान पढ़ने वाले छात्रों को स्थानीय स्तर पर इन विषयों के व्यावहारिक प्रयोग की जानकारी देने के लिए उनको खास उद्योगों, बाजारों तथा सामाजिक अवसरों पर भ्रमण कराया जा सकता है। विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट लोगों को स्कूल-कालेजों में आमंत्रित कर उनके व्याख्यानों से भी छात्रों में उत्साह पैदा होगा।

**-सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### हरियाणा की राजनीति

**हरियाणा** की राजनीति में विकास और जवाबदेही के आधार पर एक नई दृष्टि का उदय हो रहा है। इस नए दौर में पारंपरिक राजनीति के उपाय और नीतियाँ अब प्रभावी साबित नहीं हो रही हैं। हरियाणा की राजनीति में जो मौजूदा बदलाव देखने को मिल रहा है, वह केवल एक चुनावी लहर नहीं बल्कि जनता की बदलती सोच का सटीक प्रतिबिंब है। अब वह दौर बीत चुका है जब जातिगत समीकरण और भावनात्मक नारे मतदाताओं को प्रभावित कर जाते थे। हरियाणा के मतदाता, खासकर युवा पीढ़ी अब विकास की सटीक दिशा की मांग कर रहे हैं। वे इसका आंकलन सिर्फ वादों से नहीं, बल्कि ठोस नतीजों से कर रहे हैं। नेताओं को यह समझ लेना चाहिए कि अब पारंपरिक राजनीति की चालें काम नहीं करेंगी। आज जनता डिजिटल युग में है जहां हर छोटी-बड़ी बातों पर नजर रखी जाती है। लेकिन क्या यह बदलाव राजनीति के तात्कालिक समीकरणों को बदल देगा या फिर अगले चुनाव तक सब कुछ पुराने ढर्रे पर लौट जाएगा? यह सवाल हरियाणा के राजनीतिक नेतृत्व के सामने है। जनता अब सड़कों और पुलों से आगे बढ़कर शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार में सुधार चाहती है। स्पष्ट है कि हरियाणा के मतदाता अब नतीजे देखने लगे हैं।

**- अवनीश कुमार गुप्ता,** आजमगढ़

### सुरक्षित रेल यात्रा

**भारत** का विशाल रेल नेटवर्क है, लेकिन आये दिन होने वाली रेल दुर्घटनाओ से आमजन चिंतित है। ट्रेनों को बेपटरी करने की कोशिशें लगातार जारी है। लेकिन सजग रेल ड्राइवरों ने अनेक दुर्घटनायें रोकने में सफलता पाई है। इन घटनाओं की जाँच रेलवे के सुरक्षा आयुक्तों, पुलिस और एनआईए को करनी चाहिए। रेल मंत्रालय को कम वेतनमान पर रेलवे ट्रैक की निगरानी के लिये खलासियों की नियुक्तियां करनी चाहिए। लोगों की सुरक्षित रेल यात्रा सुनिश्चित करने के लिए ट्रेन को स्टेशन से रवाना करने से पहले उसकी तकनीकी जांच इंजीनियरों या तकनीक में अच्छी तरह प्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा अनिवार्य रूप से की जानी चाहिए। रेल मंत्रालय ने हर ट्रेन में सुरक्षा कवच लगाने की बात कही है। इस परियोजना को यथासंभव तेजी से पूरा किया जाना चाहिए। अनुशासनहीन व नशे के शिकार रेल कर्मचारियों को तत्काल न केवल सेवा से हटाना चाहिए, बल्कि उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई भी होनी चाहिए। इसके साथ ही रेलवे में सभी पदों पर शीघ्रातिशीघ्र भर्ती सुनिश्चित कर परिचालन कर्मियों पर ज्यादा बोझ से बचाने के प्रयास होने चाहिए। तकनीक प्रयोग के साथ बेहतर मानव-संसाधन सुरक्षित रेल यात्रा की गारंटी हैं।

**कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** उन्नाव

### मोहन भागवत का आह्वान

**आरएसएस प्रमुख** मोहन भागवत ने आह्वान किया है कि हिंदुओं में एकजुटता जरूरी है। उन्होंने बांग्लादेश का उदाहरण दिया कि जब हिंदू इकट्ठा हुआ तो बचाव हुआ। आरएसएस प्रमुख चाहते हैं कि भारत में रहने वाले सभी हिंदुओं को मिलकर साथ रहना चाहिए। उनका यह आह्वान स्वागत योग्य है। लेकिन हिंदू समाज की सामाजिक संरचना के कारण यह बेहद जटिल मुद्दा भी है। हिंदू समाज जाति, संप्रदाय और गोत्र में बंटा हुआ है और इनके बीच भेदभाव साफ दिखाई देता है। बहुत सी जातियों को सदियों तक दबाकर रखा गया है और आज भी उन पर अत्याचार होते हैं। आरएसएस को हिंदू धर्म में फैली सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने की दिशा में अपने प्रयास तेज करने चाहिए। हालांकि, आरएसएस अपनी स्थापना के समय से ही इन प्रयासों में लगा है, पर इतिहास की विकृत सोच तथा निहित स्वार्थी तत्वों की वर्चस्व की इच्छा के कारण यह काम आसान नहीं है। इस दिशा में संघर्षरत आरएसएस अपनी स्थापना के सौ वर्ष पूरे कर रहा है।

**- वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# आंदोलनकारियों के मांग पर कलेक्टर ने 28 दिन में जांच रिपोर्ट सौंपने का दिया आश्वासन

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



एथेनॉल प्लांट बंद करने को लेकर रांका पथर्रा क्षेत्र के किसान आंदोलन का 22वां दिन था। स्थिति को देखते हुए कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आंदोलनकारी किसानों के पैनल को बैठक के लिए आमंत्रित किया था जो बेमेतरा में दोपहर 12:30 से सभागार में बैठक प्रारंभ हुई। इसमें क्षेत्र के प्रमुख आंदोलनकारीयों ने हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रशासन को इस बात से अवगत कराना था कि पिछली सरकार के द्वारा इथेनॉल प्लांट के लिए जो एनओसी प्रदान की गई थी, उसमें बहुत बड़े घोटाले की बू आ रही है। राज्य शासन के द्वारा निर्धारित नियमों का पालन नहीं किया गया है। उपरोक्त ग्राम पथर्रा के प्लांट द्वारा पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में विभिन्न विभागों से एनओसी प्राप्त किया था। राज्य बोर्ड से जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (1974 का 6) की धारा 4 के अधीन गठित राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) की धारा 5 के अधीन गठित राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी नियम का उल्लंघन किया गया है। प्रस्तावित एथेनॉल प्लांट सीधे तौर पर 4 गाँव की आबादी के बीच स्थित है जो नियम विरुद्ध है। यहां से मात्र 500 मीटर के दायरे में 4 स्कूल आते हैं, जिसमें पथर्रा जेवरा बसनी मटका ग्राम के सैकड़ो बच्चे अध्यनरत हैं। यहां से लाइवलीहुड कॉलेज की दूरी भी हवाई डिस्टेंस से मात्र डेढ़ किलोमीटर है। ग्राम पथरा में ही बना रहे ओपन जेल की दूरी मात्र सौ मीटर की दूरी पर स्थित है। पूरे जिले के एकमात्र शासकीय बीज निगम की दूरी मात्र 100 मीटर है। इसी तरीके से नदी मात्र 100 मीटर की दूरी पर है जिसके प्रदूषित होने की 100% संभावना है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की दूरी मात्र 200 मीटर की है जहां मरीज सतत रूप से अपना इलाज कराने आते हैं। प्रस्तावित शासकीय निवास एवं विभागों के द्वारा प्रस्तावित स्थल भी यहां से मात्र 100 मीटर की दूरी पर है। साथ ही शासकीय जमीनों का पथर्रा और रांका में गैर वैधानिक कब्जा एथेनॉल प्लांट के द्वारा किया गया है। बैठक में आंदोलनकारी किसानों के द्वारा निम्न बिंदुओं पर जांच करने की मांग की गई है जिसमें पूर्व में दिए गए एनओसी की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए संबंधित विभागों से पुनः जांच की मांग की गई। ग्राम पंचायत के जमीन को एथेनॉल प्लांट के द्वारा कब्जा किया गया है, उसकी जांच के लिए भी चर्चा की गई। बायो फ्यूल द्वारा पंचायत की शासकीय जमीन बायो टेक फ्यूल द्वारा अतिक्रमण किया गया है तत्काल प्रभाव से मुक्त हो। ग्राम पंचायत की सड़कों में भारी वाहन (लगभग 30 से 40 टन) का आवागमन लगातार बना रहता है जिससे गांव की सड़क जर्जर हो गई है। कम्पनी के द्वारा प्रायोजित बाउंसर के व्यवहार को लेकर और गांव वालों को डराने धमकाने के विषय में जांच की जाएगी। विरोध प्लांट का नही है, प्लांट के लिए चयनित स्थान का है। प्लांट निर्जन, क्षेत्र में बंजर जमीन पर लगना चाहिए। सभी विषयों पर कलेक्टर के द्वारा 28 दिनों के भीतर जांच करवा कर उसके रिपोर्ट आंदोलनकारी समिति को सौंपने का आश्वासन दिया गया है।

# श्री रामलला दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का दल हुआ रवाना




पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

श्री रामलला दर्शन के लिए जिले से श्रद्धालुओं का दल रवाना हुआ। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल और उप संचालक, समाज कल्याण विकास बरखा कासू सुबह कलेक्ट्रेट परिसर से तीर्थ यात्रियों की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) में श्री रामलला के दर्शन करेंगे। सीईओ अग्रवाल ने सभी यात्री श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। इस अवसर पर चिकित्सक, सीईओ जनपद सहित कर्मचारी उपस्थित थे। राज्य शासन द्वारा राज्य के राम भक्तों के लिए निःशुल्क अयोध्या धाम में श्रीराम के दर्शन हेतु श्री रामलला दर्शन योजना की शुरुआत की गई है। ट्रेन के माध्यम से प्रत्येक जिलों से चयन कर उन्हें रामलला के दर्शन हेतु ले जाया जा रहा है। इस तरह की योजनाएं न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के प्रति लोगों की रुचि बढ़ाती हैं, बल्कि उन्हें उन स्थलों का अनुभव करने का मौका भी देती हैं जिन्हें वे सामान्यतः आर्थिक कारणों से नहीं देख पाते।श्रद्धालुओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया और बताया कि इस योजना से हम लोगों का श्रीराम के दर्शन करने का सपना पूरा हो रहा है। बता दें कि श्री रामलला दर्शन योजना के तहत् श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलेगा जिसमें छत्तीसगढ़ से अयोध्या जाने, वहां रहने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। इस ट्रेन में टूर एक्सपर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद रहेगा।

# मतदाताओं को जागरूक करने जागव-वोटर-जाबो कार्यक्रम आयोजित




पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका दल्ली राजहरा में आगामी नगर पालिका आम निर्वाचन के लिए मतदाताओं को जागरूक करने जागव-वोटर-जाबो कार्यक्रम अंतर्गत निकाय के अधिकारी कर्मचारी एवं स्वच्छता दीदीयों द्वारा नगर में रैली भ्रमण, नगर पालिका कार्यालय प्रांगण में रंगोली एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित कर नगर पालिका आम निर्वाचन का प्रचार प्रसार किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र कुमार वारडेकर ने कहा कि अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य कीजिए एवं शत प्रतिशत मतदान करने लोगों को मतदान केंद्र तक पहुंचाने हेतु प्रेरित करना है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार प्रारंभिक निर्वाचन नियमावली द्वितीय चरण 16 अक्टूबर से 23 अक्टूबर को 3:00 तक आम लोगों को निरीक्षण करने दावा तथा आपत्ति प्रस्तुत करने संबंधित मतदान केन्द्रों में प्राधिकृत अधिकारी एवं बी एल ओ के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

# विधायक दीपेश साहू ने कहा की छत्तीसगढ़ में विकाश कार्य हो रहे साय-साय

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नवरात्रि के पावन पर्व पर ग्राम कोदवा मे आयोजित प्रज्ञा जस जगराता ग्रुप छत्तीसगढ़ एवं हिंदी गानों की भक्तिमय रात्रिकालीन जस जगराता के रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू शामिल हुए द्यजनसमुदाय को नवरात्रि पर्व की बधाई देते हुए विधायक ने कहा कि, मां दुर्गा की कृपा हमेशा आप सब पर बनी रहे। मां की पूजा हम सब बहुत ही पवित्र मन से करते है। आस्था और विश्वास के साथ व्रत-उपवास रखते है। विधायक साहू विधानसभा क्षेत्र के तकरीबन 30 से 35 गावों मे मंदिर और पंडालों में पहुंचकर पूजा-अर्चना कर क्षेत्र, गांव और परिवार की मंगल खुशहाली की कामना किये। साहू ने कहा कि, नवरात्रि का यह पर्व ऐसा पर्व है, जिससे गांव और घर का वातावरण शुद्ध हो जाता है। छत्तीसगढ़ सहित पूरे भारत में यह पर्व बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। कोदवा गांव का नाम लेकर कहा कि, इस गांव में वे बचपन से आ रहे है। एक-एक घर परिवार के साथ पारिवारिक रिश्ता बना हुआ है। विधानसभा और लोकसभा चुनाव के दौरान आप लोगो ने भारी साथ दिया है। इसके लिए कोटि-कोटि नमन करता हूं।

**प्रधानमंत्री आवास के लिए छूटे हुए लोगों को मिलेगा लाभ–** विधायक साहू ने कहा कि, विधानसभा चुनाव के पहले चाहे स्थिति जो भी रहा हो आपने पीएम मोदी की गारंटी पर विश्वास किया और छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी। हर माताओं के खाते में 1 हजार रूपए पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय विकासकार्यों में कोई कमी नहीं आने दे रहे है। प्रधानमंत्री आवास के लिए जिनका भी नाम छुटा हो उन्हें भी इसका लाभ मिलेगा।

**नहीं निकलने देंगे गरीबों के आंसू** – उन्होंने कहा कि चुनाव के दौर में जब यहां आया था तो कई माताएं-बहनें अपने जर्जर घरों को दिखाया था अब उनके दिन फिरेंगे सबका आवास बनेगा। भाजपा की डबल इंजन की सरकार में गरीबों के आंसू नहीं निकलने देंगे। कहा कि, यह सरकार 31 सौ रूपए में धान की खरीदी इस बार भी करेगी और बोनस भी दिए जाएंगे। राज्य में साय-साय काम हो रहा है। लिहाजा जिसकी सरकार है, उसी के प्रतिनिधि के रूप में ग्राम पंचायत में भी चुनना होगा तो गांव में विकास की रफ्तार को पंख लगेगी।

# महिला पर्यवेक्षक मीरा ठाकुर की सेवानिवृत्त सम्मान समारोह का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डौण्डी के आश्रित सेक्टर महामाया में पदस्थ महिला पर्यवेक्षक मीरा ठाकुर की सेवानिवृत्त सम्मान समारोह का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डौण्डी में किया गया। जहां समस्त स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों के द्वारा उपहार भेंट करके उनके सुखद भविष्य की कामना किया गया। अश्विनी नेताम बी ईटीओ ने कहा कि शासकीय सेवा में आना और एक निश्चित सेवा के बाद सेवानिवृत्त होना शासकीय प्रक्रिया है, सिस्टर मीरा ठाकुर के द्वारा किए गए कार्य हम सब के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने अपने कर्तव्य को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ पूरा किया। संचालन रेखू राम साहू ने किया। आभार व्यक्त कन्हैया लाल कुरपाल ने किया, आयोजन में ईश्वर चन्द्राकर, बी आर बरेठिया, मीना बाघमारे, लता यादव, शारदा उइके, केन्द्रीय ठाकुर, निर्मला साहू, तिलक उइके, रामेश्वरू ठाकुर, खूमान मंडावी, कृपा राम ठाकुर, पुरुषोत्तम नरेटी, सहित स्वास्थ्य कर्मचारीगण महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

# स्वाति की स्मृति में सहेलियों ने मिलकर किया अनुकरणीय कार्य

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com



एक सड़क हादसे में स्वाति पटेल का आकस्मिक निधन हो गया। पटेल बालोद में पली-बढ़ी और प्रारंभिक शिक्षा से उच्च शिक्षा बालोद में ही पूरी हुई। अपनी सहेलियों के साथ वह सामाजिक कार्यों में संलग्न रहती थी। कादंबिनी यादव के साथ भावना फाउंडेशन बालोद तथा श्रद्धा पुरेंद्र साहू के साथ नई पहल स्टील बर्तन बैंक भिलाई से जुड़ी हुई थी और अपनी दोनों सहेलियों का मनोबल बढ़ाती थी। आर्थिक सहयोग भी जरुरत मंद को करती ही रहती थी। उनकी याद में श्रद्धा पुरेंद्र साहू संस्थापिका पर्यावरण संरक्षण समिति नई पहल स्टील बर्तन बैंक, नारी की नई पहल के नाम से इन्होंने प्लास्टिक प्रदूषण से लड़ने के लिए तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करने उद्देश्य से बर्तन बैंक की स्थापना की हैं। इसके लिए उनकी सभी बचपन की सहेलियों द्वारा श्रद्धा पुरेन्द्र साहू के बर्तन बैंक को स्वाति की स्मृति में बर्तन दान स्वरूप दिया और इसके द्वारा किये जा रहे नेक काम मे सहभागी हुए और लोगों से अपील भी किया है कि इस थाली- गिलास, कटोरी-चम्मच का उपयोग कर सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ हमको लड़ाई लड़ना है और प्रकृति को बचाना है क्योंकि इसी प्रकृति में हम सबको जाना है जिस प्रकार आज हमारी बचपन की सहेली स्वाती पटेल प्रकृति में लीन हो गई लेकिन उनकी स्मृति में प्रकृति में सदा रहें इसलिए उसकी याद में सभी के द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया।

# कलेक्टर ने भैंसबोड़ में निर्मित अमृत सरोवर का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया



**दल्लीराजहरा।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने 7 अक्टूबर को जिले के डौण्डी विकासखण्ड के प्रवास के दौरान ग्राम भैंसबोड़ में निर्मित अमृत सरोवर का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम भैंसबोड़ में निर्मित इस अमृत सरोवर के व्यवस्थित निर्माण कार्य की सराहना भी की। इस मौके पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मण्डले सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वर विश्वविद्यालय सेवाकेंद्र में विजय दशमी पर्व मनाया

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बेमेतरा सेवाकेंद्र में दशहरा विजया दशमी का पर्व मनाया गया। नशा मुक्त रावण का दहन (असत्य पर सत्य की विजय) कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झामिन साहू (समाज सेविका बेमेतरा), रंजना भट्ट (डायरेक्टरअंबा फ्यूल्स), डॉ. ऐ के वास्तव (नेत्र चिकित्सा अधिकारी गणेश विनायक नेत्र जांच केन्द), भ्राता चंपा लाल डांगरा (उद्यमी बेमेतरा), भ्राता ताराचंद माहेश्वरी (समाजसेवी बेमेतरा), अध्यक्षता ब्रह्माकुमारी शशि दीदी (प्रभारी बेमेतरा सेवा केंद्र) ने किया। सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी शशि दीदी ने दशहरा पर्व की वास्तविकता से अवगत करते हुए कहा की रावण के दस शीश मनुष्यात्मा में व्याप्त विषय विकारों के प्रतीक है। शशि दीदी ने रावण के भव्य पुतले के समक्ष सभी आगंतुकों को विषय विकारो को त्यागने के लिए दृढ़ संकल्प व प्रतिज्ञा करवाई। सभी ने अपने अंदर की कोई न कोई बुराई को चिट्ठी में लिखकर रावण के पुतले के साथ जलाने का दृढ़ संकल्प किया और इसके बाद श्री राम श्री लक्ष्मण सहित सभी अतिथियों ने रावण के भव्य पुतले का दहन किया। इस अवसर पर सच्चा दशहरा विषय पर बच्चों द्वारा नाटिका भी सेवाकेंद्र पर आयोजित की गई, बच्चों द्वारा नाटिका में बताया गया कि वर्तमान में रावण की सेना मोबाइल के रूप में वाट्सएप, फेसबुक, यू ट्यूब गूगल का दुरोपयोग है।

## प्राचार्य ने नवप्रवेशित छात्र अध्यापकों का तिलक लगाकर स्वागत किया

# मां-बाप के सपनों का निर्वहन पूरी तन्मयता और उत्साह के साथ करें : प्राचार्य घृतलहरे

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में प्रथम वर्ष में प्रवेशित नव छात्र अध्यापकों का संस्थान के प्राचार्य जे के घृतलहरे ने तिलक लगाकर स्नेहिल स्वागत करते हुए उनका अभिनंदन किया। पहले दिन स्वागत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे थे। डाइट बेमेतरा के प्राचार्य ने कहा कि हमारे बेमेतरा के डाइट को एक्सीलेंस डाइट का दर्जा दिया गया है। यह एक प्रशिक्षण संस्थान है, यहां प्रेरणा लेकर स्वयं सीखना पड़ता है। स्वयं भी प्रेरित होते हैं और दूसरों को भी प्रेरित करते हैं। यहां अध्ययन और अध्यापन दोनों का कार्य होता है। एक विजन और लक्ष्य लेकर के आप सबको आगे बढ़ना है। अपने मां बाप के सपनों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, तन्मयता और उत्साह के साथ करना है। आप सब भविष्य के शिक्षक हैं और आपको शिक्षक के बहुत सारे गुणों को ग्रहण करना है। अपने कार्य और व्यवहार को ऐसा बना करके रखें कि लोग आपको डाइट बेमेतरा के नाम से जाने। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके कार्य और उसके व्यवहार से ही होती है। आपके कार्य और व्यवहार से ही लोग आपको याद रखते हैं जीवन में बेहतर से बेहतर की तलाश कर अपने भविष्य को, अपने कैरियर को उज्जवल बनावे। आपको जिंदगी के हर मोड़ में शिक्षक मिलेंगे आपको उनके अच्छे विचारों को, गुणों को ग्रहण कर आगे बढ़ना है। डाइट व्याख्याता थलज कुमार साहू ने नव प्रवेशित प्रथम वर्ष के छात्र अध्यापकों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपके सीनियर छात्र अध्यापक आपके लिए आदर्श हैं। संस्थान के सभी शिक्षक आपके आदर्श हैं, उनकी अच्छी बातों को अपने जीवन में उतरने का प्रयास करें और अपना भविष्य उज्जवल बनावे। संस्थान के वरिष्ठ व्याख्याता अनिल कुमार सोनी, जी एल खुटियारे, डॉ बसुबंधु दीवान, राजकुमार वर्मा, कीर्ति घृतलहरे, श्रद्धा तिवारी ने भी नव प्रवेशित छात्र अध्यापकों को अपनी शुभकामनाएं दी। द्वितीय वर्ष के छात्र अध्यापक डाकवर, उत्पल गायकवाड़, निपेन्द्र, एकता देवांगन, दिव्या, नीलम सेन, संजय आदि ने सभी नवप्रवेशित छात्र अध्यापकों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दिये। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ व्याख्याता पीएसटीई प्रभारी अनिल सोनी, जी एल खुटियारे, तुकाराम साहू, राजकुमार वर्मा, कीर्ति घृतलहरे, श्रद्धा तिवारी, अमिंदर भारती सहित प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के सभी छात्र अध्यापक उपस्थित थे।

# रावण दहन में सर्व सनातन संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी हुए शामिल



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमतरा, विघानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत कुसमी में दशहरा विजय दशमी के पावन पर्व में रावण दहन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप मे सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी उपस्थित थ। इस अवसर पर ग्रामीणों राम लीला का मंचन किया। कुसमी में आयोजित रावण दहन में मुख्य अतिथी योगेश तिवारी ने अपने संबोधन में सभी आसपास से आये आमजनों को कहा कि हिन्दु सनातन समाज के लिये बहुत ही विजय दशमी गर्व का दिन है। विजय दशमी का पावन पर्व हम सब असत्य पर सत्य की जीत बुराई पर अच्छाई की जीत के रुप मे मनाते है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम चन्द्र जी ने अहंकार रुपी रावण क वध किया था और अंदर जो बुराई रुपी रावन को मारना चाहिए। हम सभी को प्रभु श्री राम के बताएं मार्ग पर चलने की जरूरत है। जीवन को अच्छे मार्ग पर चलाना चाहिए। प्रभु श्री राम व रावण के चरित्र से सीख लेने की जरूरत है। इस दौरान संतोष साहू मोहन साहू लाला साहू देव कुमार साहू मोंटी साहू शंकर साहू मनोज सिन्हा नरेश राय यशवंत टंडन समेत समिति के सदस्य मौजूद थे।

# डॉ.अशोक सियाराम अग्रवाल के हाथों में अब छत्तीसगढ़ की कमान, अग्रवाल संगठन के नए अध्यक्ष चुने गए अशोक

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के नए सत्र के लिए अध्यक्ष डॉ अशोक सियाराम अग्रवाल रायपुर चुन लिए गए हैं, छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के छेरा खेड़ी स्थित एसएन पैलेस के भव्य सभागार में आयोजित छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के अग्रसेन जयंती समारोह एवं आम सभा की बैठक के दौरान सर्वसम्मति से उपस्थित सभासदों ने डॉक्टर अशोक सियाराम अग्रवाल को अपना अध्यक्ष चुन लिया, तथा इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल रमन डेका, कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय चैयरमेन प्रदीप मित्तल दिल्ली, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल रायपुर, रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल भिलाई, बसना के विधायक डॉ संपत अग्रवाल, छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के चैयरमेन डॉक्टर अशोक अग्रवाल, प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल राजू,अशोक मोदी कोरबा, संगठन के संरक्षक जयदेव सिंघल दुर्ग, महेंद्र सेक्सरिया दुर्ग, प्रांतीय कोषाध्यक्ष राधेश्याम किरतुका दुर्ग, छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन रायपुर जिला इकाई के अध्यक्ष दीनदयाल गोयल, सचिव अनूप अग्रवाल, अग्रवाल सभा रायपुर के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के महामंत्री मनोज अग्रवाल दुर्ग, छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल महिला संगठन की प्रदेश अध्यक्ष गंगा अग्रवाल,छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल संगठन के प्रदेश अध्यक्ष आशीष सक्सेरिया एवम रायपुर सेंट्रल मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष नितेश अग्रवाल तथा श्री अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट के चैयरमेन सुनील रामदास अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस दौरान अग्रसेन जयंती समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान अग्रसेन जी के तेल चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन, पूजा- अर्चना के साथ हुआ एवं महामहिम राज्यपाल के आगमन पर अग्रवाल संगठन के पदाधिकारीयो ने मुख्य प्रवेश द्वार पर ही उनका स्वागत करते हुए सभागार तक लाया तथा उनके आने के तुरंत बाद राष्ट्रगान हुआ एवं महामहिम राज्यपाल सहित आगंतुक सभी अतिथियों का शाल- श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं श्री अग्रसेन माला के साथ स्वागत किया गया तत्पश्चात छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा साल 2014 से 2024 तक अग्र अलंकरण समारोह एवं प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठकों का आयोजन करने वाली संस्थाओं एवं समाज सेवियों का मंच के माध्यम से राज्यपाल के हाथों सम्मान करवाया गया, साथ ही कार्यक्रम का मंच संचालन छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के चैयरमेन डॉक्टर अशोक अग्रवाल ने करते हुए महामहिम राज्यपाल एवं संगठन के राष्ट्रीय चैयरमेन प्रदीप मित्तल दिल्ली को अल्प सूचना के आमंत्रण पर अतिथि के रूप में स्वीकार कार्यक्रम में आने पर उनका आभार व्यक्त किया।

# रेलवे लाइन से कैटेनरी व कॉन्टैक्ट वायर चोरी करने वाले आठ आरोपी गिरफ्तार, 2 क्विंटल तार बरामद

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com




रायगढ़ जिले में पिछले साल फरवरी माह में निर्माणाधीन रेलवे लाइन से 227 मीटर केटनरी तार व 227 कोन्टेक्ट तार की चोरी करने वाले 8 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 1 लाख रूपये का 2 क्विंटल केटनरी व कोन्टेक्ट वायर को जब्त किया है। मामला तमनार थाना क्षेत्र का है। पकड़े गए सभी आरोपी रेलवे लाइन के निर्माण कार्य से जुड़े तारों की लंबे समय से चोरी में संलिप्त थे।

**क्या है पूरा मामला**-जानकारी के मुताबिक 10 फरवरी 2023 को लगभग 4 बजे, पेट्रोलिंग टीम ने सूचना दी कि भालूमुड़ा एसपी के पास निर्माणाधीन रेलवे लाइन से 227 मीटर केटनरी तार और 227 कोन्टेक्ट तार, जिसकी कीमत लगभग 40 हजार की चोरी हो गई है। प्रार्थी पार्थ सारथी पंडा की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 379 आईपीसी के तहत अपराध दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान अज्ञात आरोपी और चोरी किए गए माल की पतासाजी के लिए लगातार प्रयास किए गए।

**चोरी का सामान खपाने बना रहे थे योजना**-लंबे समय तक अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध कोई ठोस सबूत न मिलने के कारण प्रकरण में सितम्बर 2023 में खात्मा चाक की गई थी, लेकिन थाना प्रभारी आशीर्वाद राहटगांवकर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने संदिग्धों से पूछताछ जारी रखी। आखिरकार आज मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कठरापाली के कुछ व्यक्ति रेलवे तार चोरी कर उसे बेचने की योजना बना रहे हैं।

**आरोपियों को भेजा गया जेल**-तमनार पुलिस ने ग्राम कठरापाली से मोहित भारद्वाज और उसके साथियों को हिरासत में लिया। पूछताछ के बाद मोहित ने बताया कि उसने अपने साथियों लोकेश मिरी, श्यामलाल मिरी, जयराम सोनी, भागीरथी रात्रे, तेजराम रात्रे, कृष्णा सतनामी, और राजेश रात्रे के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने इन सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 2 क्विंटल केटेनरी और कॉन्टेक्ट तार, मूल्य करीब 1 लाख रूपये के साथ ही अपराध में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, हथौड़ा, कटर और छेनी जब्त किए।आरोपियों ने अपना अपराध कबूल कर लिया है और उनके बयान गवाहों के सामने दर्ज किए गए हैं। सभी आरोपियों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत भेजा गया है।

# सर्पदंश से बालिका की मौत, परिजनों के साथ जमीन में सोना पड़ा महंगा

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय में स्थित मेडिकल कालेज अस्पताल में सर्पदंश से एक बालिका की मौत हो जाने का मामला सामने आया है। बालिका अपने परिजनो के साथ जमीन में सो रही थी इसी दौरान सुबह जहरीले सांप ने उसे काटा था। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शक्ति जिले के मालखरौदा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बंदोरा निवासी नंदनी कुमारी सामले को परिजनों ने जहरीले सांप के काटने के बाद उपचार के लिये आज सुबह करीबन साढ़े 8 बजे रायगढ़ मेडिकल कालेज लेकर पहुंचे जहां प्रारंभिक जांच में ही डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि बीती रात घर के सभी सदस्य खाना खाने के बाद जमीन में सो रहे थे इसी दरम्यान सुबह करीब 4 बजे के आसपास बालिका के बायें हाथ के उंगली में जहरीले सांप के काटने के बाद उसकी नींद खुल गई और फिर उसने परिजनों को इस घटना से अवगत कराया। सर्पदंश से पीड़िता बालिका को परिजन पहले मालखरौदा अस्पताल लेकर गए जहां स्थिति में सुधार नही होनें के पश्चात उसे रायगढ़ मेडिकल कालेज अस्पताल लाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## पैदल चल रहे युवक को अज्ञात वाहन से कुचला, हुई मौत,पुसौर के केसाईपाली के पास हुई घटना

**रायगढ़।** जिले के सड़क में पैदल चल रहे युवक को अज्ञात वाहन के चालक ने पीछे से कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। परिजनो की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफअपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुसौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम नवापारा अ का रहने वाला बलदेव यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसका भतीजा राजु यादव 11 अक्टूबर की रात ग्राम केसाईपाली पास स्थित मुनी मंदिर में दुर्गा पुजा एवं गांव नावापारा (अ) का कार्य म होने से देखने गया था। कार्यक्रम देखने के पश्चात वह केसाइपाली में ही सो गया था और सुबह-सुबह करीब 4-5 बजे के बीच वह पैदल अपने घर आ रहा था। इस दौरान जब वह केसाईपाली गांव के पास मेन रोड़ में पहुंचा ही था कि अज्ञात वाहन चालक के द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पीछे से राजु को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। बहरहाल परिजनों की रिपोर्ट के बाद पुसौर थाने की पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफधारा 106 (1) के तहत अपराध दर्ज कर उसकी खोजबीन में जुट गई है।

# सिविल ठेकेदार के सुने मकान में चोरी

## लाखों के सोनें चांदी के जेवरात समेत नगदी ले भागे

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय में अज्ञात चोरों ने एक बार फिर से एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए नगदी रकम समेत लाखों की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित ठेकेदार की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है। उक्त घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आशीर्वादपुरम कालोनी निवासी नीरज शर्मा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह सिविल ठेकेदारी का काम करता है। 08 अक्टूबर की सुबह 11 बजे वह अपने घर को तालाब बंद करके पूरे परिवार समेत भिलाई गया हुआ था और इस दौरान उन्होंने घर की चाबी पड़ोस में छोड़ दिया था। नीरज शर्मा ने बताया कि इस दौरान उनके घर में काम करने वाली नौकरानी प्रतिदिन दोपहर में साफ-सफाई करके चली जाती थी। 11 अक्टूबर की दोपहर नौकरानी ने फोन करके बताया कि घर का ताला टूटा हुआ है। घर में चोरी की आशंका को देखते हुए नीरज शर्मा देर रात जब घर पहुंचा तो देखा कि मुख्य गेट के अलावा अंदर का ताला टूटा हुआ था एवं आलमारी खुली हुई थी, साथ ही साथ घर का सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ था। नीरज शर्मा ने बताया कि आलमारी में रखे सामानों का मिलान करने पर पता चला कि सोने का चैन 04 नग वजन करीब लगभग 03 तोला, सोने का नथनी 01 नग वजन करीब 04 ग्राम, सोने की अंगूठी 01 नग वजन करीब 02 ग्राम कीमत करीब 2 लाख 10 हजार के अलावा चांदी का पायल 02 जोड़ी वजन करीब 20 ग्राम कीमत करीब 2 हजार रूपये तथा नगदी रकम 5 हजार को मिलाकर कुल 2 लाख 17 हजार की चोरी की घटना को अज्ञात चोरों ने अंजाम दिया है। बहरहाल पीड़ित नीरज शर्मा की रिपोर्ट के बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 305 (ए) बीएनएस 331(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है।

## सक्ती के राघव ने राम बनकर किया दशहरा पर्व पर रावण दहन

**सक्ती।** शहर के प्रतिष्ठित युवा समाजसेवी एवं प्रॉपर्टी डीलर राजेश अग्रवाल बाबा एवं श्रीमती रुचि अग्रवाल के लाडले सुपुत्र राघव अग्रवाल ने 12 अक्टूबर को विजयादशमी के पावन पर्व पर पुराना भारतीय स्टेट बैंक के सामने स्टेशन रोड में स्थापित किए गए रावण के पुतले को भगवान राम का प्रतीकात्मक स्वरूप धारण कर धनुष बाण से उसका दहन किया, इस दौरान मोहल्ले के अन्य बच्चों ने भी विभिन्न प्रकार के प्रतीकात्मक रूपों में भगवान राम जी के साथ रैली स्वरूप रावण तक पहुंचे एवं वहां जय जय श्री राम के जयकारों के बीच यह रावण दहन का कार्यक्रम हुआ।

# पूर्व जनपद उपाध्यक्ष अमृतलाल सोनहर बनाए गए डॉ.चरण दास महंत के विधायक प्रतिनिधि

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश पदाधिकारी एवं जनपद पंचायत शक्ति के पूर्व ऊर्जावान उपाध्यक्ष, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अमृतलाल सोनहर को छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष एवं शक्ति के विधायक डॉ चरण दास महंत ने मत्स्य पालन विभाग में अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है, उपरोक्त नियुक्ति पत्र स्वयं डॉक्टर चरण दास महंत ने अमृत लाल सोनहर को दिया है,तथा अमृतलाल सोनहर ने अपनी इस नियुक्ति पर महंत जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ़ प्रदेश के सर्वोच्च नेता प्रतिपक्ष पद पर विराजमान हमारे लोकप्रिय विधायक डॉ चरण दास महंत ने मुझ पर जो विश्वास व्यक्त किया है मैं पूरी निष्ठा के साथ उनके विधायक प्रतिनिधि के दायित्वों का निर्वहन करूंगा, साथ ही महंत जी ने आज 2018 से 2023 तक शक्ति विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे जिले के विकास के लिए काम किया, आज भी वे शक्ति के सबसे दिग्गज विधायक रहते हुए क्षेत्र में लोगों के सुख-दुख में एवं विकास के प्रति संवेदनशील है, अमृतलाल सोनहर को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने पर जहां शक्ति विधानसभा क्षेत्र की जनता सहित अनुसूचित जाति विभाग के कार्यकर्ताओं ने भी हर्ष व्यक्त किया है, उल्लेखित हो कि अमृत लाल सोनहर शक्ति विधानसभा क्षेत्र के दिग्गज कांग्रेसी नेता है, एवं उनकी धर्म पत्नी अभिलाषा सोनहर पूर्व में कृषि उपज मंडी शक्ति की उपाध्यक्ष रह चुकी हैं।

# अस्पताल में भर्ती महिला की मौत, चरित्र शंका को लेकर पति ने कुल्हाडी से किया था वार

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले में एक पति ने अपनी ही पत्नी के चरित्र पर शंका करते हुए कुल्हाड़ी से वार कर घायल कर दिया था। रायगढ़ मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती महिला ने सुबह उपचार के दौरान दम तोड दिया। पोस्टमार्टम पश्चात पुलिस ने शव को परिजनों को सौंपते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मिली जानकारी के मुताबिक खरसिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम अगासमार में 05 अक्टूबर की रात घर में सो रही पत्नी सुशीला धनवार पर महिला के पति श्याम कुमार धनवार ने जानलेवा हमला करते हुए गर्दन में कुल्हाड़ी से वार कर घायल कर दिया था इस दौरान बीच बचाव करने आये महिला के ससुर पर भी आरोपी श्याम कुमार ने हमला कर उसे भी घायल कर दिया था। इस घटना में घायल महिला को उपचार के लिये रायगढ़ मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां सुबह उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई।

**आरोपी जंगल से हुआ था गिरफ्तार**-महिला के परिजनों ने बताया कि धारदार कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला करने वाला आरोपी श्याम कुमार धनवार घटना के बाद जंगल में जाकर छिप गया था जहां से पुलिस ने उसे अगले ही दिन गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, अब इस घटना में महिला की मौत हो जाने के बाद पुलिस शव का पोस्टमार्टम कर शव को परिजनों को सौंप दिया है और हत्या के मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

**महिला के चरित्र पर शंका करता था आरोपी**-बताया जा रहा है कि मृतका के चार बच्चे हैं और पिछले कुछ समय से आरोपी के घर में पीएम आवास योजना के तहत मकान निर्माण का काम चल रहा था और आरोपी श्याम कुमार धनवार को संदेह था कि उसकी पत्नी का उनके घर में काम करने वाले मिस्त्री के साथ अवैध संबंध है, इस वजह से उसने इस घटना को अंजाम दिया था।

# श्री श्याम मित्र मंडल बम्हनीडीह के ओर से एकादशी के अवसर पर रविवार रात श्याम प्रभु खाटूवाले का भजन का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



बम्हनीडीह में श्री श्याम मित्र मंडल बम्हनीडीह के ओर से एकादशी के अवसर पर रविवार रात श्याम प्रभु खाटूवाले का भजन संध्या बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर श्याम प्रभु का फूलों का आकर्षक श्रृंगार, भव्य सजावट के साथ पूजा अर्चना की गई। इस कार्यक्रम के लिए दस दिन पहले से ही श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से तैयारियां की जा रही थी। इसमें बाजार रोड को रंग बिरंगे लाइटों से सजाया गया था। शाम 7 बजे से देर रात तक सैकड़ों भक्तों ने बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त किया। बाबा श्याम को रिझाने व भक्तों को भजन सुनाने प्रख्यात भजन गायक एवं श्याम प्रेमी मंडल द्वारा आमंत्रित किए गए थे जिनमें आशीष शर्मा ग्वालियर, अभिषेक गर्ग सक्ति, हर्ष शर्मा नागपुर, अभिषेक अग्रवाल खरसिया शामिल थे। सभी कलाकरों ने एक से बढ़कर एक भजन गाकर भवन को श्याममय बना दिया। कार्यक्रम में रात को सभी भक्तों के लिए प्रसाद का आयोजन मित्र मंडल की ओर से किया गया था। इसमें बाराद्वार, सक्ती, रायगढ़, जांजगीर, नैला, चांपा, बिर्रा, सारंगढ़, कोरबा आदि क्षेत्रों से भक्त शामिल हुए। कार्यक्रम में सभी भक्तों का स्वागत मित्र मंडल के द्वारा किया गया। इसे सफल बनाने में मंडल के भक्तों की टोली जुटी थी तथा इसमें सभी श्याम प्रेमियों का सहयोग मिला। इसे यादगार बनाने में सहयोग के लिए श्री श्याम मित्र मंडल बम्हनीडीह के गगन अग्रवाल, आर्यन सिंघानिया, सागर सिंघानिया, विनय अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल की ओर से उत्सव में पधारे श्याम प्रेमी व रहवासियों के प्रति आभार प्रकट किया गया।

# 17 विकलांगों ने केलिपर्स के सहारे चलना शुरू किया, बिलासपुर में संपन्न हुआ अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद का शिविर

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com





स्व.गीतादेवी रामचंद्र अग्रवाल की पुण्य स्मृति में अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद का जो 61वाँ निःशुल्क विकलांग शल्य शिविर जिला चिकित्सालय में संपन्न हुआ था,जिसमें 17 विकलांगों के प्लास्टर हटाकर कैलिपर्स के सहारे चलने का कार्य आज 13 अक्टूबर को संपन्न हुआ ।इस अवसर पर अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. विनय कुमार पाठक,राष्ट्रीय महामंत्री मदन मोहन अग्रवाल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री डी पी गुप्ता, राजेश पाण्डेय, मुरारीलाल परमार,आर के गेंदले के साथ पैरामेडिकल स्टाफ के सर्व महेश पटेल, दुर्गा यादव,बग्गू टण्डन,डॉ.एस जैना,डॉ. अदिति, पंकज कुमार, डॉ.गोपेंद्र दीक्षित,का महत्वपूर्ण योगदान रहा,साथ ही साथ नवजीवनहास्ययोग केन्द्र के सदस्यों ने अपनी भागीदारी निभाई।

## सैकड़ों ग्रामीणों ने तहसीलदार पर लगाया रेत माफियाओं को संरक्षण देने का गंभीर आरोप

# बम्हनीडीह तहसील कार्यालय का सैकड़ों ग्रामीणों ने किया घेराव तब जागा प्रशासन, जप्ती की हुई कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◀ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com





बम्हनीडीह में इन दिनों रेत माफियाओं का बोलबाला चल रहा है जिसके विरोध में आज बम्हनीडीह तहसील कार्यालय का सैकड़ों ग्रामीणो ने घेराव कर तहसीलदार पर कार्रवाई नहीं करने और रेत माफियाओं को संरक्षण देने का आरोप लगाया है लोगों ने बताया कि बम्हनीडीह में सरकारी जमीन पर रेत माफियाओं ने सैकड़ों हाइवा रेत का भंडारन कर रखा है इसके साथ ही लोगों ने यह भी बताया कि गौठान धान खरीदी केंद्र नवीन प्राथमिक शाला के सामने भी रेत माफियाओं ने अवैध रूप से हसदेव नदी से रेत निकाल कर भंडारन कर रखा है जिसके संबंध में बम्हनीडीह तहसीलदार को मौखिक रूप से कई बार बोला गया पर बम्हनीडीह तहसीलदार ने ग्रामीणो की एक न सुनी और रेत माफियाओं पर कार्रवाई नहीं की जिसके विरोध में सोमवार को सैकड़ों ग्रामीणों ने बम्हनीडीह तहसील कार्यालय का घेराव कर अपना विरोध प्रकट किया और कार्रवाई नहीं करने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी जिसके बाद खनिज विभाग की टिम ने लोगों के साथ पहुंच कर अवैध रूप से डंप रेत पर जप्ती की कार्रवाई करते हुए बम्हनीडीह सरपंच को रेत को सुपुर्द किया है

**सुबह 9.30 बजे से तहसील कार्यालय के सामने बैठे रहे सैकड़ों ग्रामीणों** -बम्हनीडीह तहसीलदार और रेत माफियाओ के खिलाफ कार्रवाई के लिए शुक्रवार को सैकड़ों ग्रामीण बम्हनीडीह तहसीलदार के कार्यालय के सामने सुबह 9.30 बजे से बैठे रहे पर बम्हनीडीह तहसीलदार 11.15 बजे अपने कार्यालय पहुंचे जिसे लेकर भी लोगों के चेहरे पर आक्रोश दिखाई दिया लोगों का कहना है की आये दिन तहसीलदार अपने कार्यालय पहुंचे हैं वैसे ही आज भी अपने टाइम पर आये है केव की सरकार के द्वारा बनाई गई सरकारी कार्यालयों के समय यहां के अधिकारी नहीं मानते हैं वह अपने मन के मालिक हैं।

**अगर बंद नहीं हुआ रेत उत्खनन का कारोबार तो कलेक्टर से शिकायत के साथ करेंगे चक्का जाम**-शुक्रवार को बम्हनीडीह तहसील कार्यालय का सैकड़ों ग्रामीणो ने घेराव कर तहसीलदार के सामने अपना विरोध प्रकट किया और उनके सामने ही उन पर रेत माफियाओं को संरक्षण देने का आरोप लगाया है और कहा है की हसदेव नदी से हो रहे रेत उत्खनन पर पुरी तरह से रोक लगाने ज्ञापन सौंपा है और कहां है की रेत उत्खनन का कारोबार पुरी तरह से बंद करायें नहीं तो चाम्पा बिर्रा मुख्य मार्ग पर चक्का जाम करेंगे लोगों के विरोध के बाद खनिज विभाग की टिम में करीब दो सौ ट्रिप रेत को जप्त किया है और पंचनामा तैयार कर आगे की कार्रवाई की बात कह रहे हैं वहीं इस संबंध में बम्हनीडीह तहसीलदार उमाकांत जायसवाल से फोन के माध्यम से संपर्क किया गया पर उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।

# बाल विकास संयोजिका अरुणा दिनेश अग्रवाल ने नवरात्रि पर्व पर कराया भिक्षुक भोजन





पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com

अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन बाल विकास की राष्ट्रीय संयोजिका अरुणा दिनेश अग्रवाल बिलासपुर ने नवरात्रि के अंतिम दिवस बिलासपुर शहर के बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर के पास भिक्षुक भोज कराया, इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में भिक्षुक भाई मौजूद थे, जिन्हें स्वयं अरुणा अग्रवाल सहित वहां उपस्थित उनकी टीम के सदस्यों ने अपने हाथों से भोजन कराया तथा उन्हें नवरात्रि पर्व की भी शुभकामना दी, इस अवसर पर बाल विकास की राष्ट्रीय संयोजिका अरुणा अग्रवाल ने कहा कि अन्न की सेवा सबसे बड़ी सेवा होती है, एवं भूखे को भोजन उपलब्ध कराना सबसे बड़ा पुण्य का काम है तथा इससे जहां उन्हें संतुष्टि मिलती है तो वहीं समय-समय पर ऐसे सेवा के काम करते रहने चाहिए।

# सांसद बृजमोहन ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण 3 करोड़ से ज्यादा के कार्यों का किया लोकार्पण व भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com




शिक्षा और स्वास्थ्य किसी भी समाज की प्रगति का मूल आधार हैं। इनके सुधार और सुदृढ़ीकरण से ही एक समृद्ध और सशक्त समाज का निर्माण हो सकता है। यह बात रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सोमवार को राजधानी के विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमिपूजन के दौरान कही। सांसद अग्रवाल ने महंत लक्ष्मी नारायण दास वार्ड स्थित माई की बगिया में 10 लाख रुपए से पाथवे, बगीचा एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का लोकार्पण साथ ही खोखो पारा स्कूल में अतिरिक्त कक्ष और 17.44 लाख रु. से पंकज गार्डन सौन्दर्यीकरण एवं विकास कार्य का लोकार्पण किया। बृजमोहन अग्रवाल ने 1.15 करोड़ की लागत से खो खो पारा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हमर अस्पताल के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण किया, जिसमे 32.28 लाख रुपए से 20 बेड का अतिरिक्त वार्ड, 45.51 लाख रुपए से हमर अस्पताल उन्नयन कार्य और 39.07 लाख रुपए से अतिरिक्त कक्ष शामिल है। इस अवसर पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, भाजपा सरकार गरीबों की शिक्षा और स्वास्थ्य की विशेष महत्व देती है, इसीलिए खो खो पारा स्थित स्कूल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सर्व सुविधा युक्त बनाया जा रहा है, जो स्वास्थ्य सुविधा मेकाहारा चिकित्सालय में मिलता है वो सब यहां पर उपलब्ध होगा। उन्होंने अस्पताल में जल्द ही एक्स रे और ऑपरेशन की सुविधा शुरू करने के स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल में एयर कंडीशनर लगाने को भी कहा। अग्रवाल ने अस्पताल में बनाए गए रैम्प पर नाराजगी जताते हुए निगम अधिकारियों की डांट लगाई और उसे जल्द सही करने का आदेश दिया। सांसद बृजमोहन ने वामनराव लाखे वार्ड कुशालपुर अतंर्गत छ.ग. कन्नौजे धोबी समाज के 25.00 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित भवन का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर बृजमोहन अग्रवाल ने लक्ष्मी नारायण दास वार्ड वामनराव लाखे और भक्त माता कर्मा के अंतर्गत 137.170 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में सभापति नगर निगम प्रमोद दुबे, उपनेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, उपनेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा, पार्षद जितेन्द्र अग्रवाल, पार्षद उत्तम साहू, पार्षद मृत्युंजय दुबे, पार्षद सरिता वर्मा, सुभाष तिवारी, तरल सोलंकी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, शिक्षा विभाग अधिकारी उपस्थित रहे।

# जीवन में तरक्की के साथ-साथ प्रकृति से जुड़ के रहना जरूरी : सोनमणि बोरा

■ आदिम जाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग, प्रमुख सचिव बोरा ने जांजगीर-चांपा जिले में किया छात्रावास, पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



आदिम जाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग तथा अल्प संख्यक विकास विभाग के प्रमुख सचिव एवं जांजगीर-चांपा जिले के प्रभारी सचिव सोनमणि बोरा ने छात्रावास-आश्रम व पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। प्रभारी सचिव बोरा ने निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में तरक्की के साथ-साथ प्रकृति से जुड़ के रहना जरूरी है। प्रकृति से जुड़े रहने से मन शांत और एकाग्र रहता है। जिले के प्रभारी सचिव ने कहा कि छात्रों को बेहतर शैक्षिक वातावरण मिले और सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने छात्रावासों में बिजली, पानी और अन्य जरूरी संसाधनों की पर्याप्त आपूर्ति के लिए भी विशेष ध्यान देने संबंधितों को निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने छात्रावासों की व्यवस्था, स्वच्छता और छात्रों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। बोरा ने छात्रावास में रहने वाले छात्रों से भी चर्चा की। उन्होंने बच्चों को नियमित योगाभ्यास करने कहा। पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए जिले के प्रभारी सचिव बोरा ने कहा कि अपने विषय की तैयारी लक्ष्य बनाकर करें। इससे संबंधित विषय को लेकर बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने जिले में चलाये जा रहें उत्कृष्ट जांजगीर-चांपा अभियान को लेकर शिक्षकों और विद्यार्थियों से चर्चा की और बोलेगा बचपन, पढ़ाई का कोना अभियान की सराहना भी की। उन्होंने बारहवीं के विद्यार्थियों से कहा कि शिक्षा में लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ने से आप सफलता की ओर बढ़ सकते हैं। इसके लिए आपको लक्ष्य बनाने से आपको मोटिवेशन मिलता है। उन्होंने कहा कि आपके पास अभी जो समय है उसका सही तरीके से उपयोग करें। लक्ष्य बनाकर मेहनत करते हुए आगे बढ़ने से सफलता प्राप्त कर सकते हैं और अपने जीवन के लक्ष्यों को हासिल कर सकते हैं। बच्चों ने अपने हाथों से बनायें ग्रीटिंग भी जिले के प्रभारी सचिव श्री बोरा को भेंट किये, जिन्हे देखकर उन्होंने बच्चों की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने जाति प्रमाण पत्र का वितरण भी किया। प्रमुख सचिव बोरा ने राहौद के शासकीय नवीन प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास का निरीक्षण कर छात्रवास के बच्चों से खेल कूद मनोरंजन एवं पढ़ाई से संबंधित सवाल जवाब किये।

# जिला अस्पताल में 9 महीने में हुए 462 सिजेरियन सहित 1 हजार 8 सौ से अधिक प्रसव


पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रयास सतत रूप से जारी हैं। इस कड़ी में जिला अस्पताल बलौदाबाजार में इस वर्ष जनवरी 2024 से माह सितंबर तक 9 माह में कुल 1816 सफल प्रसव कराए गए हैं। उक्त प्रसव में से 1354 सामान्य प्रसव तथा 462 सिजेरियन शामिल है। साथ ही साथ सिजेरियन में आकस्मिक और पूर्व नियोजित दोनों ही सम्मिलित हैं। सिविल सर्जन डॉक्टर के के टेम्भूरने ने बताया की अस्पताल में तीन स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अनिता वर्मा,डॉ करुणा रूपरेला तथा डॉ प्रीति बाला धृतलहरे के साथ कुशल प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ अपनी सेवा देते हैं। आधुनिक सुविधाओं से युक्त प्रसव कक्ष स्थापित है। प्रसव के बाद नवजात शिशु के देखभाल हेतु विशेष एस एन सी यू भी स्थापित है। उक्त कुल प्रसव में 161 बच्चों को उक्त एसएनसी यू में भर्ती कर उनकी विशेष देखभाल भी की गई। ग्राम खैरा से माह सितंबर में अपनी 23 वर्षीय पत्नी को प्रसव पीड़ा पर जिला अस्पताल लेकर आएं नोहर पटेल ने बताया की अस्पताल में आने पर उन्हे बताया गया की फिटल डिस्ट्रेस की स्थिति है जिसमें भ्रूण तक ऑक्सीजन पहुँचने में दिक्कत होती है और बच्चे की धड़कन बढ़ती है। ऐसे में ऑपरेशन के माध्यम से प्रसव हुआ जिसमें मां और बच्चे दोनों ही अभी स्वस्थ हैं। इसी प्रकार प्रोलांग लेबर (देर तक प्रसव पीड़ा) की स्थिति में आये हुए गिरौदपुरी के पास स्थित ग्राम खोसड़ा के रहने वाले महेंद्र पैकरा ने बताया कि 28 वर्षीय उनकी पत्नी को प्रसव पीड़ा काफी देर से हो रही थी जिस कारण जिला अस्पताल लेकर आये तथा यहाँ ऑपरेशन के माध्यम से प्रसव हुआ। अस्पताल में दवाई और अन्य सुविधाएं निःशुल्क प्राप्त हुई। इस प्रकार के ऑपरेशन का निजी अस्पताल में काफी पैसा खर्च होता है जो बच गया। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी के अनुसार जिला अस्पताल एन क्यू ए एस प्रमाण पत्र धारी संस्था है जिसे उच्च गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ प्रदान करने के कारण यह प्रमाण पत्र राष्ट्रीय स्तर के मूल्यांकन के बाद प्राप्त हुआ है। अस्पताल में प्रसव की इस सुविधा को लगातार बेहतर से बेहतर करने का प्रयास जारी है जिससे आम जनता को इसका लाभ प्राप्त हो सके।

# सर्जन वाइस एडमिरल कविता सहाय, सेवा मेडल, विशिष्ट सेवा मेडल ने चिकित्सा सेवा (नौसेना) के महानिदेशक का पदभार संभाला

पायनियर संवाददाता ✓ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



सर्जन वाइस एडमिरल कविता सहाय, सेवा मेडल, विशिष्ट सेवा मेडल ने आज चिकित्सा सेवाएं (नौसेना) के महानिदेशक का पदभार संभाला। उन्हें 30 दिसंबर 1986 को सेना चिकित्सा कोर में कमीशन किया गया था। कविता सहाय सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज पुणे की पूर्व छात्रा और पैथोलॉजी तथा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली से ऑन्को पैथोलॉजी में विशेषज्ञता प्राप्त हैं। वह आर्मी अस्पताल (रिसर्च एंड रेफरल) और बेस अस्पताल दिल्ली कैंट (बीएचडीसी) में प्रोफेसर और लैब साईसिज की विभागाध्यक्ष भी रही हैं। खान सुरक्षा महानिदेशालय (नौसेना) के रूप में कार्यभार संभालने से पहले, वह सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज पुणे में पैथोलॉजी विभाग में भी प्रोफेसर रही हैं। वह सेना चिकित्सा कोर (एएमसी) सेंटर और कॉलेज की पहली महिला कमांडेंट ओ आई/सी रिकॉर्ड्स और आर्मी मेडिकल कोर की कर्नल कमांडेंट के रूप में चुनी जाने वाली पहली महिला अधिकारी हैं। उनकी चिकित्सा शिक्षा में विशेष रुचि है और उन्हें वर्ष 2013-14 में अमेरिका के फिलाडेल्फिया से मेडिकल शिक्षा के विकास के लिए प्रतिष्ठित फाउंडेशन फॉर एडवांसमेंट ऑफ इंटरनेशनल मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (एफएआईएमईआर) फेलोशिप से सम्मानित किया गया था।

## ओपन स्कूल की परीक्षाएं 11 नवंबर से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल, रायपुर द्वारा नवंबर 2024 सत्र की हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी परीक्षाओं की समय-सारणी जारी कर दी गई है। जारी सूचना के अनुसार, हायर सेकेंडरी (कक्षा 12वीं) की परीक्षाएं 11 नवंबर से प्रारंभ होकर 27 नवंबर तक आयोजित की जाएंगी। वहीं, हाईस्कूल (कक्षा 10वीं) की परीक्षाएं 13 नवंबर से शुरू होकर 26 नवंबर तक चलेंगी। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल की आधिकारिक वेबसाइट 222.ह्यश्चह्य.ष्द्द.द्दश1.द्बठ्ठ पर विस्तृत समय-सारणी उपलब्ध है। अभ्यर्थी समय-सारणी डाउनलोड कर सकते हैं और अपनी तैयारी के अनुसार योजना बना सकते हैं। इसके अलावा, परीक्षा से संबंधित जानकारी और सहायता अपने अध्ययन केंद्र से प्राप्त की जा सकती है।

# केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान आज स्वास्थ्य देखभाल, कृषि और स्थाई शहरों से जुड़े विषयों पर 3 कृत्रिम बुद्धिमत्ता-उत्कृष्टता केंद्रों का शुभारंभ करेंगे

पायनियर संवाददाता ✓ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर आधारित इन तीनों उत्कृष्टता केंद्रों का नेतृत्व उद्योग भागीदारों और स्टार्टअप के साथ मिलकर शीर्ष शैक्षणिक संस्थानों द्वारा किया जाएगा। इन तीनों क्षेत्रों में अंतःविषय अनुसंधान, अत्याधुनिक अनुप्रयोग का विकास और उपयुक्त समाधान तकनीकों का विकास शामिल हैं। इस पहल का उद्देश्य एक प्रभावी एआई तंत्र को सक्रिय करना और इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण मानव संसाधनों का पोषण करना है। भारत में एआई को बढ़ावा देने और भारत के लिए एआई को कारगर बनाने के दृष्टिकोण के तहत, इन केंद्रों की स्थापना की घोषणा 2023-24 के बजट घोषणा के पैरा 60 के तहत की गई थी। जिसके अनुरूप, सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 से वित्त वर्ष 2027-28 की अवधि के दौरान 990.00 करोड़ रुपये के कुल वित्तीय व्यय के साथ तीन एआई उत्कृष्टता केंद्रों के निर्माण को मंजूरी दी है। इस पहल के कार्यान्वयन की देखरेख के लिए एक शीर्ष समिति का गठन किया गया है, जिसकी सह-अध्यक्षता ज़ोहो कॉर्पोरेशन के संस्थापक और सीईओ डॉ. श्रीधर वेम्बू करेंगे। इस अवसर पर उच्च शिक्षा सचिव के. संजय मूर्ति, आईआईटी के निदेशक, उच्च शिक्षण संस्थानों के प्रमुख, उद्योग क्षेत्र से जुड़े गणमान्य व्यक्ति, स्टार्ट-अप संस्थापक और भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

# मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के विषय पर कार्यशाला का आयोजन



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मैट्स विश्वविद्यालय, पंडरी के मनोविज्ञान विभाग द्वारा समय-कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। ये कार्यक्रम 1 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक संचालित किया गया। जिसकी शुरुआत पोस्टर प्रतियोगिता कार्यक्रम से की गई, जिसमे कई प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें प्रथम स्थान मनोविज्ञान विभाग की अंतर्राष्ट्रीय छात्रा मेरी ग्रेस मोमो, द्वितीय स्थान दूर्वा दवे तथा, तृतीय स्थान अनमता ने प्राप्त किया। मैग्नेटो मॉल में फ्लैश मॉब कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी कार्यक्रम के तहत अमेठी गाँव एवं मरीन ड्राइव में मानसिक स्वास्थ में जागरूकता हेतु स्किट कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा आत्महत्या रोकथाम पर अतिथि व्याख्यान का भी आयोजन किया गया, इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए 10 अक्टूबर को मुख्य अतिथि भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के महा निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल ने अपने भाषण में कहा कि जीवन में अत्यधिक दबाव और जरूरत से ज्यादा मांग तनाव का प्रमुख कारण है। समय और कार्य का उचित प्रबंधन परिवार और नौकरी दोनों के लिए बेहतर होता है। कार्यस्थल में आ रहे समस्याओं को समय प्रबंधन और बेहतर निष्कर्ष से ही निपटाया जा सकता है।

# सिट्रोएन बैसाल्ट को भारत एनसीएपी सुरक्षा टेस्ट में 4-स्टार रेटिंग मिली

■ यात्रियों की सुरक्षा के लिए सिट्रोएन इंडिया की प्रतिबद्धता का प्रदर्शन हुआ




पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

सिट्रोएन इंडिया द्वारा भारत की पहली मेनस्ट्रीम आईसीई एसयूवी कूपे, ऑल-न्यू बैसाल्ट को भारत न्यू कार एसेसमेंट प्रोग्राम (भारत-एनसीएपी) में 4 स्टार रेटिंग प्राप्त हुई है। अपने बोल्ड, कमांडिंग स्टांस, विशाल स्पेस, और एयरोडायनामिक सिल्हुएट के साथ ड्राईविंग का शानदार अनुभव प्रदान-करने वाली सिट्रोएन बैसाल्ट अब बेहतरीन सुरक्षा विशेषताओं के साथ एक अल्टीमेट ऑल-राउंडर बन गई है। यह रेटिंग न केवल सिट्रोएन बैसाल्ट में मिलने वाली मजबूत सुरक्षा को प्रमाणित करती है, बल्कि इससे अपनेसभी वैरिएंट्स और सभी मॉडलों में बेहतर सुरक्षा विशेषताएं प्रदान करने की सिट्रोएन की प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित होती है। सिट्रोएन बैसाल्ट में एक मजबूत और इंटैलिजेंट बॉडी स्ट्रक्चर डिज़ाईन है, जो दुर्घटना की स्थिति में सर्वाधिक सुरक्षा प्रदान करता है। बैसाल्ट ने अपने लॉन्च के बाद से ही कारप्रेमियों और पहली बार कार खरीदने वाले लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया है और प्रतिस्पर्धी बाजार में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। सिट्रोएन इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर, शिशिर मिश्रा ने कहा, ''हमें भारत एनसीएपी से सिट्रोएन बैसाल्ट को 4 स्टार रेटिंग प्राप्त होने पर गर्व है। यह उपलब्धि हमारी डिज़ाईन फिलॉसफी में सुरक्षा को सबसे ज्यादा महत्व देने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। बैसाल्ट में मजबूत सुरक्षा विशेषताओं की मदद से हमारे ग्राहक आत्मविश्वास और सुरक्षा के साथ ड्राईव कर सकते हैं। भारत में कार खरीदने वालों के बीच सुरक्षा के बारे में जागरुकता बढ़ने के साथ अपने ग्राहकों की सुरक्षा को सबसे ज्यादा महत्व देने पर हमें गर्व है।

# सैमसंग इंडिया ने सॉल्व फॉर टुमॉरो 2024 के विजेताओं की घोषणा की




पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

सैमसंग इंडिया ने अपने प्रमुख नेशनल एजुकेशन और इनोवेशन कॉम्पीटिशन सॉल्व फॉर टुमॉरो 2024 के तीसरे संस्करण की विजेता टीमों, इको टेक इनोवेटर और मेटल की घोषणा कर दी है। गोलाघाट, असम की इको टेक इनोवेटर टीम को स्कूल ट्रैक में कम्युनिटी चैम्पियन घोषित किया गया है, जबकि उडिपी, कर्नाटक की मेटल टीम ने यूथ ट्रैक में एनवायरनमेंट चैम्पियन का खिताब जीता है। इस प्रतियोगिता ने बड़े भारतीय शहरों से अलग दूरदराज के इलाकों तक प्रोग्राम की पहुंच को दिखाया है। इको टेक इनोवेटर ने गैर-संदूषित पीने के पानी तक समान पहुंच बनाने के लिए आइडिया विकसित किया, और इसे प्रोटोटाइप को आगे बढ़ाने के लिए 25 लाख रुपये का सीड अनुदान दिया गया है। मेटल ने भूमिगत जल से आर्सेनिक को दूर करने के लिए टेक्नोलॉजी विकसित की, और इसे आईआईटी दिल्ली में इनक्यूबेशन के लिए 50 लाख रुपये का अनुदान मिला है। जेबी पार्क, प्रेसिडेंट एवं सीईओ, सैमसंग साउथवेस्ट एशिया और शोम्बी शार्प, यूनाइटेड नेशंस रेजिडेंट को-ऑर्डिनेटर, भारत ने इन टीमों को सर्टिफिकेट और ट्रॉफियां प्रदान कीं। साथ ही, 'कम्युनिटी चैम्पियन' स्कूल को सैमसंग की ओर से स्मार्ट डिस्प्ले फ्लिप 75, फ्रीस्टाइल प्रोजेक्टर और 10 गैलेक्सी टैब एस10+ जैसे उत्पाद दिए जाएंगे।

# अपने पेमेंट्स को फेस्टिव रिवॉर्ड्स में बदलें

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान उत्सव के जोश के बीच, अमेजन पे यूपीआई ने शॉपिंग इवेंट के पहले 48 घंटों में असाधारण वृद्धि का अनुभव किया है, जिसमें उपयोग में साल-दर-साल 16त्न की रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है। इस गति को बनाए रखने और उत्सव के सीजन के दौरान ग्राहकों को और अधिक मूल्य प्रदान करने के लिए, अमेजन पे ने अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 के हिस्से के रूप में एक विशेष 'बंपर रिवॉर्ड्स' कार्यक्रम लॉन्च किया है। इस रोमांचक पहल के तहत ग्राहक अमेजन पे यूपीआई के जरिए लेन-देन पूरा करके 10,000 रुपये तक के रिवॉर्ड्स कमा सकते हैं, चाहे वह अमेजन.इन पर हो या उसके बाहर। ग्राहक अमेजन पे के बंपर रिवॉर्ड्स को 1वीं, 5वीं, 10वीं और 15वीं यूपीआई लेन-देन पर अनलॉक कर सकते हैं, जिसमें बिल भुगतान, टिकट बुकिंग, स्कैन एंड पे और अन्य कई तरह के उपयोग शामिल हैं। 15 लेन-देन पूरा करके ग्राहक 10,000 रुपये तक के रिवॉर्ड्स कमा सकते हैं, जिससे वे अपने फेस्टिवल खर्चों पर अधिक से अधिक बचत कर सकते हैं। अमेजन पे के पेमेन्ट्स और मर्चेंट सर्विसेज के डायरेक्टर, गिरीश कृष्णन ने इस विशेष कार्यक्रम पर बोलते हुए कहा, इस फेस्टिवल सीज़न में, हर अमेजन.इन ग्राहक अमेजन पे के साथ, हमारी शॉपिंग ऐप पर और उसके बाहर भी रिवॉर्ड्स अनलॉक कर सकता है। हम बंपर रिवॉर्ड्स पेश कर रहे हैं-एक ऐसा अवसर जिसमें ग्राहक अपनी 1वीं, 5वीं, 10वीं और 15वीं यूपीआई लेन-देन के माध्यम से रोमांचक ऑफर कमा सकते हैं। ग्राहक अमेज़न पर खरीदारी कर सकते हैं या अमेजन पे का उपयोग करके बिल भुगतान, पैसे भेजने, स्कैन और पे करने, टिकट बुकिंग आदि कर सकते हैं। 15 लेन-देन के बाद 10,000 रुपये तक के रिवॉर्ड्स कमाने का मौका है, तो खरीदारी करते-करते और भी अधिक रिवॉर्ड्स कमाने का अवसर न गंवाएं। अपने फेस्टिवल शॉपिंग का भरपूर लाभ उठाएं और अमेजन पे के साथ जश्न का हिस्सा बनें। पे करने का स्मार्ट तरीका' कैम्पेन की फिल्में, जिसमें आयुष्मान खुराना हैं, रोजमर्रा के लेन-देन के लिए एक स्मार्ट दृष्टिकोण पर प्रकाश डालती हैं और दिखाती हैं कि ग्राहक इस फेस्टिवल सीजन में यूपीआई पेमेंट के माध्यम से 'बंपर रिवॉर्ड्स' कैसे अनलॉक कर सकते हैं। इसकी क्विक स्कैन फीचर, जिसमें अतिरिक्त सुविधा के लिए ऑटो-टॉर्च भी शामिल है।

# देवी भक्तों ने बाना सांग लेकर मां का लिया आशीर्वाद

पायनियर संवाददाता ✓ सरायपाली
www.dailypioneer.com



नगर सहित अंचल में विराजित माँ दुर्गा की प्रतिमाओं का धूमधाम से विसर्जन किया गया।विसर्जन किया गया। मां शारदा सेवा समिति टावरपारा के भक्तों ने प्रतिमा का विसर्जन के दौरान लोगों ने बाना धारण किया था। यह शहर में एकमात्र दुर्गा उत्सव समिति है, जहां के नवयुवक चेहरे, हाथ, शरीर के कई अंगों में नुकीले लोहे के कील को शरीर में गूंथे थे। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में जहाँ भक्तों ने आस पास के तालाबों व बाँधो में माता का विसर्जन किया, वहीं के दुर्गा प्रतिमाओं को स्थानीय बस्ती सरायपाली तालाब में विसर्जित किया गया। सुबह से लेकर शाम तक विसर्जन का सिलसिला चलता रहा। बाजे-गाजे के साथ मदमस्त होकर भक्तगण नाच गाना करते हुए पंडाल से तालाब तक माता को विदाई दिये। वहीं महिलाएँ भी जवारा लेकर पंक्तिबद्ध होकर विसर्जन जुलूस के सामने चलती रही। नवरात्र प्रारंभ होने के साथ ही नगर सहित ग्रामीण अंचलों में विभिन्न स्थानों पर माता की प्रतिमा विराजित किए गए थे। नवमीं के दिन हवन-पूजन करने के पश्चात कई स्थानों पर भंडारा का भी आयोजन किया गया था, जिसमें अनेक भक्तों ने माता का प्रसाद ग्रहण किया। सुबह से ही दुर्गा विसर्जन के लिए ट्रेक्टरों को सजाया गया था। 9 दिनों तक माता के दरबार में जवारा लगाने वाली महिलाओं ने भोजली गीत के साथ जवारा का भी विसर्जन किया। विसर्जन के लिए विभिन्न दुर्गा समितियों के द्वारा बैण्ड, कर्मा पार्टी आदि बुलाया गया था। उनकी अगुवाई में भक्त गण थिरकते एवं शहर भ्रमण करते हुए बस्ती सरायपाली व अन्य तालाबों में पहुँचे, जहाँ माता की आरती के पश्चात उन्हें अंतिम विदाई देते हुए विसर्जन किया गया।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड दन्तेवाड़ा

(फोन/फैक्स नं.-07856-252362, ई-मेल- eedan-phe-cg@nic.in)

निविदा सूचना क्रं./03/ले.शा./का.अ./लो.स्वा.यां.खण्ड/2024 — दन्तेवाड़ा, दिनांक 04/10/2024

### // मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से जिला दंतेवाड़ा में नलकूप खनन कार्य हेतु मुहरबंद निविदा प्रपत्र ''अ'' में एकीकृत पंजीयन व्यवस्था प्रणाली में डी एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| समूह क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू. लाख में | निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 01 | विकासखण्ड दंतेवाड़ा में 10 नग नलकूप का खनन कार्य। | 9.46 लाख | 22.10.2024 |
| 02 | विकासखण्ड गीदम में 10 नग नलकूप का खनन कार्य। | 9.46 लाख | |
| 03 | विकासखण्ड कटेकल्याण में 10 नग नलकूप का खनन कार्य। | 9.46 लाख | |
| 04 | विकासखण्ड कुआकोण्डा में 10 नग नलकूप का खनन कार्य। | 9.46 लाख | |

**नोट :-** उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में दिनाँक 22.10.2024 तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड**
**दंतेवाड़ा**

G-242503152/3



## कार्यालय नगर पंचायत अड़भार, जिला-सक्ती (छ.ग.)

E-Mail ID : cmoadbhar2@rediffmail.com, cmoadbhar2@gmail.com

क्रं./858/लो.नि.व./न.पं./2024-25 — अड़भार, दिनांक 14/10/2024

### // प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना //

एतद् द्वारा नगर पंचायत अड़भार हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से त्रिलिफाफा पद्धति के माध्यम से वर्तमान में प्रचलित **CGPWD SOR 01.01.2015 (Building/Road), ELECTRIC SOR 01.06.2020** पर प्रतिशत दर (कम/बराबर/अधिक) पर निविदाएँ रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्नानुसार हैः-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय - 23/10/2024 समय 5:00 बजे तक।
2. निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की तिथि - 28/10/2024 समय 5:00 बजे तक।
3. निविदा प्रपत्र दर सहित प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 14/11/2024 समय 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि - 14/11/2024 अपरान्ह 5:00 बजे।

| क्रं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | समय अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति एवं अटल परिसर की स्थापना का कार्य। | NON SOR = 13.60 LACS<br>SOR = 6.35 LACS | 15000.00 | 750.00 | 1 माह | डी श्रेणी एवं ऊपर |

1. निविदा के समस्त दस्तावेज एवं निविदा दर प्रपत्र निविदाकारों से रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही स्वीकार किये जावेगें।
2. निविदा फार्म हेतु निर्धारित शुल्क अलग-अलग कार्यों के लिए डी.डी./निकाय के रसीद के माध्यम से किया जा सकता है।

**टीप :-** निविदा प्रपत्र नियम एवं शर्तें विभागीय वेब साईट http://uad.cg.gov.in पर डाउनलोड एवं प्राप्त की जा सकती है एवं कार्यालयीन दिवस/अवधी में कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखी जा सकती है।

NOTE :- SPECIFICATION ATTACHED IN ESTIMATE

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत, अडभार**

# निकाय चुनाव के लिए रिपोर्ट तैयार करेंगे प्रभारी, प्रत्याशियों के लिए सर्वे होगा

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बैज ने कहा- भाजपा चुनाव टालने का प्रयास कर रही

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने जल्द ही जिला अध्यक्षों को बदले जाने के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि, जहां भी परफॉर्मेंस कमजोर है वहां बदलाव किया जाएगा। उन्होंने निकाय चुनाव को लेकर भी बात की। बैज ने कहा कि, सरकार अपनी स्थिति को देखते हुए चुनावों को टालने का प्रयास कर रही है। अब तक ये भी तय नहीं हुआ है कि चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से होंगे या अप्रत्यक्ष। हमारे पैसे मजबूत मुद्दे हैं जिन्हें लेकर हम जनता के बीच जाएंगे। राजनांदगांव पहुंचे बैज ने कांग्रेस नेताओं से सर्किट हाउस में मुलाकात की। यहां उन्होंने औपचारिक चर्चा ही की। इस दौरान शहर के सभी बड़े नेता यहां मौजूद रहे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने चुनावी तैयारियों को लेकर अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि, प्रत्यक्ष चुनाव हों या अप्रत्यक्ष कांग्रेस इसके लिए तैयार है। हम अपनी तैयारी पहले ही कर चुके हैं। सरकार को इस पर निर्णय लेना है। बैज ने कहा कि, 10 महीने की सरकार अब भी अचेत है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि, विष्णुदेव साय की सरकार फेल हो चुकी है। जनता में जबरदस्त आक्रोश और गुस्सा है। छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में हमने यह देखा है। सरकार अपना चाल, चरित्र और चेहरा नहीं बदल पा रही है। लेकिन ये छत्तीसगढ़ में भगवान राम का चेहरा बदलने जा रहे हैं। भाजपा भगवान के नाम पर कब तक राजनीति करेगी। कभी गौमाता के नाम से, कभी भगवान के राम नाम से... भाजपा सिर्फ भगवान के नाम पर जिंदा है।



### सर्वे में सामने आएंगे प्रत्याशियों के नाम

इस दौरान ही पायनियर से बातचीत करते हुए बैज ने कहा कि, संगठन में बदलाव किए जाने हैं। इससे कितने जिले और कौन प्रभावित होगा यह समय आने पर पता चलेगा। उन्होंने कहा कि, चुनाव को लेकर तैयारियां चल रही हैं। जल्द ही निकायों में प्रभारियों की नियुक्ति कर दी जाएगी। प्रभारी के माध्यम से सारी रिपोर्ट इकट्ठी की जाएगी। इसके लिए सर्वे भी होगा और जो मजबूत प्रत्याशी होगा कांग्रेस उसे मौका जरुर देगी।

### चंद्राकर की गिरफ्तार शिगुफा

दुबई में इंटरपोल द्वारा महादेव सट्टा एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर की गिरफ्तारी पर बैज ने कहा कि, प्रधानमंत्री से लेकर नीचे के संत्री तक ने कांग्रेस पर बहुत ज्यादा आरोप लगाए गए। जबकि हमारी सरकार में ही महादेव सट्टा एप के खिलाफ कार्रवाई शुरु हुई। हमने एफआईआर की, गिरफ्तारियां की। केंद्र सरकार को इस पर प्रतिबंध के लिए पत्र लिखे। प्ले स्टोर से हमने एप को हटवाया। भाजपा बताए कि उन्होंने इस मामले में अब तक कितनी कार्रवाई की। आज सरकार बने हुए 10 महीने हो गए क्या सट्टा एप बंद हुआ... आखिर क्यूं डबल इंजन की सरकार में भी यह कार्रवाई नहीं हो सकी। उन्होंने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि, अगर एप अब भी चल रहा है तो किस-किस को कमीशन जा रहा है। बैज ने कहा कि, चंद्राकर की गिरफ्तारी एक शिगुफा है। सामने चुनाव हैं जिसके चलते ये शिगुफा छोड़ा जा रहा है। इनके पास कोई मुद्दे है नहीं।

# गरबा में बबली व वेशभूषा में विकास हुए पुरुस्कृत





पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नीलकंठ शिव मंदिर समिति द्वारा शारदीय नवरात्रि पर्व के अवसर पर गरबा आयोजित किया गया। पंचमी से लेकर नवमी तक पांच दिवसीय गरबा में बच्चों व महिलाओं ने हिस्सा लेते हुए अपने नृत्य प्रतिभा की प्रस्तुति दी। गरबा के अंतिम दिन नवमी पर कन्या भोज का आयोजन किया गया। समापन दिवस पर समिति द्वारा महिलाओं व बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। उत्कृष्ट वेशभूषा के लिए प्रथम पुरस्कार विकास व नूपुर बरसागडे, द्वितीय पुरस्कार प्रिया गुप्ता व तृतीय पुरस्कार नैना लोढ़ा को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ नृत्य प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार बबली सेन, द्वितीय पुरस्कार हनी पंजवानी व तृतीय पुरस्कार ज्योति गुप्ता को प्रदान किया गया। बच्चों की वेशभूषा में प्रथम पुरस्कार जिया श्रीवास द्वितीय पुरस्कार लक्ष्या राजपूत तृतीय पुरस्कार हर्षिता लोढ़ा को प्रदान किया गया। बच्चों के वर्ग में नृत्य प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार पलक राजपूत, द्वितीय पुरस्कार अनन्या गुप्ता व तृतीय पुरस्कार चंचल राजपूत को प्रदान दिया गया। पुरुस्कार वितरण के क्रम में वरिष्ठ नागरिक सरोज बैस द्वारा भी विशेष पुरस्कार प्रदान करते हुए बच्चों के वर्ग में प्रथम पुरस्कार हनी पंजवानी, द्वितीय पुरस्कार कोसी सेन व तृतीय पुरस्कार अनन्या गुप्ता को प्रदान किया। आयोजन में विशाल सोनी, शशांक खोब्रागढ़े, दयानंद सेन, प्रकाश गुप्ता, वीरेंद्र राजपूत ने सराहनीय सहयोग प्रदान किया।

# रामायण का अभिन्न हिस्सा है छत्तीसगढ़ : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

इस वर्ष राजा दिग्विजय दास विजयादशमी महोत्सव समिति द्वारा कमला कॉलेज ग्राउंड में बड़े धूमधाम से दशहरा उत्सव का आयोजन किया गया। इस उत्सव में पारंपरिक रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ उड़ीसा की मशहूर आतिशबाजी का भी विशेष आकर्षण था। आतिशबाजों ने कई रंग-बिरंगी आतिशबाजियों से आसमान को न सिर्फ रोशन किया, बल्कि सभी का दिल जीत लिया। इस आयोजन में म्यूजिक माफिया बैंड के कलाकारों ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी और श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस वर्ष के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने हिस्सा लिया। वे देर शाम समारोह में पहुंचे और उपस्थित



जनसमूह के साथ रावण दहन का प्रतीकात्मक अनुष्ठान संपन्न किया। आयोजन समिति द्वारा 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का निर्माण किया गया था, जिसे धार्मिक अनुष्ठान के बाद आग के हवाले किया गया। यह दहन अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक माना जाता है। रावण दहन के समय उत्सव में हजारों की संख्या में शहर के नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और उत्साहपूर्वक इस धार्मिक आयोजन का हिस्सा बने। दीपक बैज ने अपने संबोधन में भगवान श्रीराम के आदर्शों और उनके चरित्र पर प्रकाश डालते हुए छत्तीसगढ़ के महत्व का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ भगवान श्रीराम का ननिहाल है और इस भूमि का उनसे एक विशेष जुड़ाव है। उन्होंने यह भी कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हम उस प्रदेश से हैं, जहां भगवान राम का वनवास हुआ और इसी भूमि पर उन्होंने अनेक महत्वपूर्ण लीलाएं संपन्न कीं।

# कलाकारों और जिपं उपाध्यक्ष ने लोगों को किया सायबर फॉड के प्रति सचेत



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

केसीजी सायबर सेल केसीजी पुलिस ने 9 अक्टूबर को राजा फतेह सिंह खेल मैदान में सायबर सेल प्रभारी अनिल शर्मा के नेतृत्व में जनसमूह को सायबर फ्राड के प्रति सचेत किया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ फिल्म स्टॉर प्रकाश अवस्थी और जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह समेत अन्य जन प्रतिनिधियों ने भी पुलिस के अभियान में शामिल होकर लोगों को सायबर ठगों से सतर्क रहने अपील की। मिली जानकारी के अनुसार 5 से 19 अक्टूबर तक केसीजी जिले में शासन के मंशानुरूप केसीजी एसपी त्रिलोक बंसल के निर्देशन पर एएसपी नेहा पांडेय के मार्गदर्शन में समर्थ अभियान के तहत सायबर जागरूता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 9 अक्टूबर को सायबर सेल केसीजी पुलिस द्वारा राजा फतेह सिंह खेल मैदान में सायबर सेल प्रभारी अनिल शर्मा के नेतृत्व में जनसमूह को सायबर फ्राड के प्रति सचेत किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ फिल्म स्टॉर प्रकाश अवस्थी ने सायबर फॉड से सजग रहने की अपील की।

# भाजपा का सदस्यता अभियान एक पखवाड़े और बढ़ा

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिला भारतीय जनता पार्टी की सक्रिय सदस्यता अभियान को लेकर प्रमुख नेताओं की एक बैठक आज दिनांक 14 अक्टूबर को पार्टी कार्यालय में संपन्न हुई, जिसमें प्रदेश भाजपा के महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने सदस्यता अभियान एक पखवाड़े तक और बढ़ाने की घोषणा करते हुये कहा कि पार्टी द्वारा दिये गये लक्ष्य में कुछ कमी रह गई है जिसे पूरा करने के लिये कार्यकर्ताओं को 31 अक्टूबर तक का समय और दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पार्टी का सदस्यता अभियान 15 अक्टूबर तक निर्धारित था, जिसे अब बढ़ा दिया है। संजय श्रीवास्तव ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता अब कमजोर बूथ व कमजोर शक्ति केन्द्रों पर दृष्टि जमाये। ऐसे बूथों व शक्ति केन्द्रों का चयन करें और बढ़े हुये समय का लाभ उठाते हुये ऐसे केन्द्रों में जमीनी मेहनत कर उन्हे




सशक्त बनायें। उन्होंने मंडल स्तर पर सदस्यता अभियान के प्रगति की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। बैठक के प्रारंभ में जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने स्वागत भाषण दिया व सदस्यता अभियान व सक्रिय सदस्यता के लिये कार्यकर्ताओं को जूट जाने का आह्वान किया। बैठक का संचालन जिला भाजपा महामंत्री राजेन्द्र गोलछा व आभार प्रदर्शन दिनेश गांधी ने किया। इस दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, मधुसूदन यादव, संतोष अग्रवाल, गीता घासी साहू, सचिन सिंह बघेल, एमडी ठाकुर, प्रदीप गांधी, दिनेश गांधी, चन्द्रिका डड़सेना, राजेश श्यामकर, आलोक बिंदल, रवि सिन्हा, आभा तिवारी, विनोद खाण्डेकर, सावन वर्मा, आलोक श्रोती, रविन्द्र वैष्णव, कोमल सिंह राजपूत, लीलाधर साहू, कैलाश शर्मा, किशुन यदु, गिन्नी चावला, रघुवीर वाधवा, अतुल रायजादा, शिव वर्मा, किरण साहू, रोहित चन्द्राकर, जागेश्वर साहू, अमित जैन, रामकुमार गुप्ता, बोधीराम साहू, बोधन साहू, मोनू बहादुर सिंह, जैनकुमार मेश्राम, बलवंत साहू, रविन्द्र रामटेके, जयंत मेश्राम, हकीम खान, राजेश अग्रवाल, हर्ष रामटेके, गोलु गुप्ता, दादू सोनकर, संतोष गुप्ता, महेन्द्र पटेल, अशोकादित्य श्रीवास्तव, मनोज साहू, कृष्णा तिवारी, इरफान शेख, गुलाब वर्मा, राकेश ठाकुर, मनोज सिन्हा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व नेता उपस्थित थे।

# आज डॉ. रमन सिंह आएंगे, धूम-धाम से जन्मदिन मनाने की तैयारी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष व स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह का 15 अक्टूबर को जन्मदिन है इसे लेकर शहर के नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं व पार्टी कार्यकर्ताओं में बेहद उत्साह है, इस दिन को यादगार बनाने के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये है, जिसमें डॉ. रमन सिंह दोपहर से देर रात तक सक्रिय रहने वाले हैं।

डॉ. सिंह सुबह 11 बजे रायपुर से प्रस्थान कर दोपहर 12.20 बजे सीआरसी. सेंटर ठाकुरटोला पहुचेंगे जहां ट्राईसिकल के वितरण का कार्यक्रम है। इसके पश्चात वे दोपहर 1 बजे निवास जीई रोड आकर प्रधानमंत्री आवास व पोठ लईका हितग्राहियों से मुलाकात करेंगे फिर दोपहर 02 बजे कैलाश नगर स्थित पुखराज कांकरिया के निवास स्थान जायेंगे फिर उसके बाद शाम 06 बजे आजाद चौक में जन्मदिन के सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे फिर वे रात्रि 08.30 बजे म्यूनिस्पल स्कूल मैदान में आयोजित कवि सम्मेलन का लुत्फ उठायेंगे।

# मेढ़ा में नवीन शाखा भवन का लोकार्पण



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव के शाखा मेढा के नवीन शाखा भवन का लोकार्पण सचिन सिंह बघेल अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव के मुख्य अतिथ्य में एवं शशिकांत द्विवेदी वरिष्ठ संचालक सदस्य जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव की अध्यक्षता में 10 अक्टूबर को ग्राम मेढ़ा में किया गया। कार्यक्रम में बैंक के सभी संचालक सदस्य एवं लालबहादुर नगर के मंडल अध्यक्ष बोधीलाल साहू एवं पार्टी के सदस्य गिरवर साहू, चंद्रकुमार देवागंन बुनकर सहकारी समिति मेढा एवं भाजपा मंडल लालबहादुर नगर के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री आज जिले के प्रवास पर



**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय 16 अक्टूबर 2024 को राजनांदगांव प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय 16 अक्टूबर को दोपहर 3.10 बजे बस्तर जिले से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर शाम 4.10 बजे पीटीएस हेलीपेड राजनांदगांव पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री शाम 4.15 बजे से शाम 4.30 बजे तक पुलिस लाईन राजनांदगांव में उत्कृष्ट खिलाडियों से भेंट करेंगे। वे शाम 4.30 बजे पुलिस लाईन राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 4.40 बजे सर्किट हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे। शाम 4.40 बजे से शाम 7.5 बजे तक का समय आरक्षित रहेंगा। मुख्यमंत्री शाम 7.5 बजे सर्किट हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 7.15 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे। शाम 7.15 बजे से रात्रि 8.15 बजे तक का समय आरक्षित रहेगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय रात्रि 8.15 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर रात्रि 8.30 बजे म्युनिसिपल स्कूल प्रांगण राजनांदगांव में आयोजित कवि सम्मेलन में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री रात्रि 10 बजे म्युनिसिपल स्कूल प्रांगण राजनांदगांव से कार द्वारा मुख्यमंत्री निवास रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# कोरचा में आओ बहन चुप्पी तोड़े थीम के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

नक्सल प्रभावित कोराचा गांव में आओ बहन चुप्पी तोड़ें थीम के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। माहवारी स्वच्छता प्रबंधन हेतु किशोरियों, महिलाओं को जागरूक किया गया, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत जागरूकता रैली भी निकाली गई। इंडस एक्शन जन कल्याण सामाजिक संस्था के पदाधिकारी हरीश कुमार व देवेंद्र धुर्वे ने उकताशय के संबंध में जानकारी दी कि कार्यक्रम के दौरान गांव की किशोरी बालिकाओं, महिलाओं के साथ माहवारी स्वच्छता प्रबंधन को लेकर विचार-विमर्श हुआ। तथा स्वच्छता प्रबंधन को लेकर संस्था द्वारा उन्हें विभिन्न जानकारियों के माध्यम से जागरूक किया गया। गांव में जागरूकता रैली भी निकाली गई तथा गांव में भ्रमण कर ग्रामीणों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर जागरूक किया गया। इस दरमियान शासन-प्रशासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई।

## लोक कलामंच स्वरधारा की होगी प्रस्तुति

# मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ में बांटा जाएगा जड़ी बुटी युक्त खीर का प्रसाद

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मानव सेवा व जनकल्याण के लिए अंचल सहित देशभर में पहचान बना चुकी बर्फानी सेवाश्रम समिति द्वारा अपने आशीर्वादक राष्ट्रीय संत श्री श्री 1011 योगाधिराज ब्रम्हर्षि बर्फानी दादा जी के आशीर्वाद से संस्था द्वारा संचालित गर्भगृह में विराजमान मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दश महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ बर्फानी आश्रम परिसर में शरद पूर्णिमा 16 अक्टूबर बुधवार की रात्रि में मनाई जाएगी। इस अवसर पर स्वांस, दमा व अस्थमा पीड़ितों को जड़ी बुटीयुक्त खीर प्रसाद का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। इसके अलावा छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोक कलामंच स्वरधारा की भी प्रस्तुति रात्रि में होगी। संस्था के सचिव



गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू' ने बताया कि सारे देश में मनाए जाने वाले मां भगवती के साधना व भक्ति का महापर्व शारदीय क्वांर नवरात्रि पर्व बर्फानी आश्रम स्थित मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दश महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ में संपन्न होने के बाद संस्था द्वारा मानव एवं जनकल्याण के तहत स्वांस, दमा व अस्थमा पीड़ितों को पिछले 27 वर्षों से दुर्लभ जड़ी बुटियां एकत्रित कर पौराणिक मान्यताओं अनुसार जड़ी बुटी युक्त खीर प्रसादी तैयार कर स्वांस, दमा व अस्थमा पीड़ितों को ब्रम्हमुहूर्त में वितरीत की जाती है। इस वर्ष भी संस्था द्वारा लगभग 30 हजार से भी अधिक पीड़ितों के लिए खीर प्रसाद तैयार करवाया जा रहा है। जिसे शरद पूर्णिमा की रात्रि चन्द्रकला से प्राप्त होने वाली अमृतरूपी प्रसाद तैयार कर श्रद्धालुओं को निःशुल्क वितरीत किया जाएगा। इसके लिए संस्था ने व्यापक पैमाने पर तैयारी प्रारंभ कर दी है। वहीं पीड़ितों से पंजीयन कराने की अपेक्षा की है। पीड़ित प्रसाद ग्रहण करने से 6 घंटा पूर्व व पश्चात न सोये। संस्था द्वारा लोक कलाकारों को प्रोत्साहित करने की दृष्टिकोण से प्रतिवर्ष विलुप्त होती व मनोरंजन के भरपूर रहने वाली नाचा पद्धति के अलावा लोक कलामंच व लोक कलाकारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस वर्ष भी संस्कारधानी के लोक कलाकार विष्णु कश्यप द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोक कलामंच स्वरधारा के कलाकारों द्वारा कर्मा, ददरिया, सुवा, जस व पारंपरिक गीत व नृत्य के अलावा हास्य व्यंग्य प्रहसन प्रस्तुत किया जाएगा। संस्था ने आयोजन को लेकर जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व नगर निगम से भी सहयोग मांगा है। इस आयोजन को लेकर संस्था के अध्यक्ष राजेश मारु, उपाध्यक्ष दीपक जोशी, सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू', कोषाध्यक्ष नीलम जैन, महंत गोविंद दास, श्रीगुरुचरण सिंह छाबड़ा, महेन्द्र लुनिया, दामोदर अग्रवाल, कमलेश सिमनकर, संतोष खंडेलवाल, सूरज जोशी, आलोक जोशी, लीलाधर सिंह, कुलबीर छाबड़ा, संजय खंडेलवाल, योगेन्द्र पांडे, मनीष परमार सहित अन्य सदस्यगण तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हैं।

# शहनाज अख्तर का डोंगरगांव नगर में लाईव कंसर्ट

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



देश में ख्यातिलब्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर का नगर में लाईव कंसर्ट होने जा रहा है। आगामी 16 अक्टूबर बुधवार को शरद पूर्णिमा के अवसर पर डोंगरगांव नगर में सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देंगी। उक्त आयोजन शरद पूर्णिमा की रात्रि में नगर के कालेज मैदान में होगा। शहनाज के कंसर्ट के लिए विशाल शेड तैयार किया जा रहा है। इस संदर्भ में आयोजन समिति ने बताया कि नगर में कोविडकाल के बाद से कोई भी बड़ा भजनसंध्या और जगराता का आयोजन नही हो पाया है। इसी के मद्देनजर महाकाल फेम शहनाज अख्तर का लाईव कंसर्ट होने जा रहा है। आयोजन समिति के द्वारा विशाल मंच के साथ ही दर्शकों और श्रोताओं के विशेष दर्शक दीर्घा का निर्माण किया जा रहा है। उक्त आयोजन के लिए पुलिस व प्रशासन की भी व्यापक मोर्चेबंद होगी।


### आज डोंगरगढ़ आएंगे मोहन मरकाम

**राजनांदगांव।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मोहन मरकाम कल 15 अक्टूबर को जिले के संक्षिप्त दौरे में रहेंगे। वह कोंडागांव से आज सुबह सडक़ मार्ग से राजनांदगांव होते हुए टेड़ेसरा जाएंगे। तत्पश्चात दोपहर बाद डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी का दर्शन करेंगे। मिली जानकारी के मुताबिक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मरकाम कल मंगलवार को कोंडागांव से पुरूर-बालोद होकर राजनांदगांव पहुंचेंगे। वह टेडेसरा में जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू की माता के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होंगे। तत्पश्चात दोपहर करीब 2 बजे मरकाम कोंडागांव के लिए रवाना होंगे। वापसी से पूर्व मरकाम स्थानीय कांग्रेसी नेताओं से भेंट करेंगे। बताया जा रहा है कि कुछ देर के लिए स्थानीय सर्किट हाउस पहुंचेंगे। यहां स्थानीय कांग्रेसी नेता मरकाम का स्वागत कर मुलाकात करेंगे।



# महिला सशक्तिकरण मेरे दिल के बहुत करीबः मानुषी छिल्लर

हाल ही में जयपुर में आयोजित एक इवेंट में मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर ने भाग लिया। इस इवेंट को इंडियन रैवेन्यू सर्विस ( आईआरएस ) की वीमेन विंग, आईआरएसएलए द्वारा आयोजित किया गया था। इवेंट में उन्होंने महिला आईआरएस अधिकारियों को संबोधित करते हुए महिला सशक्तिकरण और जीवन लक्ष्यों के निर्धारण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि एक महिला की सफलता में परिवार की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण होती है। मीडिया से बातचीत करते हुए मानुषी ने कहा, 'महिला सशक्तिकरण मेरे दिल के बहुत करीब है। मुझे नहीं लगता कि ऐसा कुछ है जो एक महिला नहीं कर सकती, लेकिन उन्हें बस सही दिशा और सही प्लेटफॉर्म की ज़रूरत है। मैं यहाँ आकर खुश हूं। मैं आज हमारे देश में इतनी सारी महिला अधिकारियों को देखकर बहुत खुश हूँ। मुझे उम्मीद है कि लोग मुझे देखेंगे और प्रेरित होंगे कि वे सही तरह के सपोर्ट के साथ कुछ भी कर सकते हैं।' इवेंट में कई प्रमुख हस्तियाँ उपस्थित थीं, जिनमें मीनाक्षी रंगा, रेणु अमिताभ, महेंद्र रंगा, राजेश ढींगरा और सीके जैन शामिल थे। बता दें कि मानुषी छिल्लर हमेशा महिला सशक्तिकरण की हिमायत करती रही हैं। उन्होंने अपने सीएसआर प्रोजेक्ट 'शक्ति' के माध्यम से मेंस्ट्रुअल हाइजीन एजुकेशन और एक्सेसिबिलिटी के लिए एक महत्वपूर्ण मूवमेंट शुरू किया, जिसने अनगिनत महिलाओं के जीवन को प्रभावित किया है। इसके अलावा, वह खूबसूरती को अच्छाई के लिए एक शक्ति के रूप में उपयोग करने की अपनी विरासत को आगे बढ़ा रही हैं। ब्यूटी क्वीन से एक्ट्रेस बनी मानुषी अपने आगामी प्रोजेक्ट्स से भी दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार है। वह जॉन अब्राहम के साथ फिल्म 'तेहरान' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। हाल ही में, उन्हें एक प्रतिष्ठित इवेंट में ट्रेलब्लेजिंग स्टार ऑफ़ द ईयर अवार्ड से भी सम्मानित किया गया।



# सिंगर अरमान मलिक लगातार तीसरी बार हुए नॉमिनेट

बालीवुड के मशहूर गायक-गीतकार अरमान मलिक को पुन-एमटीवी यूरोप म्यूजिक अवॉर्ड्स में नॉमिनेट किया गया है। अरमान मलिक का यह लगातार तीसरी बार नॉमिनेशन है, और उन्हें बेस्ट इंडिया सिंगल एक्ट की श्रेणी में उनके सॉन्ग ऑलवेज के लिए नामांकित किया गया है। इस श्रेणी में उन्हें ब्रिटिश गायक-गीतकार कैलम स्कॉट के साथ प्रतिस्पर्धा करनी है। इस नॉमिनेशन पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए, अरमान ने कहा, एमटीवी यूरोप म्यूजिक अवार्ड्स के बेस्ट इंडिया एक्ट के लिए एक बार फिर नॉमिनेट होना मेरे लिए बहुत खास है। इससे पहले दो बार यह सम्मान जीतने के बाद लगातार तीसरा नॉमिनेशन पाना विशेष रूप से अच्छा है। एक भारतीय कलाकार के रूप में इस तरह के प्रतिष्ठित वैश्विक मंच पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करना विनम्र और वास्तविक है। मेरे साथ कई बेहतरीन कलाकार हैं और मैं सभी को शुभकामनाएं देता हूं। अब, यह प्रशंसकों और एमटीवी ईएमए मतदाताओं के लिए है। अरमान मलिक के लिए यह तीसरी बार है, जब उन्होंने पिछले चार वर्षों में इस पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया है। इससे पहले, उन्होंने 2020 में अपने डेब्यू इंग्लिश सिंगल कंट्रोल और 2022 में अपने इंग्लिश सिंगल यू के लिए बेस्ट इंडिया एक्ट में एमटीवी यूरोप म्यूजिक अवॉर्ड जीता था। अरमान मलिक हमेशा अपनी गायकी में बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने बेस्ट पॉप डुओ या ग्रुप परफॉरमेंस, सॉन्ग ऑफ द ईयर और रिकॉर्ड ऑफ द ईयर जैसी तीन श्रेणियों में ट्रैक भी प्रस्तुत किए हैं।



# मोस्ट पॉपुलर फादर का खिताब मिला आर माधवन को

अभिनेता आर माधवन को हिंदी सिनेमा में मोस्ट पॉपुलर फादर का खिताब मिला है। यह सर्वे पिछले महीने देश के 10 राज्यों में किया गया था, और माधवन को सबसे प्रभावशाली पिता के रूप में पहचाना गया है। दर्शकों के बीच उनकी इस छवि को और भी मज़बूत बनाने वाली बात यह है कि माधवन अपने बेटे वेदांत के सपने को साकार करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। वेदांत, जो एक इंटरनेशनल स्विमर हैं, ने हाल ही में 48वीं जूनियर नेशनल एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में 4 गोल्ड और 3 सिल्वर मेडल जीते, साथ ही मलेशियन ओपन में भारत के लिए 5 गोल्ड मेडल भी जीते। ओलंपिक की तैयारी में मदद के लिए माधवन और उनकी पत्नी दुबई गए थे। माधवन ने हाल ही में अपने पान मसाला ब्रांड को एंडोर्स करने के प्रस्ताव को ठुकराया, जिससे उनके सिद्धांतों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की पुष्टि हुई। इस निर्णय ने उनकी प्रतिष्ठा को एक जागरूक और जिम्मेदार सार्वजनिक व्यक्ति के रूप में मजबूत किया है, यह दर्शाते हुए कि वह युवाओं को गलत संदेश देने से बचना चाहते हैं। काम के मोर्चे पर, माधवन के पास कई रोमांचक फिल्में हैं, जो उनके अभिनय कौशल को फिर से प्रदर्शित करने के लिए तैयार हैं। वह 2024 में ब्लॉकबस्टर फिल्म शैतान के साथ शुरुआत करेंगे, और इसके बाद ब्रिज, धुरंधर, दे दे प्यार दे 2 और शकरन की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इसके अलावा, वह टेस्ट और अधीरस्साली जैसे तमिल प्रोजेक्ट्स में भी नजर आएंगे। आर माधवन का यह सफर उन्हें दर्शकों के दिलों में और भी खास बनाता है, और उनके आगामी प्रोजेक्ट्स का इंतजार फैन्स बेसब्री से कर रहे हैं। बता दें कि आर माधवन अपनी ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन शख्सियत के लिए उतने ही प्रसिद्ध हैं। उनके शानदार फ़िल्मोग्राफी और लगातार सफलताओं ने उन्हें हिंदी सिनेमा में एक महत्वपूर्ण अभिनेता का दर्जा दिलाया है।

# सलमान खान ने रद्द की 'बिग बॉस 18' की शूटिंग

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने राजनेता बाबा सिद्दीकी की हत्या की खबर के बाद अपने रियलिटी शो 'बिग बॉस 18' की शूटिंग रद्द कर दी है। एनसीपी, अजित पवार गुट के नेता बाबा सिद्दीकी की शनिवार रात गोली मार कर हत्या कर दी गई। गोलीबारी की घटना बाबा के बेटे जीशान के कार्यालय के बाहर हुई। जीशान का ऑफिस बांद्रा इलाके के निर्मल नगर स्थित कोलगेट मैदान के पास है। खबरों के मुताबिक, सलमान ने शनिवार को 'बिग बॉस' की शूटिंग रद्द कर दी और अपने शो के सेट से मुंबई के लीलावती अस्पताल पहुंचे इस बीच, हत्या के बाद सलमान खान के आवास के बाहर सिक्युरिटी बढ़ा दी गई है। घर के बाहर किसी को ठहरने की इजाजत भी नहीं दी गई है। बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त भी दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बारे में सुनने के बाद शनिवार की देर रात लीलावती अस्पताल पहुंचे। सलमान और बाबा सिद्दीकी करीबी दोस्त थे क्योंकि राजनेता उसी निर्वाचन क्षेत्र से आते थे जहां सलमान रहते हैं। बाबा सिद्दीकी की इफ्तार पार्टी को हाई-प्रोफाइल कार्यक्रमों में से एक माना जाता था। इसमें फिल्म जगत के नामचीन लोग शामिल होते थे। 2013 में बाबा सिद्दीकी की इफ्तार पार्टी ने बॉलीवुड के दो सुपरस्टार सलमान खान और शाहरुख खान के बीच लंबे समय से चले आ रहे झगड़े को खत्म किया गया था। सालों तक चले इस झगड़े ने पूरे बॉलीवुड को दो खेमों में बांट दिया था। बाबा सिद्दीकी की पार्टी में दोनों ने गले मिलकर एक-दूसरे को बधाई दी थी, जिससे इंडस्ट्री में राहत की सांस ली थी और दोनों खेमों के बीच आपसी सहयोग को बढ़ावा मिला था। पुलिस विभाग के सूत्रों के अनुसार एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की बर्खास्तगी से जुड़े दो लोगों को हिरासत में लिया गया है।




# रजनीकांत की फिल्म 'वेट्टैयन' ने पहले वीकेंड पर 81 करोड़ की कमाई की

दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की फिल्म 'वेट्टैयन' ने अपने पहले वीकेंड में तीन दिनों में भारतीय बाजार में 81 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। टीजे ज्ञानवेल के निर्देशन में बनी फिल्म 'वेट्टैयन' में रजनीकांत की मुख्य भूमिका है इस फिल्म में अमिताभ बच्चन की भी अहम भूमिका है। अमिताभ और रजनीकांत ने अंधा कानून, गिरफ्तार और हम जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। यह जोड़ी 33 साल के बाद साथ नजर आयी है। इस फिल्म को फैंस का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार 'वेट्टैयन' ने रिलीज के पहले दिन 31.7 करोड़, दूसरे दिन 24 करोड़ और तीसरे दिन 26.1 करोड़ रुपये की कमाई की है। इस इस फिल्म ने भारतीय बाजार में 81 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। लाइका प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत और अमिताभ बच्चन के अलावा राणा दग्गुबाती, फहद फाजिल, मंजू वारियर, दुशारा विजयन, रितिका सिंह, जीएम सुंदर, रोहिणी, राव रमेश, रमेश थिलक, रक्षण और अन्य सितारे शामिल हैं। इस फिल्म में संगीत अनिरुद्ध रविचंदर का है।



# भूल भुलैया 3 के ट्रेलर ने कमाल की हलचल मचाई

बालीवुड फिल्म भूल भुलैया 3 के ट्रेलर ने कमाल की हलचल मचाई है। इसके ट्रेलर को मात्र 24 घंटे में 155 मिलियन से ज्यादा बार देखा गया है, जिससे यह अब तक का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला ट्रेलर बन गया है। फिल्म का नया ट्रेलर दर्शकों को चौंका देने में सफल रहा है, और यह साबित कर दिया है कि यह फिल्म इस साल की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है। डायरेक्टर अनीश बज्मी ने फिल्म के लिए दो अलग-अलग एंडिंग शूट की हैं, और कास्ट को खुद नहीं पता कि कौन सी एंडिंग का चयन किया जाएगा। एक हालिया इंटरव्यू में अनीश ने कहा, लोग सरप्राइज हो जाएंगे और सोचेंगे, ओ माय गॉड! हमने एक अच्छी और खूबसूरत फिल्म बनाने की कोशिश की है। ट्रेलर में कार्तिक आर्यन को रूह बाबा के रूप में वापस दिखाया गया है, जिसमें विद्या बालन भी ओजी मंजुलिका के रूप में शामिल हैं। फिल्म की कास्ट में त्रिप्ति डिमरी, माधुरी दीक्षित, राजपाल यादव और अन्य कलाकार भी हैं। अनीश ने बताया कि कास्ट ने केवल प्री-क्लाइमेक्स तक ही फिल्म देखी है, और असल एंडिंग के बारे में केवल वे और टीम के तीन अन्य सदस्य जानते हैं। अनीश बज्मी ने स्क्रिप्ट के आखिरी 15 पन्ने भी एक्टर्स को नहीं दिए, ताकि रहस्य बनाए रखा जा सके। उन्होंने बताया कि दोनों एंडिंग को शूट करते समय केवल क्रू के एक छोटे ग्रुप को ही सेट पर रहने की इजाजत दी गई थी। यह फिल्म अनीश बज्मी द्वारा निर्देशित और भूषण कुमार द्वारा प्रोड्यूस की गई है, और यह बॉलीवुड की पसंदीदा हॉरर-कॉमेडी सीरीज की विरासत को आगे बढ़ाने का काम करेगी। दर्शक इस हॉरर और ह्यूमर से भरी फिल्म के लिए तैयार हो जाएं, क्योंकि भूल भुलैया 3 इस दिवाली, 1 नवंबर 2024 को रिलीज होने के लिए तैयार है। और भी रोमांचक अपडेट के लिए जुड़े रहें। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन फिर से रूह बाबा का किरदार निभाएंगे, जबकि विद्या बालन और माधुरी दीक्षित भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में होंगी।



# श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस ने एमबीबीएस बैच 2024-25 के लिए फाउंडेशन कोर्स आयोजित किया




**रायपुर।** श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस ने अपने नए एमबीबीएस बैच 2024-25 के लिए एक फाउंडेशन कोर्स का आयोजन किया। यह कार्यक्रम 14 अक्टूबर सोमवार को आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों को चिकित्सा शिक्षा के सफर की शुरुआत में आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करना था। आयोजन में इंस्टीट्यूट के चेयरमेन डॉ. देवेंद्र नायक, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. नीता नायक, डॉयरेक्टर सीए नितिन पटेल, कॉलेज के डीन डॉ. माणिक चटर्जी समेत काफी संख्या में अध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

# बालको एवं बिहान के संयुक्त प्रयास से महिलाएं बन रही हैं आत्मनिर्भर

पायनियर संवाददाता ◂ बालकोनगर
www.dailypioneer.com




कोरबा कलेक्ट्रेट में मुख्य अतिथि रीना अजय जायसवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष, कोरबा और चिराग ठक्कर जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने टी एवं कॉफी आउटलेट 'उनाटी' का उद्घाटन किया। छत्तीसगढ़ में संचालित ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के सहयोग से बालको की उन्नति परियोजना के माइक्रो एंटरप्राइज 'उनाटी' के स्टॉल की शुरूआत की गई। स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाएं कलेक्ट्रेट में विभिन्न फ्लेवर की चाय, कॉफी और नाश्ता बेचेंगी। बिहान और बालको द्वारा एसएचजी महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उनके बेहतर जीवनशैली को सुनिश्चित करने की दिशा में यह एक मजबूत कदम है।

कलेक्ट्रेट परिसर में उन्नति परियोजना के अंतर्गत आउटलेट 'उनाटी' को ग्राम नकटीखार की मातृ भूमि स्व सहायता समूह द्वारा संचालित किया जाएगा। यहां जसपूर एवं बस्तर से उत्पादित चाय तथा कॉफी के विभिन्न फ्लेवर के साथ छत्तीसगढ़ी पारंपरिक कलेवा का स्वाद भी ग्राहक ले सकेंगे। उन्नति परियोजन के छत्तीसा माइक्रो एंटरप्राइज द्वारा निर्मित सलोनी, खाजा और चॉकलेट भी यहां पर विक्रय हेतु उपलब्ध रहेंगे। महिलाओं के द्वारा संचालित इस उद्यम का उद्देश्य ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देना है, इसीलिए बालको एवं बिहान मंच के संयुक्त प्रयास से ऐसे अन्य उद्यम इकाइयों की स्थापना और प्रोत्साहन की योजना है।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने उन्नति परियोजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग से हम समुदाय में सकारात्मक बदलाव के लिए कटिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बने तथा समाज में अपनी स्वतंत्र पहचान स्थापित करें। कुमार ने कहा कि महिलाएं अपने परिवार, समाज और देश को बुलंदियों पर ले जाने में अपना योगदान दे रही हैं। चिराग ठक्कर जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने एसएचजी महिलाओं को संबोधित किया और बिहान कार्यक्रम की ओर से सक्रिय सहभागिता के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि यह सूक्ष्म उद्यम महिलाओं के स्वावलम्बन और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास है। छत्तीसगढ़ में मिशन बिहान एक महत्वाकांक्षी योजना हैं जो एसएचजी महिलाओं को रोजगार के लिए एक निश्चित प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है। जहां वो अपने निर्मित सामग्रियों को आसानी से बिक्री कर सकें। 'उनाटी' प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली नकटीखार की रामबाई 'मातृ भूमि' स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं। बालको के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि बालको के सहयोग से आज मैं खुद के पैरों पर खड़ी हूं। आर्थिक आत्मनिर्भरता ने मुझे एक नया आत्मविश्वास दिया है। अब मैं घर के खर्च में भागीदारी निभाने में सक्षम हूं। बालको की उन्नति परियोजना एसएचजी की महिलाओं के लिए लक्षित कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करती है। 'छत्तीसा' के अंतर्गत एसएचजी महिलाओं को पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाना का प्रशिक्षण दिये गए हैं। उन्नति परियोजना सामुदायिक और सामाजिक सेवाओं के लिए समर्पित एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) जीपीआर स्ट्रेटजीज एंड सॉल्यूशंस (जीपीआरएसएस) के साथ साझेदारी से चल रही है। जीपीआरएसएस के सहयोग से महिलाओं को अनेक गतिविधियों से जोड़ा गया है जिससे उन्हें आजीविका प्राप्त करने और खुद के पैरों पर खड़े होने में मदद मिली है। कोरबा के 45 शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 531 स्वयं सहायता समूहों की लगभग 5768 महिलाओं को विभिन्न कार्यक्रमों से लाभ मिल रहा है।

# गांव-कस्बे में नशे के खिलाफ चलेगा एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि गांव-कस्बे में आम नागरिकों को नशे से रोकने जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। नशे के खिलाफ एक युद्ध नशे के विरूद्ध अभियान भी चलाया जाएगा। स्कूल, कॉलेज एवं अन्य स्थानों जिला प्रशासन की टीम नशे के विरूद्ध जागरूक करेगी। साथ ही शपथ भी दिलाए जाएंगे। कलेक्टर ने कहा कि स्कूली-छात्राओं के जाति और मूल निवास प्रमाण पत्र बनाने का कार्य गंभीरता से की जाएं।

इस कार्य में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। प्रत्येक स्कूलों में बच्चों के महत्वपूर्ण सर्टिफिकेट तत्काल बनाए जाएं। जिससे बच्चों के परिजनों को भी तत्काल राहत मिले। इसके अलावा आरबीसी 6-4 के प्रकरणों में जल्द से जल्द प्रक्रिया पूर्ण कर सहायता राशि दिलाई जाएं। कलेक्टर डॉ. सिंह ने जिले के सभी निकायों को राशन कार्डधारियों को ई-केवाईसी शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए है।

# अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता उद्घाटन में शामिल होंगे भारतीय टी-20 क्रिकेट के कप्तान सूर्य कुमार यादव

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी रायपुर में 16 से 20 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता की तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। कार्यक्रम के उद्घाटन में भारतीय टी-20 क्रिकेट टीम के कप्तान और युवाओं में स्काई के नाम मशहूर क्रिकेटर सूर्य कुमार यादव शामिल होंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन राजधानी के कोटा स्थित स्टेडियम में होगा। सोशल मीडिया में जारी हुए वीडियो में क्रिकेटर यादव ने बताया कि वे इस कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने आयोजन समिति को इसके लिए अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उल्लेखनीय है कि इस वृहद आयोजन के समापन समारोह में ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर भी शामिल होंगी।









सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403